CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, शनिवार 6 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 22 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिले: राष्ट्रपति मुर्मू** पेज 2




**भारतीय जर्सी को स्पॉन्सर करना अब और महंगा** खेल टाइम्स



**सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज'** सम्पादकीय



**रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने को तैयार** पेज 2

# मां नंदा-सुनंदा की विदाई को उमड़ा आस्था का सागर

अफजल 'फौजी'

**नैनीताल।** मां नंदा सुनंदा महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को मां नैना देवी मंदिर से डोला तय समय के अनुसार धार्मिक ध्वज के साथ 12:00 बजे निकाला गया।

इस दौरान मंदिर परिसर व क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा, वहीं हजारों की संख्या में भक्तों ने मां को विदा करने को लेकर डोले में शामिल हुए और डोला नैना देवी मंदिर से प्रारंभ होकर आर्य समाज में पूजा-अर्चना के बाद मल्लीताल बाजार से पंत पार्क, लोअर माल रोड से तल्लीताल बाजार वैष्णव देवी मंदिर में पूजा के बाद नया बाजार पिछाड़ी बाजार होते हुए वापस बड़ा बाजार चीना बाबा मंदिर होते हुए ठंडी सड़क में विसर्जन किया गया। भक्त मां को नाच गाकर और मां के जयकारों के साथ विदा कर रहे थे। डोला भ्रमण



### बैंडों के बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी

मां नंदा देवी महोत्सव में नगर के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से बैंड द्वारा बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई, भक्त झूमते नजर आए एवं करतब दिखाया गया। वही मां नंदा देवी महोत्सव का सीधा प्रसारण ताल चैनल व यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया।

अलग-अलग शहरों से आए बैंड बाजों व छोला नृत्य के ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया और पूरा शहर मां के जयकारों से गूंज रहा था। प्रात: से ही मां के भक्त मंदिर में पहुंच रहे थे और पूरा मंदिर परिसर मेला क्षेत्र में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। मां को विदा करने नैनीताल के अलावा -शेष पृष्ठ दो पर

### चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे

एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा ने बताया मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान नगर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस बल की तैनाती हर प्रमुख स्थल पर की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। फायर व पुलिस के वाहन भी भीड़ के साथ ही चल रहें है। नैनी झील में सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की टीम तैनात की हुई है। पूरे मेले को पुलिस अपने संचालन में नियंत्रण कर रही है। ड्रोन के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

### मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत

नंदा देवी महोत्सव के तहत तल्लीताल टोल टैक्स पर मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पारंपरिक ढोल-दमाऊं की थाप पर जयकारों के साथ स्वागत किया। नगर का माहौल धार्मिक उत्साह और आस्था से सराबोर हो उठा।

### उमड़ी भीड़ से बसों में सफर करना हुआ मुश्किल

नंदा देवी महोत्सव के दौरान दूर दराज से नैनीताल मां के दर्शन करने आए भक्तों को वापस जाने के लिए बसों में सफर करना मुश्किल हुआ। बसों में बैठने के लोग खिड़कियों से चढ़ने लगे।

# सीडीएस चौहान ने बताया ऑपरेशन सिंदूर का सीक्रेट

गोरखपुर, वार्ता

- **कहा: बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे**

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे।

भारत ने जहां लंबी दूरी तक मार करने वाले प्रिंसिजन हथियार और हमले के बाद नुकसान का आकलन करने की क्षमता पर ध्यान दिया, वहीं पाकिस्तान ने संभवत: अपनी एयर डिफेंस प्रणाली को मजबूत करने पर फोकस किया। जनरल चौहान ने याद दिलाया कि 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना ने जमीनी रास्ते से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के कैंप तबाह किए। 2019 पुलवामा हमले के बाद भारतीय वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा में एयरस्ट्राइक की थी। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के पास पहले से ही और बेहतर प्रिंसिजन स्ट्राइक क्षमता मौजूद थी।जब राजनीतिक नेतृत्व से चर्चा हुई तो यह साफ हो गया कि सिर्फ ड्रोन और लोटरिंग म्यूनिशन से लक्ष्य हासिल नहीं होगा। बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने सेना को साफ निर्देश दिए थे कि आतंकी ठिकाने नष्ट करने हैं।

### नौ लाख शिक्षकों को योगी का तोहफा, मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोकभवन में इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं।

### मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने शहर भर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है।

### भारत-अमेरिका से लेगा 5वीं जनरेशन के विमान इंजन

**नई दिल्ली।** टैरिफ वॉर की तल्खी के बीच भारत की विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच जेट इंजन को लेकर कई रक्षा सौदे फाइनल स्टेज में हैं। एचएएल सूत्रों के मुताबिक सबसे बड़ा सौदा जेट जीई 414 इंजन का होने जा रहा है। यह इंजन भारत के 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान एम्का में लगेगा।

# मोदी की कूटनीतिक चाल से ट्रम्प हैरान, पशेमान

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानी गलती: भारत-रूस को चीन के हाथों खोया

वाशिंगटन, वार्ता



- **टैरिफ वॉर: एससीओ समिट के बाद नरम पड़े ट्रम्प**
- **ट्रम्प ने पोस्ट में लिखा- ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो, एक तस्वीर भी शेयर की**

**अमेरिका की** तरफ भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद दोनों देशों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर निशाना साधते नजर आ रहे थे, लेकिन चीन में हाल ही में संपन्न हुए एससीओ सम्मेलन के बाद अब ट्रम्प के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट में एक तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में डोनाल्ड ट्रम्प ने लिखा कि लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो। ट्रम्प की यह टिप्पणी पर उस समय आई है जब पिछले दिनों चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकियों ने विश्व का ध्यान खींचा था। भारत-अमेरिका संबंधों में खटास तब और गहरी हो गई जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया और साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया। वहीं अपने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस पोस्ट को लेकर सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस समय इस पोस्ट पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है। इससे पहले तमाम पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी थी। इस कड़ी में पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे पीएम मोदी रूस और चीन के करीब चले गए हैं।

### ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान पर भारत का पलटवार

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी और व्हाइट हाउस ट्रेड के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। साथ ही ब्लूमबर्ग की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुप्त पत्र भेजने वाली रिपोर्ट को गलत बताया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में हो रहे प्रदर्शन पर भी विदेश मंत्रालय ने अपनी बात कही। जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है।

# मुसीबत में अनिल अंबानी

## SBI, BOI के बाद BOB ने ऋण खाते को फ्रॉड घोषित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **आरकॉम ने अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की जानकारी दी**

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है।

एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उनपर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितम्बर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है।

### दंतेवाड़ा में मुठभेड़, छह माओवादी ढेर!

**दंतेवाड़ा।** मानसून ब्रेक के बाद बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी चल रही है।

# देश में बरसाती आफत का कहर जारी

## दिल्ली समेत राजस्थान व पंजाब के हालत बदतर



शाह टाइम्स ब्यूरो

- **एनसीआर में बाढ़, नोएडा के कई सेक्टर डूबे, अजमेर में बोराज तालाब टूटा, 1000 घरों में भरा पानी**
- **पंजाब में 43 मौतें, पाकिस्तान का पानी भारत में घुसा**

**नई दिल्ली।** बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है।

नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। पाकिस्तान से आने वाले बाढ़ के पानी से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा बाड़ डूब गया है। पंजाब के फिरोजपुर में शुक्रवार को लोगों ने रेत से भरी बोरियां रखकर बांध बनाया। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में शुक्रवार को एक कार पुल से कालीसिंध नदी में गिर गई। इसमें स्थानीय भाजपा नेता महेश सोनी के 26 साल का बेटा सवार था, जिसके नदी में बह जाने की आशंका है। दिल्ली में सिविल लाइंस स्थित मॉनेस्ट्री मार्केट और वासुदेव घाट -शेष पृष्ठ दो पर

## देश के 47 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक केस दर्ज

# 653 मंत्रियों में से 174 पर मर्डर, रेप जैसे गंभीर आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो




- **आरोपियों में भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मंत्री, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड व उत्तराखंड के किसी मंत्री पर कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं**

**नई दिल्ली।** देशभर के 302 मंत्री (करीब 47प्रतिशत) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं।

वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40प्रतिशत) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। यह जानकारी चुनाव सुधार संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। एडीआर ने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया। एडीआर ने यह भी कहा कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। भाजपा के 336 मंत्रियों में से 136 (40 प्रतिशत) पर आपराधिक केस हैं, वहीं 88 (26प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। कांग्रेस के 61 मंत्रियों में से 45 (74 प्रतिशत) पर केस हैं, 18 (30 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। डीएमके के 31 में से 27 (87 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 14 (45 प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। टीएमसी के 40 में से 13 (33 प्रतिशत) पर केस हैं, 8 (20 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के 23 में से 22 (96 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 13 (57प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। आम आदमी पार्टी के16 में से 11 (69प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 5 (31प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं।

# धामपुर में निकला जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

## हजारों की संख्या में अकीदतमंद हुए शामिल, हिन्दू-सिख समाज ने किया स्वागत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़ी धूमधाम और शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस में हजारों की संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। इस दौरान नगर की गलियां तकबीरों, नातिया कलाम और हुजूर की शान में पढ़े गए कसीदों से गूंज उठीं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जुलूस-ए-मुहम्मदी का आगाज मदरसा नूरिया, मौहल्ला बंदूकचियान से हुआ। जुलूस अपने तय रूट से गुजरते हुए मुसाफिर खाना होते हुए डॉ. जाकिर हुसैन रोड पर संपन्न हुआ। सबसे आगे सजाई गई गाड़ी पर जनपद के मशहूर शायर इरशाद धामपुरी मौजूद थे, जो पूरे कार्यक्रम का संचालन कर रहे थे। जुलूस के दौरान जगह-जगह हिन्दू और सिख समाज के लोगों ने भी स्वागत किया। कहीं फूलों की बारिश हुई तो कहीं शरबत और मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी संस्थाओं ने गंगा-जमुनी तहजीब का उदाहरण पेश करते हुए भाईचारे और एकता का संदेश दिया। जुलूस में पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी, पूर्व विधायक नईमुल हसन, पूर्व अध्यक्ष महमूद हसन, अमित प्रताप सिंह, सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष नसीम राणा, नगर अध्यक्ष हैदर अली और आदित्य सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे और जुलूस का स्वागत किया। भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अभय पांडेय, एसडीएम स्मृति मिश्रा, कोतवाल राजेश चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जुलूस रूट पर कड़ी निगरानी रखी गई। मौलाना और अन्य उलेमाओं ने तकरीर करते हुए कहा कि जुलूस का मकसद सिर्फ हुजूर की शान में नात पढ़ना ही नहीं बल्कि अमन-ओ-शांति और भाईचारे का संदेश देना भी है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए और समाज में आपसी मौहब्बत ही इंसानियत का असली पैगाम है। सफल आयोजन में कमेटी पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

# चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद भेजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए अपनी ओर से मदद भेजी है।

चेयरमैन ने नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गुरुद्वारे पर सिख समाज की ओर से एकत्र की जा रही राहत सामग्री में अपनी ओर से भी मदद के लिए काफी सामान वहां पहुंचकर समाज के लोगों को भेंट किया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से वहां तबाही मच गई है। बड़ी संख्या में लोग बाढ़ से प्रभावित हुए है। पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों को पूरे हिन्दुस्तान में मदद भेजी जा रही है। इसी के चलते उन्होंने भी अपनी ओर से मदद भेजी। साथ ही उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि पंजाब के लोगों को इस मुश्किल घड़ी में हिम्मत व हौसला दे। चेयरमैन इंजी. नियर मुअज्जम ने कहा पूरा देश इस मुश्किल घड़ी में पंजाब के साथ खड़ा है।

# अदिति रहीं प्रथम स्थान पर



**शेरकोट।** एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमएससी जन्तु विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम में आरएसएम पीजी कॉलेज धामपुर की छात्रा अदिति सिंह लाम्बा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। बता दें कि अदिति लाम्बा शेरकोट के मौहल्ला नायक सराय निवासी मंदीप लाम्बा की पुत्री है।

# शिक्षक ही समाज के सच्चे मार्गदर्शक: राकेश चमोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक आशीष राजपूत तथा प्रधानाचार्य राकेश चमोली द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगा. रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें नृत्य, गीत, कविताएं एवं भाषण शामिल थे। बच्चों ने अपने शिक्षकों को उपहार एवं कार्ड भेंट किए और आभार व्यक्त किया। मंच संचालन वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने और शिक्षकों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया और मिठाई वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

# शिक्षकों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज, बिजनौर में फॉर्मेसी के छात्र-छात्राओं ने बहुत ही शानदार तरीके से शिक्षक दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार द्वारा संयुक्त से रूप दीप प्रज्जवलन करके किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में नृत्य, गायन एवं कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि हमारी सर्व प्रथम शिक्षक हमारी माँ होती है। जो छात्र अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का आदर सम्मान करते है ऐसे छात्र जीवन में कभी-भी, किसी-भी परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेते है। कठिन परिश्रम, लगन एवं कार्य को पूर्ण करने की जिद्द इंसान को आगे ले जाती है। समस्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. दशरथ सिंह, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, शहीर अहमद, मौ. खालिद, तारिक सिद्दीकी, दीपक कुमार, नीरज कुमार, पूजा उपाध्याय, सरिता, विपुल कुमार, पियूष कुमार, शेर सिंह, हिमांशू शर्मा, आतिफ रिहान, रामेन्द्र कुमार, मोनू कुमार व छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

# चंदक में सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज पुन: बहाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** चंदक में सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज रेलवे ने पुन: बहाल कर दिया है। जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। क्षेत्र के लोग सियालदह एक्सप्रेस (कोलकाता जम्मूतवी) के ठहराव के लिए लंबे समय से मांग कर रहे थे। आने वाली आठ तारीख से इस ट्रेन का चंदक (चंदोक) में ठहराव हो जाएगा।

कोलकाता से जम्मूतवी के बीच चलने वाली 13151 अप व 13152 डाउन सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन का चंदक में दशकों से ठहराव था। लेकिन कोरोना काल के समय रेलवे ने ट्रेन का स्टॉपेज बंद कर दिया था। जिससे क्षेत्र की जनता को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। तभी से लगातार ट्रेन के ठहराव की बहाली की मांग जनता द्वारा की जा रही थी। रेलवे ने मांग को मानकर चंदक में पुन: ट्रेन का ठहराव कर दिया है। स्टेशन अधीक्षक अमित राजपूत ने ट्रेन के स्टॉपेज की पुष्टि करते हुए बताया कि आठ सितंबर से ट्रेन स्टेशन पर रूकने लगेगी। 13152 डाउन सुबह सात बजकर दो मिनट व 13151 अप रात 9 बजकर 32 मिनट पर स्टेशन पर पहुंचेगी। बता दें कि चंदक में इस ट्रेन के स्टॉपेज का मुद्दा बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने संसद में भी उठाया था और स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव की मांग की थी।

# कॉस्मेटिक की दुकान में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हौजरी व कॉस्मेटिक की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान स्वामी ने पड़ोसियों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों रुपयों का सामान जल कर राख हो चुका था।

नगर के मौहल्ला मनिहारान निवासी अनीस अहमद की घर के नीचे ही हौजरी व कॉस्मेटिक के सामान कि दुकान है। आज दोपहर वे दुकान का शटर गिरा कर नमाज पढ़ने करीब ही स्थित मस्जिद में गए हुए थे। मस्जिद से वापस लौटे तो दुकान से धुआं निकलते देखा। उन्होंने जैसे ही दुकान खोली तो दुकान में रखे सामान में आग लग रही थी। पड़ोसियों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक हजारों रूपए का सामान जलकर राख हो चुका था।

# श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पुन: अध्यक्ष बने रंजीत जोशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में पंचायती मंदिर में आयोजित बैठक में कमेटी का विस्तारीकरण किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से रंजीत जोशी को पुन: कमेटी का अध्यक्ष व आदेश चंद्रा तथा तेजपाल सैनी को महासचिव चुना गया। आयोजित बैठक में वर्ष 2024 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने लेखा जोखा पर सहमति जताई। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। डॉ.सुशील शर्मा, कपिल शर्मा, राकेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल को संरक्षक, मास्टर सुमित शर्मा, अरविंद जोशी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आदेश चंद्रा तथा तेजपाल सैनी को महासचिव, संजू सैनी कोषाध्यक्ष, अंकुश अग्रवाल, महावीर सैनी, कृष्णा वर्मा को संगठन मंत्री बनाया गया। इसके अलावा 25 लोगों को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। बैठक में रामलीला के लिए अभिनीत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसकी जानकारी देते हुए कमेटी महासचिव आदेश चंद्रा ने बताया कि 21 सितंबर को शाम 4 बजे झंडा झंलूस, 22 सितंबर को भगवान श्रीराम की लीलाओं का प्रोजेक्टर द्वारा मंचन प्रारंभ, 24 सितंबर को भगवान श्रीराम की राम बारात, 2 अक्टूबर को जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दशहरा का मेला तथा 4 अक्टूबर को भरत मिलाप शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# त्याग, तप और मोक्ष का नाम है दशलक्षण महापर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्वाधिराज पर्यूषण दसलक्षण पर्व नौवा दिन होता है।

आकिंचन धर्म, जैन दर्शन में दशलक्षण धर्मों में से नौवां धर्म है, जिसका अर्थ है 'सर्वोच्च अनासक्ति' या 'पूर्ण शून्यता'। यह धर्म सिखाता है कि भौतिक वस्तुओं, धन, परिवार और अपने से जुड़ी हर चीज के प्रति मन से सभी प्रकार की मूर्छा, ममता, या आसक्ति का त्याग करना चाहिए। इसका उद्देश्य केवल बाहरी त्याग नहीं, बल्कि मन से 'अपना' और 'पराया' की भावना को पूरी तरह समाप्त कर देना है, ताकि आत्मा अपने शुद्ध स्वरूप को प्राप्त कर सके और संसार के बंधनों से मुक्त हो सके।

इस अवसर पर जिनालयों में श्री जी के कलशाभिषेक, शांतिधारा, पर्व पूजन, संगीतमय नित्यमह पूजन, सामायिक, आरती, शास्त्र प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे है।

इसमें संजीव जैन अरुण जैन सुधाकर जैन जैन, वंदित जैन विशाल जैन सार्थक जैन, अतिश जैन, प्रशांत जैन, स्पर्श जैन, संयम जैन, मनोज जैन, प्रवीण जैन, सुधाकर जैन, गर्वित जैन, सुगम जैन, चंचल जैन, ईशा जैन, साक्षी जैन, रेखा जैन, प्रगति जैन, पूनम जैन, भावना जैन, प्रिया जैन, सीमा जैन, ममता जैन, चंचल जैन, अपूर्वा जैन, अर्चना जैन, मधु जैन, अनिता जैन, आशा जैन आदि ने भाग लिया।

# पावटी में शबनम खातून चुनी गईं विकास कार्य संचालन समिति की अध्यक्ष



**पैजनिया।** ग्राम पंचायत पावटी में ग्राम प्रधान की मौत के बाद ग्राम में विकास कार्यों के संचालन के लिए समिति का गठन किया गया। बृहस्पतिवार को पंचायत घर में हुए चुनाव में 15 में से 10 ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद रहे। सदस्य शाहनवाज अली ने शबनम खातून के नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। जिससे शबनम खातून सर्वसम्मति से विकास कार्य संचालन समिति की अध्यक्ष चुनी गई। एडीओ पंचायत सुशील कुमार, एडीओ एसटी हरेन्द्र सिंह एवं ग्राम पंचायत सचिव नगमा की देखरेख में संचालन समिति गठित की गई। मालूम हो कि पावटी के ग्राम प्रधान इमरान मलिक की कैंसर के चलते गत 19 अगस्त को मौत हो गई थी।

# शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिले: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। श्रीमती मुर्मू ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैं, जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मां-नंदा....**

आसपास के ग्रामीण, हल्द्वानी, रामनगर काशीपुर, रुद्रपुर सहित अन्य शहरों से मां के भक्तों मां को विदा करने के लिए नैनीताल पहुंचे हुए हैं। और पूरा शहर मां नंदा सुनंदा के रंग में रंगा हुआ है। आयोजक श्री -राम सेवक सभा द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। गाड़ियों में सवार मां के भक्तों द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मां नंदा सुनंदा की शोभायात्रा में मेला अधिकारी एसडीएम केएन गोस्वामी, अधिशाषी अधिकारी रोहतांश शर्मा, विना. द जीना, एसपी क्राइम व यातायात डा. जगदीश चन्द्रा ने कंधा देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महोत्सव राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगद. ीश बवाड़ी, मुकेश जोशी मंटू,प्रो. ललित तिवारी, मिथिलेश पांडे, मोहित लाल साह, हरीश राणा, आयुष भंडारी, विक्रम राठौर विक्की, तेज सिंह नेगी समेत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, एडीएम विवेक राय, शैलेन्द्र नेगी, एसडीएम नवाजिश खालिक, मल्लीताल कोतवाल हरीश पंत, एसआई दीपक बिष्ट, तल्लीताल एसओ मनोज नयाल, समेत हजारों की तादाद में स्थानीय व दूर दराज से आए भक्त भी मौजूद रहे।

**देश में बरसाती आफत...**

इलाके यमुना नदी के पानी में डूब गए हैं। मॉनेस्ट्री मार्केट में दुकानों के सामने 2-2 फीट पानी भरा है। दुकानें बंद पड़ी हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में बाढ़ का पानी आने से सड़क को जेसीबी मशीन से खोद दिया गया। ताकि पानी आसानी से दूसरी तरफ जा सके। हालांकि, सड़क खोदने से 13 गांव का रास्ता बंद हो गया है। हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई।

इससे एक हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है।

# जीएसटी घटने से जूता कारोबारी खुश

**आगरा।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में आगरा के फुटवियर कारोबार को काफी राहत मिली है। 2500 रुपए तक की कीमत के फुटवियर पर अब 12 फीसदी की बजाय सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी लगेगी। आगरा में जूता कारोबारियों की ये मांग लंबे वक्त से मांग चली आ रही थी। आगरा के जूता कारोबारी इस कदम का स्वागत कर रहे हैं तो राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा है कि ये जनता के दबाव में हुआ है। शू फैक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद।

पत्रांक —1290 /ल0सि0/पा0आ0पं0/2025—26 दिनांक— 29.8.2025

अल्पकालीन पंजीकरण एवं कुटेशन सूचना सं0 23/2025—26

समस्त फर्म के अधिकृत डीलर को सूचित किया जाता है कि लघु सिंचाई खण्ड मुरादाबाद के अधीन बिजनौर में विभाग द्वारा संचालित "मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना" के अन्तर्गत (उथले नलकूप) योजनान्तर्गत 110 एम0 एम0 6 के0 जी0 एफ0 पी0 वी0 सी0 आई0 एस0 कोड—4985/2021 आई0 एस0 आई0 मार्क पाईप एवं अन्य एसेसरीज आई0 एस0 आई0 मानक के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक फर्मो से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। पंजीकरण आवेदन प्रपत्र नकद शुल्क रू0 300—00 व कर देकर दिनांक 08.09.2025 से दिनांक 11.09.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

आवेदन प्रपत्र दिनांक 12.09.2025 को अपरान्ह 14.00 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते है। प्रपत्रो के परीक्षणोपरान्त सक्षम स्तर से पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। पंजीकरण की वैद्यता दिनांक 30.06.2026 तक होगी। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारी कार्यालय से ली जा सकती है। निधारिंत तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकर नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रपत्र उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

क0 सं0—1 राष्ट्रीकृत बैंक की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 रू0 50,000—00 (पचास हजार) जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बधंक हो एवं रू0 100—00 का स्टॉम्प पेपर एक रू0 के रसीदी टिकट के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें।

क0 सं0—2 बी0आई0एस0 लाइसेन्स के साथ, आई0एस0आई0 मार्क पाईप, निर्माता फर्म का अधिकृत डीलरसिप का प्रमाण पत्र।

क0 सं0—3 जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छाया प्रति, विगत तीन वर्षो का आई0टी0आर0।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
मुरादाबाद।

UPID-237437, DATE-02/09/2025
WEBSITE-www.up.gov.in



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दूसरे सम्प्रदाय की किशोरियों के साथ गैंगरेप में अभिषेक अरेस्ट

## अभियुक्त राज व विकास फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने 31 मार्च को अपहरण की गई चांगीपुर की किशोरियों के साथ गैंग रेप करने के आरोपी कांठ के अभिषेक सैनी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि आरोपी राज व विकास फिलहाल फरार है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांगीपुर निवासी अल्पसंख्यक समाज के पीड़ित ने तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग बेटी (16 साल) आज सुबह लगभग साढ़े दस बजे घर से ग्राम में ईद मिलने के लिए गई थी, जो अभी तक नहीं लौटी है। पीड़ित ने तहरीर में कहा था कि उसे शक है कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है। काफी तलाश करने के बावजूद वह नहीं मिली है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 120 बीएनएस की धारा 137 (2) में पंजीकृत किया था। इस मामले में पुलिस ने जब तफतीश की तो पता चला कि दो सहेलियों का अपहरण किया गया है। पुलिस ने दोनों सहेलियों को बरामद कर लिया था। पीड़िताओं के बयानों के आधार पर अभियुक्त अभिषेक सैनी पुत्र महेन्द्र सैनी निवासी ग्राम लुहारपुरा, थाना कांठ, जनपद मुरादाबाद, राज पुत्र पुनी साव व विकास कुमार पुत्र नागेश्वर मेहता निवासीगण चुरचू, थाना कुर्रा, जनपद हजारी बाग, झारखंड के नाम प्रकाश में आए। अभियुक्त अभिषेक ने अपने साथी राज व विकास के साथ मिलकर दोनों सहेलियों के साथ गैंग रेप किया था। पुलिस ने अभियोग में धारा 87, 70 (2) व 65 (1) बीएनएस एवं धारा 3/4 (2), 5जी, 6 व 5 जे (2), 5 क (1) पोक्सो एक्ट की वृद्धि की है। नूरपुर पुलिस के मुताबिक शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

### योगी सरकार की नीति के मुताबिक नहीं मिला सबक

**बिजनौर।** किशोरियों के साथ रेप व गैंगरेप करने वाले अभियुक्तों को कड़ी सजा देने की योगी सरकार की नीति है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार कह चुके है कि बहन-बेटियों के साथ वारदात को अंजाम देने वालों को चौराहे पर ऐसा सबक सिखाया जाए कि फिर कोई दुस्साहस न कर सके। ईद के दिन दो किशोरियों का अपहरण करने वाले दरिंदों में से सिर्फ एक को इतने दिन बाद गिरफ्तार किया गया और उसका सकुशल चालान भी कर दिया गया। थाने में उसे मेहमानों की तरह रखा गया। उसे किसी तरह का सबक नहीं सिखाया गया। सूत्रों का कहना है कि उसके हिमायतियों ने वजन ज्यादा कर दिया था। जिसकी वजह से पुलिस योगी सरकार की नीति के मुताबिक काम नहीं कर पाई।

# सात दिन के नवजात शिशु की सर्जरी



## लाइफ लाइन हॉस्पिटल की बड़ी उपलब्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लाइफ लाइन हॉस्पिटल में चिकित्सा जगत की एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। यहां सात दिन के नवजात शिशु की आंत की गंभीर समस्या का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन हॉस्पिटल के सीनियर सर्जन डॉ. दिलीप सिंह की कुशल देखरेख में एनआईसीयू टीम तथा डॉ. अजहर के सहयोग से किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. अशोक चहल ने बताया कि लाइफ लाइन हॉस्पिटल जनपद का एकमात्र ऐसा निजी अस्पताल है, जहां बच्चों के लिए सीनियर सर्जन हमेशा उपलब्ध रहते हैं और नवजात शिशुओं के जटिल ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अब गंभीर बीमारियों के लिए मरीजों को बाहर बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि बिजनौर में ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

इस अवसर पर डॉ. अशोक चहल ने डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. अजहर और एनआईसीयू टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि हॉस्पिटल में लगातार उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास जारी रहेंगे। नवजात शिशु के परिजनों ने भी सफल ऑपरेशन पर चिकित्सा टीम एवं हॉस्पिटल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### छह बसों पर एआरटीओ की कार्रवाई

**बिजनौर।** गौरी शंकर ठाकुर, सहायक सम्भागीता परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर एवं श्री मुन्ना लाल, यात्रीकर अधिकारी बिजनौर द्वारा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उ.प्र. रोडवेज के साथ संयुक्त रूप से एक विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत परमिट की शर्तों के विपरीत संचालित पाए जाने पर कुल छह बजें व अन्य यात्री वाहनों को स्योहारा, धामपुर, नूरपुर व नजीबाबाद स्थानों पर निरूद्ध किया गया। नियमों के विरूद्ध संचालित यात्री वाहनों के विरूद्ध ऐसे ही आगे भी विशेष चैकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा। गौरी शंकर ठाकुर, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर ने कहा कि अतिरिक्त विभिन्न बस यूनियनों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परमिट शर्तों के विरूद्ध बसों का संचालन कदापि न किया जाए। अन्यथा सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### तीन ई-रिक्शाएं सीज



**बिजनौर।** नेशनल हाईवे के अंतर्गत नजीबाबाद मार्ग पर आज यातायात पुलिस ने ई-रिक्शाओं के संचालन के विरूद्ध अभियान चलाया। इस दौरान तीन ई-रिक्शाओं को सीज किया गया और दस ई-रिक्शाओं के चालान काटे गए। यातायात पुलिस ने चेतावनी दी है कि अगर राष्ट्रीय राज मार्ग व राज्य मार्ग पर ई-रिक्शाओं का संचालन पाया गया, तो उनके विरूद्ध सीज करने की कार्यवाही की जाएगी। ई-रिक्शाओं का संचालन केवल शहरों व कस्बों की सड़कों पर ही किया जाए। ई-रिक्शा चालकों व यूनियन के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है कि बिना सत्यापन व रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शा किसी भी कीमत पर सड़कों पर न चले।

### बढ़ापुर में शराब बरामद



**बिजनौर।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली के निर्देश पर आगामी त्यौहारों के मद्देनजर अवैध शराब की तस्करी रोकने एवं जहरीली शराब के निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बढ़ापुर क्षेत्र में आज ग्राम मदपुरी के जंगल में अवैध कच्ची शराब की दो बंद पड़ी भट्टियां पकड़ी गई। जिन्हें नष्ट कर दिया गया। 500 लीटर लाहन भी नष्ट किया गया।

### युवक को सांप ने डस लिया

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम अस्करीपुर निवासी प्रमोद कुमार (38 वर्ष) पुत्र केवल सिंह बीती रात करीब नौ बजे जंगल गया था। वहां उसे सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सुबह उपचार के लिए युवक को पीएचसी लाए, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

### नगीना में वाहनों की नीलामी

**बिजनौर।** न्यायालय के आदेश पर आज थाना नगीना में उपजिला. धिकारी नितिन कुमार व सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी की मौजूदगी में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने 29 बाइकों एवं चार कारों की नीलामी की। एमवी एक्ट से संबंधित इन वाहनों की नीलामी के लिए 92,900 रुपए का अनुमानित मूल्य निर्धारित किया था। लेकिन धामपुर के ग्राम जैतरा निवासी अवनीश कुमार पुत्र पिताम्बर सिंह ने सर्वाधिक बोली एक लाख दस हजार रुपए लगाई। नीलामी उसके पक्ष में स्वीकृत की गई।

### नगीना देहात में सद्दाम गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना नगीना देहात में ग्राम जोगीरम्पुरी निवासी अंसार पुत्र मुख्तार अहमद ने अपने दो बैटरे चोरी होने के संबंध में तहरीर दी थी। पुलिस ने ग्राम के ही निवासी सद्दाम पुत्र अख्तर को गिरफ्तार कर उससे बैटरे बरामद कर लिए है।

# जावेद अली ने किया इस्तकबाल

## बड़ी संख्या में मौजूद रहे आसपा कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर में ईद ए मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस ए मौहम्मदी का आसपा के जिला संगठन मंत्री एवं विधानसभा चुनाव में सम्भावित प्रत्याशी जावेद अली ने अपने समर्थकों के साथ इस्तकबाल किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर में आज ईद ए मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस ए मौहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद एवं खासतौर पर युवा शामिल थे। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया।



धामपुर विधानसभा क्षेत्र से आसपा के संभावित प्रत्याशी एवं जिला संगठन मंत्री जावेद अली के द्वारा गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, पार्टी संस्थापक विशाल गौतम, किसान मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार, नसीम अहमद, आफताब अली, जावेद अंसारी, ताहिर अली, अकरम इदरीसी, अतीक, जावेद आदि मौजूद थे।

# मंदिर में चोरी की घटना से पुलिस ने किया इंकार

## बादशाहपुर के शिव मंदिर का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने बादशाहपुर के शिव मंदिर में चोरी की घटना से इंकार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज तड़के लगभग तीन बजे थाना मण्डावर पर यूपी 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बादशाहपुर के बाहर स्थित शिव मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर ली गई है। सूचना मिलने के बाद मण्डावर पुलिस ने मौके पर जा कर जांच की। पुलिस के मुता. बिक जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि बीती रात्रि में मंदिर के पुजारी मंगलपुरी के द्वारा मंदिर परिसर में तीन अज्ञात व्यक्ति देखे गए थे। जिनके चोर होने का संदेह था। जिसके बाद मंदिर के पुजारी के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मंदिर के पुजारी ने वहां से किसी सामान के चोरी न होने के बारे में बताया। लेकिन मंदिर के दूसरे पुजारी हरिओम पुत्र रामेश ने बताया कि कुछ पैसे गायब हुए है। तमंचे के बल पर किसी प्रकार की लूटपाट की कोई वारदात नहीं हुई है।

मण्डावर पुलिस के मुताबिक सम्पूण प्रकरण की जांच की जा रही है।

# बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए पजाब भेजी राहत सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत मानियावाला के मदरसों की जानिब से राहत सामग्री से भरा एक पिकअप मिनी ट्रक पंजाब के लिए रवाना हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानियावाला स्थित इस्लामिया मदरसों की जानिब से मुस्लिम समुदाय के सहयोग से आज दोपहर दर्जनों ग्रामीणों की मौजूदगी में बस्ती के जिम्मेदार हाजी लियाकत ठेकेदार व ग्राम प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी द्वारा राहत सामग्री से भरे पिकअप ट्रक को छह सदस्य राहत दल जिसमें फरीद अहमद मोबाइल वाले, शेख नईम अहमद, मौहम्मद फैसल, मोइन अहमद सिद्दीकी, समीर अहमद व चालाक शोएब कुरैशी की निगरानी में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए लुधियाना पंजाब को रवाना किया। उक्त राहत सामग्री से भरा पिकअप जमीयत उलेमा ए हिंद पंजाब राज्य दफ्तर या शाही इमाम पंजाब मौलाना मौहम्मद उस्मान साहब लुधियानवी को सौंप दिया जाएगा।

इस अवसर पर हाजी लियाकत ठेकेदार, शेख मौहम्मद यूसुफ, ग्राम प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी, कारी शुएब कुरैशी, यूसुफ कुरैशी, मिस्त्री नसीमुद्दीन, बीडीसी मेंबर मौहम्मद इकबाल, समाजसेवी जीशान लियाकत, जाहिद उल्ला, रिजवान उर्फ लड्डू, मौहम्मद रिजवान कुरैशी, मौहम्मद शारिक, फईम अहमद धौनी, समीउल्लाह, जाहिद सिद्दीकी, मोनू सैफी, अब्दुल रशीद, हाफिज हुजैफा उर्फ मंत्री, शेख मौहम्मद अदनान ट्रांसपोर्टर आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सपाईयों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

## शिक्षकों के कल्याण का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी और शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष लईक अहमद खान ने शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना की।

प्राप्त समाचार के अनुसार आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समा. जवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षकों के सम्मान और कल्याण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने सपा सरकार (2012-2017) के कार्यकाल का जिक्र करते हुए बताया कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में स्कूलों का बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने वादा किया कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर शिक्षकों का सम्मान और सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी ने सपा सरकार के शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदमों जैसे मुफ्त किताबें, यूनिफॉर्म, लैपटॉप वितरण और शिक्षक प्रशिक्षण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा और शिक्षक उपेक्षित हैं, लेकिन सपा की सरकार बनने पर इन समस्याओं का समाधान होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने सपा सरकार के शिक्षक कल्याण प्रयासों की सराहना की। शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष लईक अहमद खान ने शिक्षकों से सपा के साथ जुड़कर शिक्षा सुधार में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रहमान ने किया। सम्मानित शिक्षकों में मास्टर सैयद बिलाल, रुबिका शर्मा, एस पी गंगवार, बलेश कुमार, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, सुभाष बाबू, प्रदीप कुमार, विनीत गहलौत, वाजिद हुसैन, रश्मि चौहान, अलका अग्रवाल, साकिब समी, राजेंद्र कुमार, अनुराग भारद्वाज और करनवीर सिंह शामिल रहे।

कार्यक्रम में जिला महासचिव धनंजय यादव, दीपक सैनी, महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, चौधरी दारा सिंह, उमेश कुमार, कमलेश भुईयार, हनी फैसल, बीके कश्यप, राधा सैनी, मनोज राजपूत, कृपा रानी प्रजापति, पंकज विश्नोई, दिनेश चौधरी, नमन प्रधान, सतपाल सिंह, मुदित त्यागी, कासिम कुरैशी, काशिफ खान, राम चंद्र भुईयार, लाल सिंह कश्यप, संजय पाल, हितेश यादव, जयप्रकाश सिंह, शशि वाल्मीकि, अलोक कुमार, जगदीश चौधरी, रजत त्यागी, सुरेश चंद्रा, शिव कुमार यादव, अफजाल उल हक व अहमद खिजर खान सहित कई सपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। यह आयोजन शिक्षकों के सम्मान के साथ-साथ सपा की शिक्षा और शिक्षक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।

आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS) | MBA
BCA | MCA
BBA | LLB
B.Com | LLM
BA LLB | M.TECH.
B.Sc Microbiology | MSW
B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc.
B.Sc Home Sc. | MA Education
B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893


# मॉडर्न एरा में शिक्षक दिवस पर भव्य आयोजन

## शिक्षकों के साथ मेधावी विद्यार्थियों को भी ट्राफी व प्रमाण देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष विद्यालय के स्टेज की शोभा देखते ही बनती थीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, ठाकुर गजेन्द्र सिंह, श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती प्रभा ठाकुर, नमन चौधरी, श्रीमति एवं श्री अभिषेक गंभीर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के सम्मान में अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से आठवीं तक के छात्रों को अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाने के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।






साथ ही शिक्षकों को भी उनकी कक्षा के परिणाम स्वरूप दिए गए रिजल्ट के लिए पुरुस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी ने कहा कि एक शिक्षक वर्ग ही होता है जो पूरे निष्पक्ष भाव से पूरी लगने से अपने कार्य को करता है जो और किसी विभाग में देखने के नहीं मिलता। साथ ही एक शेर कहते हुए सम्पूर्ण शिक्षक वर्ग के कार्य की सराहना भी की। डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर हम अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने हमारे विद्यालय के बच्चों के जीवन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करते हैं और उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग व योगदान रहा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# एमआर ने लगाई फांसी

## पत्नी से विवाद के बाद उठाया कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पत्नी से विवाद के चलते दवा कम्पनी में एमआर ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जनपद में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है।



प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला नई बस्ती में किराये के मकान में रहने वाले अमित कुमार वर्मा (35 वर्ष) पुत्र विनोद कुमार वर्मा ने पत्नी से विवाद के बाद जैन फार्म में पेड़ पर लटक कर आत्महत्या कर ली। आज सुबह सवेरे जब नागरिक सैर पर निकले, तो उन्होंने पेड़ पर टंगी लाश देखी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सिविल लाइन चौकी इंचार्ज बबलू कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके की जांच करते हुए लाश को पेड़ से उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मृतक की जेब व उसके घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना के समय अमित की पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ नूरपुर स्थित अपने मायके गई हुई थी। अमित तीन भाइयों में से बीच के थे। उनके दो बच्चे हैं। एक चार साल का आदित्य और दूसरा सात साल का बेटा वर्ष है। दोनों बच्चे शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि घरेलू कलह के चलते अमित ने यह कदम उठाया। बताया जाता है कि अमित कुमार वर्मा ने भरत बिहार कॉलोनी में मकान खरीदा था। जिसमें काम चल रहा है। वह मकान को अपने रहने के हिसाब से बना रहे थे। पत्नी प्रीति से इसी मकान को लेकर उनका विवाद था। पत्नी के द्वारा आएदिन विवाद करने की वजह से वह परेशान थे और इसी लिए इतना बड़ा कदम उठा लिया।

## आर.के. इंटरनेशनल में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**किरतपुर।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर आज आर.के. इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में शिक्षक दिवस धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर नृत्य, गायन, भाषण, गीत, कविता आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने पूर्ण निष्ठा और उत्साह के साथ इस दिवस को रोचक बनाने का भरसक प्रयास किया।

कार्यक्रम को और मनोरंजक बनाने के लिए अध्यापकों द्वारा खेल भी आयोजित किए गए, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भरपूर आनंद उठाया।

ज्ञात हो कि इस दिन महान दार्शनिक, शिक्षक एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस मनाया जाता है, जिसे पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार, प्रबंध निदेशक (एम.डी.) दर्शित अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने सभी अध्यापकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# बच्चा बेचने के प्रकरण में नांगल का गोपाल अरेस्ट

## प्रियता सहित तीन पूर्व में अरेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर के बहुचर्चित बच्चा बेचने के प्रकरण में पुलिस ने सराय आलम (नांगल) निवासी गोपाल को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नूरपुर में 19 अगस्त को करन सिंह पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम छोईया नंगली, थाना हीमपुर दीपा ने तहरीर दी थी कि 13 मई को उनकी पत्नी श्रीमती रूकमेश का एसआर हैल्थ केयर सैंटर, नूरपुर में लड़का पैदा हुआ था। डॉक्टर वादी के नवजात पुत्र को ईलाज के बहाने अपने साथ ले गए थे। उसके बाद वादी व उसकी पत्नी को नवजात पुत्र से नहीं मिलवाया गया। 28 मई, 2025 को उनकी पत्नी श्रीमती रूकमेश की अस्पताल से छुट्टी कर दी गई थी। अस्पताल के कर्मचारी सलमान ने वादी से उक्त कागजों पर अंगूठे लगवा लिए थे। वादी ने तहरीर में कहा था कि उसे शक है कि उसके नवजात पुत्र को बेचा जा सकता है। अभियुक्त डॉ. जावेद, डॉ. विनय चौधरी, डॉ. महार सिंह, सलमान, नर्स वंदना द्वारा उन्हें किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। नूरपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 284/2025 धारा 137 (1) (बी), 61 (2), 351 (3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में धारा 319 (2), 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 61 (2) व 3 (5) बीएनएस एवं धारा 75, 80 व 81 किशोर न्याय अधिनियम की वृद्धि की थी। पुलिस ने 24 अगस्त को अभियुक्त सलमान पुत्र उस्मान निवासी मौहल्ला हजरत नगर, कस्बा व थाना नूरपुर, रवि अग्रवाल पुत्र राजेन्द्र एवं प्रियता पत्नी रवि अग्रवाल निवासीगण जीएम सिटी कॉलोनी, कर्मचारी नगर, थाना इज्जत नगर, बरेली को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में गोपाल पुत्र दीनदयाल, निवासी ग्राम सराय आलम, थाना नांगल को गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### हल्दौर में शिक्षक दिवस मनाया



**हल्दौर।** शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में स्कूल प्रबंधक रघुराज सिंह नागर, हाफिज हबीबुर्रहमान एवं नीता राजपूत मौजूद रही। संचालन विकास पंकज ने किया। साई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी, प्रबंध समिति की सरिता शर्मा, प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने सामूहिक रुप से डॉ. राधाकृष्णन के चित्र के संमुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह एवं स्टाफ द्वारा डॉ. राधाकृष्णन के चित्र के संमुख श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आचार्य हेमराज सिंह, राजीव कुमार, कामना शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन छात्र संसद के सेनापति चिराग चौहान ने किया।

### सीओ ने की भगवान गणेश की पूजा



**नगीना।** मौहल्ला सराय मीर में श्री गणपति सेवा मंडल द्वारा पंडाल में स्थापित की गई भगवान श्री गणेश की मूर्ति की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु जुटे रहे। पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के पंडाल में पहुंचने पर उनसे पूरे विधि विधान के साथ भगवान गणेश जी की पूजा करायी। सराय मीर स्थित श्री गणेश पंडाल में हर दिन कुछ न कुछ विशेष आयोजन किया जा रहा है। पूजा में पालिका सदस्य बृजमोहन विश्नोई, पूर्व चेयरमेन प्रभात चंद गुप्ता, गणपति श्री राम मंडल के अध्यक्ष पवन काम्बोज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, विभाग बौद्धिक प्रमुख संजय वर्मा, गौरव गोयल, एड. दीपक सक्सेना, विकास अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, महेंद्र वर्मा, अरुण अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, सुबोध गिलोत्रा, आधार वर्मा, शलभ अग्रवाल, विनीत विश्नोई, आदित्य चौहान, अनिमेष प्रताप सिंह, अमित वर्मा, विजय गर्ग, धीरज गुप्ता, मीनाक्षी सक्सेना, नितिन अग्रवाल, अंजना गुप्ता, आरती अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, ममता वर्मा, किरन काम्बोज, आशु काम्बोज, किरन अग्रवाल, श्रद्धा राजपुल, मधु गिलोत्रा, मुकेश गुप्ता, विशाल मल्होत्रा आदि मौजूद रहे। श्री गणपति सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन काम्बोज ने बताया कि श्री गणपति की विसर्जन यात्रा छह सितम्बर को प्रातः नौ बजे से प्रारम्भ होगी। उन्होंने बताया कि पीतल की मूर्ति स्थापित करते है, इसलिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूर्ति को हरिद्वार में गंगा में स्नान कराकर वापस ले आएंगे।

### आठ को अप्रेंटिस के लिए चयन

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई के प्रधान सहायक राकेश शर्मा ने बताया कि आठ सितंबर को राजकीय आईटीआई में प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेले का आयोजन कर आईटीआई कर चुके अभ्यर्थियों को एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप के लिए विभिन्न कंपनियों में भेजा जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने प्रमाणपत्रों के साथ राजकीय आईटीआई बिजनौर में उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

### बछड़े को बनाया निवाला

**नजीबाबाद।** बीते मंगलवार को मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम रामदासवाली में एक दिल दहलाने वाली घटना सामना आई थी। जहां परचून की दुकान से सामान लेने जा रहे आठ साल के मासूम बच्चे कनिष्क को गुलदार उठा ले गया था। मासूम कनिष्क की मौत से पूरे क्षेत्र में हड़कंप गया था। अधिकारियों ने घर पहुंचकर मासूम के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया था। वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगा दिया गया था। इस बीच गुलदार बीती रात रामद. ासवाली निवासी मौहम्मद फुरकान की पशुशाला में घुस आया और बछड़े को अपना निवाला बना डाला। गुलदार के पशु शाला में घुसने पर वहां मौजूद अन्य पशुओं की आवाज सुनकर मौहम्मद दिलशाद, रजनीश कुमार, मौहम्मद इसराइल, मौहम्मद हनीफ, मौहम्मद इकबाल, मौहम्मद जम्मा, खालिद आदि दौड़ कर वहां पहुंचे, तो गुलदार उनको देखकर गन्ने के खेत में भाग गया। वहीं ग्राम में गश्त कर रहे वन दारोग सार्थक कुमार, शुभम कुमार, वन रक्षक शिवम कुमार, राहुल गिरी, यशवीर, राकेश कुमार आदि मौके पर पहुंचे और गुलदार को काफी तलाश किया।

## श्रीकृष्ण की छठी का पर्व मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्राचीन बाबा भारती मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ श्रीकृष्ण की छठी का पर्व मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में एकत्र होकर ढोलक और मंजिरों की मधुर धुन पर भगवान श्रीकृष्ण के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। भजन-कीर्तन के दौरान वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल गोपाल की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया तथा उन्हें भोग अर्पित करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन प्रारम्भ हुआ। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने सेवा भाव से कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

कार्यक्रम में श्रेष्ठ रस्तोगी, विजय वर्मा, रणजीत सिंह,सुमित वर्मा, अचल चौहान, योगेन्द्र रस्तोगी, रीता रस्तोगी, रेशू एवं डोली रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मण्डावर में पशुशाला में चोरी

**मंडावर।** ग्राम जहांगीरपुर निवासी लक्ष्मीचंद पुत्र रतिराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपने घर के पास ही पशुशाला बना रखी है। जिसमें दरवाजा नही लगा हुआ था। बीती रात्रि बारह बजे के करीब उसकी भैस चौरी हो गई। आज सुबह जब वह पशुशाला में पशुओं को चारा डालने के लिए गया, तो भैस गायब थी। आसपास के क्षेत्रों में भैस की तलाश की, मगर नहीं मिली।

# अफजलगढ़ में मेडिकल कॉलेज की मांग

## विस्थापित सिख समाज ने मांगा भूमि का मालिकाना हक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** सिख समाज ने अफजलगढ़ क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के निर्माण एवं भूमि के मालिकाना हक की मांग की है।



प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के निवर्तमान अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह व डीएम जसजीत कौर के समक्ष सिख समुदाय के लोगों ने विस्थापितों को भूमि का मालिकाना हक दिलाए जाने व अफजलगढ़ क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज बनवाये जाने की मांग उठाई। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के निवर्तमान अध्यक्ष व डीएम रेहड़ में स्थित गुरुद्वारा संगत सर साहिब में गुरु तेग बहादुर सिंह के 350 वें शहीदी पर्व को समर्पित एक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे।

रेहड़ में काशीपुर - हरिद्वार नेशनल हाईवे पर स्थित गुरुद्वारा संगत सर साहिब में आज शाम लगभग चार बजे सिख समुदाय की ओर से गुरु तेग बहादुर सिंह जी के 350 वें शहीदी पर्व को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के निवर्तमान अध्यक्ष व भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य सरदार इकबाल सिंह भी शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजकों ने सरदार इकबाल सिंह, डीएम जसजीत कौर व एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा का सरोपा देकर सम्मानित किया।

इस दौरान सिख समुदाय के लोगों ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के निवर्तमान अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह को एक ज्ञापन देकर विस्थापित परिवारों को उनके कब्जे वाली भूमि पर सरकार से अविलंब मालिकाना हक दिलाए जाने की मांग की। इस पर निवर्तमान अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह व डीएम जसजीत कौर ने सिख समुदाय को अवगत कराया कि उनके द्वारा इस मामले में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं और शीघ्र ही विस्थापित परिवारों को उनके कब्जे वाली भूमि पर मालिकाना हक दिलाया जाएगा। इसके अलावा सिख समुदाय के लोगों ने अफजलगढ़ क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज बनवाये जाने की मांग भी की। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार कपिल कुमार आजाद, कार्यक्रम के आयोजक मुख्य सेवादार बाबा गुरदेव सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, पूर्व चेयरमैन सरदार गुरविंदर सिंह, उत्तराखंड भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यूनुस चौधरी, राष्ट्रीय योगी वाहिनी के जिला प्रमुख फौजाराम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जुलूस के मौहम्मदी निकाला



**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के गांव बरूकी में इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मौहम्मद सल्लल्लाहु अलेही वसल्लम की यौमे पैदाइश के मौके पर जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर मदरसा कादरी उलूम में जलसा किया गया। जलसे को संबोधित करते हुए कारी साबिर रजा, हाफिज फैजान, मौलाना नवीस अहमद कादरी ने सीरत उल नबी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इस्लाम में भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द, गरीबों की मदद करना, बड़ों का सम्मान व बच्चों की शफाकत करने, महिलाओं की इज्जत करने का पैगाम देता है। उन्होंने इस्लाम धर्म के अनुयायियों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें नमाज पढ़ते हुए इस्लाम में दिए हुए सभी अरकान को मानते हुए इस्लामिक तरीके से जीवन यापन करना चाहिए। अपने वतन से मोहब्बत करते हुए कायम करना चाहिए। इस अवसर पर इजहार ठेकेदार मास्टर कफील, हाजी इकबाल अल्वी, इरफान अल्वी, रफीक जफर, नसीम अहमद, गुलजार चौधरी, सुनील चौकीदार, अनीस, रईस आदि मौजूद रहे।

## अक्ष इंटरनेशनल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम

**नूरपुर।** अक्ष इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक गुलफाम अंसारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, कविता के माध्यम से अध्यापकों का मन मोह लिया। बच्चों ने शिक्षकों का रोल किया। मंच पर जाकर अपना-अपना परिचय दिया। बच्चों ने शिक्षा के महत्व के ऊपर लघु नाटक पेश किया। जिसके माध्यम से बच्चों को शिक्षा की महत्वता बताई एवं सभी बच्चों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को बड़े ही सुंदर ढंग से सजा कर अपने अध्यापकों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक गुलफाम अंसारी ने सभी छात्र-छात्राओं और अध्यापक-अध्यापिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत चौधरी, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अध्यापक ही एक नए समाज का निर्माण करता है और एक अध्यापक की भूमिका विद्यार्थी जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुजम्मिल अंसारी, हरपाल सिंह, मनीष शर्मा, अर्जुन सिंह, रिजवान अहमद रही। नाज समरीन, दिशा चौधरी, तरन्नुम आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी के नेतृत्व में बिजनौर के लिए रवाना हुए। बिजनौर से भाकियू टिकैत जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में सिसौली होते हुए पंजाब के लिए रवाना होंगे। नूरपुर ब्लॉक से ग्राम बूढ़पुर, बिराल, मालवा, रहटी, जागीर, पुरना, नाहर सिंह, तंगरौली, राहूनंगली, दवखेड़ी, खानपुरा, पीपला जागीर आदि ग्रामों से राहत सामग्री जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल, चौधरी प्रशान्त चौधरी, यादराम सिंह, सुभम, सुमित चौधरी, नितिन चौधरी, राजीव चौधरी, वसीम, कफील सैफी, डॉ. समीम, रोहतास यादव, योगेश कुमार, प्रदीप चौधरी, कावेन्द्र मलिक, पप्पू मलिक, गौतम मालवा, भोपाल सिंह, धीर सिंह, भूरे खां, टीकम सिंह, सोनू चौधरी आदि के द्वारा ले जाई गई है।

## डॉ. राधा कृष्णन की जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोटद्वार मार्ग डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती, शिक्षक दिवस के रूप में मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती व डॉ. राधा कृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम का संचालन बहिन राधिका ने किया। आचार्य घनश्याम सिंह ने भैया-बहिनों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन परिचय से अवगत कराया। बहिन योगिता, समीक्षा, नीशू, प्रियांशी, संजना, नेहा झा एवं भैया रूपक, गोलू आदि ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। आचार्या फूलमाला ने शिक्षकों को समर्पित एक सुन्दर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर आचार्य प्रमोद कुमार, पंकज शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, संजय कुमार, गौरव कुमार, नीरज कुमार, सोनू कुमार, विवेक प्रताप, संजीव कुमार, आचार्या पूनम रानी, मनु, अर्चना एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कालागढ़ डैम से अब छोड़ा जाएगा 10,000 क्यूसेक पानी

## पहाड़ी इलाकों में मूसलाधार बारिश से बांध का जलस्तर खतरनाक स्तर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर अब मैदानी क्षेत्रों पर भी साफ नजर आने लगा है। रामगंगा बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। बढ़ते दबाव को नियंत्रित करने के लिए कालागढ़ डैम प्रशासन ने बड़ा निर्णय लेते हुए 10,000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की घोषणा की है। यह पानी शुक्रवार शाम चार बजे से छोड़ा जाएगा।

अधीक्षण अभियंता एस.के. झा ने जानकारी दी कि छोड़े जाने वाले पानी में से 3,655 क्यूसेक पावर हाउस के माध्यम से तथा 6,345 क्यूसेक पानी स्पिलवे से निकाला जाएगा। अभी तक बांध से प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था, लेकिन पहाड़ों पर लगातार बारिश होने से जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। रामगंगा जलाशय का जलस्तर गुरुवार सुबह आठ बजे 359.55 मीटर दर्ज किया गया। बांध को 360 मीटर तक भरे जाने की अनुमति है। अधिकारियों ने साफ कहा कि यदि बारिश का क्रम इसी तरह जारी रहा तो जलस्तर 360 मीटर से ऊपर भी जा सकता है। ऐसी स्थिति में और अधिक पानी छोड़ा जाएगा।



### निचले इलाकों में खतरे का अलार्म

बांध प्रशासन और सिंचाई विभाग ने गंगा व रामगंगा नदी के किनारे बसे गांवों और कस्बों के लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन ने मुरादाबाद, बिजनौर और धामपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को विशेष रूप से अलर्ट रहने की सलाह दी है। पहाड़ों से उतर रहे तेज पानी के कारण कई नदी-नाले पहले से ही उफान पर हैं। ऐसे में निचले इलाकों में जनजीवन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है।

### अगस्त से जारी है चेतावनी

अधीक्षण अभियंता एस.के. झा ने बताया कि अगस्त माह में ही लगातार वर्षा के चलते बांध प्रशासन ने चेतावनी जारी कर दी थी और प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। लेकिन पिछले एक सप्ताह से पहाड़ों में बारिश का सिलसिला तेज हो गया है, जिसके चलते अब निकासी को दोगुना कर 10,000 क्यूसेक प्रतिदिन कर दिया गया है।

### सतत निगरानी पर जोर

बांध प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जल निकासी पूरी तरह नियंत्रित और सतत निगरानी में की जाएगी। हालात पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर पानी की निकासी की मात्रा और बढ़ाई जाएगी।


### नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आदित्य कम्बोज के शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरे पुत्र की माता का नाम संजना (SANJANA) दर्ज है। जबकि वास्तविक नाम संजना कम्बोज (SANJANA KAMBOJ) है। उन्हें SANJANA KAMBOJ के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। - **राज कुमार पुत्र मलाराम चौधरी, ग्राम बड़िया चंदनपुरा, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

### सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्र जीशान व पुत्रवधू गुलफशा का आचरण व व्यवहार मेरे व मेरी पत्नी मुमताज के साथ ठीक नहीं है। ये दोनों हमारे साथ मारपीट व लड़ाई झगड़ा करते है। जमीन व हवेली अपने नाम कराना चाहते है। न करने पर मुझे व मेरी पत्नी व मेरे लड़कों का अपहरण व हत्या कराने की धमकी देते है। हमें घर से निकालना चाहते है। इनसे हमें जान व माल का खतरा है। इनके कृत्यों की वजह से मैंने व मेरी पत्नी मुमताज ने इनसे सम्बंध विच्छेद करके अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरी पत्नी व परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **मौ. इसरार पुत्र रमजानी, मौहल्ला पक्काबाग, कस्बा व थाना बढ़ापुर, जिला बिजनौर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम NASIMA KHANAM W/O MOHAMMAD ALI KHAN से बदल कर NASEEMA BEGAM W/O MOHAMMAD ALI KHAN R/O मौहल्ला अफगानान, कस्बा व थाना मण्डावर, तहसील व जिला बिजनौर-246721 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

### सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरे बड़े बेटे नबील शाह व उसकी पत्नी शुमाईला गलत संगत में पड़ गई है। इनका आचरण व व्यवहार मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों से ठीक नहीं है। ये मेरे कहने में नहीं है। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने व परिवार के अन्य सदस्यों ने सात माह से इनसे ताल्लुक वास्ता खत्म कर दिया है और मैंने इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **नईम शाह पुत्र शौकत शाह, ग्राम औरंगाशाहपुर नारायन उर्फ भनोटी, थाना शेरकोट ( बिजनौर )**

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने रखा सामूहिक उपवास

## एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण से केवल पूंजीपतियों को लाभ: चंद्रहास सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन वाली की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर द्वारा राष्ट्रीय आह्वान पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में सामूहिक उपवास इंदिरा बाल भवन बिजनौर में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण से केवल पूंजीपतियों को लाभ मिलेगा। एनपीएस-यूपीएस ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पेंशन के नाम पर ठगने का कार्य किया है। पुरानी पेंशन में ही देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। जिसके लिए अंत तक संघर्ष जारी रहेगा। 25 नवंबर को यूपीएस-एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में देश के शिक्षक एवं कर्मचारी दिल्ली कूच करेंगे। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था सरकार को बहाल करनी होगी। साथ ही सभी संगठनों से आगामी आंदोलन को सफल करने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज सिंह एवं जिला मंत्री क्रांति सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि सरकार ने एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण ने देश की अर्थव्यवस्था को कमजा. ेर करने का कार्य किया है। आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं जिला मंत्री आशीष सक्सेना ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन का संघर्ष ईमानदारी से कर रहा है। हम हर स्तर पर अटेवा के साथ है। राजकीय वाहन चालक महा संघ के क्षेत्रीय मंत्री संजीव कुमार, जिला ध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, जिला मंत्री हेमराज सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस केवल एक छलावा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह व सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग लेकर आगामी 25 नवंबर दिल्ली में होने वाली महारैली को सफल करने का आह्वान किया। राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार एवं राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने कहा कि निजीकरण देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक है, जिसका हमें संगठित होकर विरोध करने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल एवं ग्राम्य पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री संजय सिंह ने कहा कि संगठित होकर यदि संघर्ष करेंगे तो निश्चित ही शीर्घ सुखद परिणाम मिलेंगे। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया जावेद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री मनोज कुमार यादव ने पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में अटेवा के संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा निरंतर ईमानदारी से संघर्षरत है।

इस अवसर पर कौशल गौतम, रीवा सिंह, रीता देवी, रेखा सैनी, गीता रानी, अलका रानी, निशि वर्मा, खुशी वर्मा, शैलजा रानी, भूपेंद्र चौधरी, प्रदीप कुमार वर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, विजेंद्र कुमार, जगदेव सिंह, कुलदीप कुमार, कुल. वीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, आकाश दीप, अनुज कुमार यादव, विनीत कुमार गहलोत, चंद्रशेखर सिंह, करन वीर सिंह, नितिन कुमार, दुष्यंत कुमार, खड़क सिंह, हेमन्त कुमार, सन्नी सिंह, राजीव कुमार, अरविंद कुमार, बृजेश कुमार चौधरी, विकास पाठक, सुनील कुमार, मंजीत ठाकरान, अनंत कुमार, बृजेश कुमार मिश्रा, रामवतार सिंह, जैनेन्द्र, मौहम्मद शाहनवाज, विजय पाल, कामता प्रसाद, बृजेश खरवार, रवि चंद्र चौधरी, सुजीत कुमार यादव, पंकज कुमार गुप्ता, विनोद कुमार यादव, बालेश कुमार, डॉ. सुनील कुमार, वाजिद हुसैन आदि ने संबोधित किया।

# सादगी के साथ निकला जुलूस ए मोहम्मदी

## अकीदतमंदों ने भारी संख्या में लिया भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में बारह रबी उल अव्वल के मौके पर जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी अकीदत, पुरखुलूस अन्दाज में सादगी के साथ मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह जुलूस ए मौहम्मदी निकाले गए और जलसा ए सीरत उन्नबी का एहतमाम किया गया।

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 12 रबी उल अव्वल के मौके पर क्षेत्र के ग्राम चौहड़वाला, मीरापुर मोदीवाला, दुलीचंदपुर में जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी सादगी व अकीदत के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में बारह रबी उल अव्वल के मौके पर जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी का जश्न बड़े ही अकीदत सादगी, मौहब्बत और भाईचारे के साथ मनाया गया। जिसमें बस्ती के तमाम बुजुर्ग, बच्चे और नौजवान अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस का आगाज मदरसा नुरुल उलूम से शुरू होकर गांव की गलियों से होते हुए नेशनल हाईवे से गुजर कर वापस मदरसे में जाकर समाप्त हुआ।

दूसरी जानिब मदरसा गौसिया अंसारुल इस्लाम से जुलूस ए मौहम्मदी का आगाज जो मदरसे से निकलकर बस्ती के बीच रास्ते से होते हुए नेशनल हाईवे 734 पर पहुंचा और वापस मदरसा गौसिया अंसारुल इस्लाम में जाकर समाप्त हुआ। जुलूस ए मौहम्मदी के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी निरीक्षक अफजलगढ़ सुमित राठी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

इस मुबारक मौके पर युवा नेता व समाजसेवी मौहम्मद जमशेद अंसारी, प्रधान पति वहीदुर्रहमान, पूर्व प्रधान सइदुर्रहमान, मौहम्मद गफ्फार, हनीफ चौकीदार, डॉ. जीशान अहमद, अल्तमश, निसार अहमद, सलीम अहमद, निजामुद्दीन आदि ने जुलूस निगरानी की कमान संभाली और जुलूस के बाद मदरसा में एक जलसा ए सीरतुन्नबी मुनाअकिद हुआ।

कारी कासिम राजा, इमाम रियाजुलहक साहब, मौलाना जहीरुलहक साहब, मौलाना शमीम अहमद इमाम जामा मस्जिद ने 12 रबी उल अव्वल की फजीलत बयान करते हुए कहा कि नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की विलादत (यौम ए पैदाइश) के रूप में मनाया जाता है। कुछ मौअररिखीन का कहना है के 12 रबी उल अव्वल को ही सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की वफात का भी दिन है।

इस अवसर पर अनवर हुसैन, सलाउद्दीन मेंबर, हाजी जमालुद्दीन, अकरम अहमद, कासमुद्दीन ठेकेदार, बुजुर्ग नौजवान व बच्चे मौजूद रहे। जलसे में मौजूद भारी संख्या में लोगों ने उत्तराखंड, पंजाब आदि मुल्क के सभी हिस्सों में आई बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा और तमाम उन जगहों पर जहां लोग परेशान, बेहाल, बेबस है उनके पशु और तमाम मखलुकात लाचारी की जिंदगी जी रहे हैं। सभी के लिए सामूहिक रूप से अमन और चैन के लिए दुआएं मांगी गई।

# कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया गया।

छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा उनके मार्गदर्शन और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रधानाचार्या रेखा देवी ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के जीवन की नींव मजबूत करते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु प्रेरित करते हैं। सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। डॉ. प्रीति सिंह एवं श्रीमती रुचिका यादव द्वारा कार्यक्रम निर्देशित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# आईजीआरएस से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक

## शिकायतों को सही प्रकार से निस्तारण करना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक आंशिक दीक्षित की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



अपर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों के द्वारा आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का सही प्रकार से निस्तारण न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की सही प्रकार से जांच करते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उसी शिकायत के निस्तारण को निस्तारित माना जाएगा, जिस पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत की मौके पर जांच करने से पूर्व शिकायतकर्ता और जिनके विरुद्ध शिकायत की गई दोनों पक्षों को सूचित करें। दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद जांच की प्रक्रिया को पूर्ण करें।

जांच पूरी होने के बाद शिकायतकर्ता द्वारा शिकायती पत्र पर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करें और ओटीपी नंबर सहित उसकी उसकी संतुष्टि प्राप्त करने के बाद संबंधित अधिकारी उस पर अपनी टिप्पणी अंकित कर आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत को निस्तारित करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण कार्य को पूर्ण गंभीरता और गुणवत्ता के साथ संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि शिकायत का प्रकरण अदालत में विचाराधीन है तो शिकायतकर्ता को उसके बारे में संज्ञानित करते हुए निस्तारण न होने का स्पष्ट कारण बताएं और उसकी संतुष्टि भी प्राप्त कर लें।

उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आईएएस/बीडीओ कुणाल रस्तौगी, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# एसबीडी में शिक्षकों को सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभागार को विशेष रूप से सजाया गया था। प्रबन्ध समिति द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया तथा शिक्षिका/शिक्षक वर्ग ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान द्वारा स्वरचित सरस्वती वन्दना 'मां सरस्वती' मधुर स्वर में प्रस्तुत की। तत्पश्चात शिक्षिकाओं व छात्राओं ने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। व्यवस्थापिका रेणु गोयल ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की मेहनत और समपर्ण की सरहाना की।

कार्यक्रम में बीएड की छात्रा कु. आयुषी ने भाषण की प्रस्तुति दी। बीएड की छात्रा कु. उज्मा अली ने शिक्षक महत्त्व पर कविता प्रस्तुत की।

प्राचार्या के उद्बोधन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुषमा सिंह बीएड विभाग द्वारा किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक/शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त कर्मचारी वर्ग का सहयोग रहा।

# वीरा में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित कुवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप मे मनाया गया।



## छात्र-छात्राओं ने दी सुंदर प्रस्तुति

इस अवसर पर कॉलेज ऑडिटोरियम मे एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक अतुल द्विवेदी, संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लोकेश अग्रवाल एवं समस्त विभागाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, उन्हें सभी ने सराहा।

संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने कहा कि आज का दिन शिक्षकों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व गौरवान्वित होने का दिन है जो कि पूरा देश शिक्षक दिवस के रूप मे मनाता है। निदेशक ने शिक्षक दिवस के अवसर पर केक काट कर सभी को शुभकामनाएं दी।

प्रबन्ध तंत्र की ओर से कॉलेज सचिव कुंवर उदयन वीरा, कुंवरानी रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) व रेडियो संदेश सचिव श्रीमति स्वाति वीरा महाजन ने सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन नायला नईम ने किया।

इस अवसर पर इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा. डॉ. फैजल अंसारी व सुनील कुमार भारद्वाज, श्वेता गौड़, विमल कश्यप, ललित कुमार, मोहित शर्मा, उज्जवल कुमार, सौरभ बालियान, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे आई गुरुद्वारा कमेटियां



**अफजलगढ़।** ग्राम पैबंदखेड़ी गुरुद्वारा में पूर्व ग्राम प्रधान प्रत्याशी गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व में पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों की मदद के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अफजलगढ़ व आसपास के गुरुद्वारों की कमेटियों के सहयोग से खाने-पीने की सामग्री इकट्ठा की जा रही है। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा कमेटियां बढ़-चढ़कर सहयोग कर रही हैं। सारी सामग्री पैबंदखेड़ी में संग्रहित कर एक प्रतिनिधिमंडल के जरिए पंजाब भेजी जाएगी। इस दौरान गुरप्रीत सिंह, जसविंदर सिंह, जसवीर सिंह, महेंद्र सिंह, गुरचरण सिंह, गुरदेव सिंह, सोहन सिंह, जसप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, सतनाम सिंह, अमरजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, मक्खन सिंह, जसपाल सिंह और अध्यापक सलाहुद्दीन समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मासिक पत्रिका ने किया विभूतियों को सम्मानित

**बिजनौर।** नगर से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका 'ब्राह्मण अन्तर्राष्ट्रीय समाचार' द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वाधीनता दिवस पर विभिन्न विभूतियों को सम्मानित करने की श्रृंखला में इस वर्ष चयन समिति द्वारा श्री नरेन्द्र दामोदर मोदी जी को 'युग दृष्टा', श्री योगी आदित्यनाथ जी को 'राजषि' की मानद उपाधि से अलंकृत करने के साथ ही श्री नवनीत जैन को 'लाल बहादुर शास्त्री स्मृति सम्मान', श्रीराम दर्शन अग्रवाल को 'स्व. अटल बिजारी वाजपेयी स्मृति सम्मान' तथा सुश्री खुशबू कर्णवाल को 'स्व. महाश्वेता चतुर्वेदी स्मृति सम्मान' प्रदान किया गया। यह जानकारी देते हुए चयन समिति के सचिव हुक्का बिजनौरी ने बताया कि इन सभी विभूतियों को सम्मान पत्र स्पीड पोस्ट द्वारा भेज दिये गये हैं।

# बांध की सुरक्षा के दृष्टिगत छोड़ा गया पानी

**कालागढ़।** रामगंगा बांध कालागढ़ का जलस्तर पहाड़ों पर वर्षा के कारण बढ़ गया है। साथ ही बांध क्षेत्र के कंेचमेंट में अत्यधिक वर्षा से पानी रामगंगा बांध मे लगातार बढ़ रहा है। बांध मे अत्यधिक पानी की वृद्धि के कारण मुख्य अभियंता पूर्वी गंगा, सिंचाई जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश नलकूप कालोनी, सिविल लाइन मुरादाबाद के अनुसार रामगंगा जलशय का जलस्तर 360 मीटर तक भरे जाने की अनुमति प्रदान की गई। बाढ़ की स्थिति में जल निकासी व्यापक निगरानी रखते हुए जल निकासी कर बांध का जल स्तर 360 मीटर रखा जायेगा। अत्यधिक कैंचमेट से पानी आते रहने के कारण 1000 या उससे अधिक पानी की निकासी कर बांध के जलाश्य को नियंत्रण किया जायेगा। रामगंगा जल विद्युत गृह कालागढ़ की मशीन नम्बर तीन के माध्यम से विद्युत उत्पादन कर पानी की निकासी की जाएगी।

# हादसे में बाइक सवार घायल

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के भूतपुरी-जसपुर मार्ग स्थित शेरगढ़ मोड़ बाइक सवार राहगीरों के लिए मौत का काल बन गया है। इस मोड़ पर आये दिन सड़क दुघर्टना होती आ रही हैं। जिला प्रशासन या जनप्रतिनिधि इस समस्या का समाधान नहीं निकाल पा रहे है। जिस कारण आये दिन उक्त मोड़ पर सड़क दुघर्टनाएं हो रही है। मोड़ पर संकेत या सिग्नल न होने का मुख्य कारण माना जा रहा है। बीती शाम बाइक और कार भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। उदयराज सिंह पुत्र टीकम सिंह व निशांत पुत्र ज्ञान प्रकाश निवासी मिलक जहांगीराबाद थाना नहटौर बाइक से थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर राजौरी जा रहे थे। शेरगढ़ मोड़ पर कार की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

# स्कूलों में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

## छात्रों ने डा. राधाकृष्णन को दी श्रद्धांजलि, शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन स्कूलों एवं कॉलेजों में शिक्षक दिवस के रूप मे मनाया गया। छात्र छात्राओं ने शिक्षकों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किये। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।





प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के आरयूएम उच्चतर माध्यमिक स्कूल में छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने कहा कि हम अपने जीवन के लिए माता पिता के ऋणी होते है। लेकिन एक अच्छे व्यक्तित्व के लिए एक शिक्षक के ही ऋणी होते हैं। क्योंकि शिक्षक ही अपने शिष्य को उसके वास्तविक गुर्णो व अवगुणों से उसका परिचय करवाता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर अरशद हुसैन, मौहम्मद आलम अंसारी, रिहान अहमद, शकील अहमद, रईस अहमद, रिजवान अहमद, कैलाश चन्द्र, विजयपाल सिंह, सुरेन्द्र पाल, नफीस अहमद, रईस अहमद, इरशाद अहमद सहित प्राइमरी इंचार्ज इकबाल अहमद, मौहम्मद उस्मान, नईम अहमद सहित आदि शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

उधर दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य विनीत कुमार त्यागी ने कहा कि जन्मदाता से ज्यादा महत्व शिक्षक का होता है। क्योंकि ज्ञान ही व्यक्ति को इंसान बनाता है तथा जीने योग्य जीवन देता है। प्राइमरी प्रभारी विजय कुमार वर्मा सहित शिक्षक मौजूद रहे। वहीं नगर के शेरकोट मुस्लिम कन्या कालेज शेरकोट की प्रधानाचार्य नूर अंफ्शा ने कहा कि हर किसी की सफलता की नींव में एक शिक्षक की भूमिका अवश्य होती है। बिना प्रेरणा के किसी भी ऊंचाई तक पहुंचना असम्भव है। इस अवसर पर मनीष रस्तोगी सहित अध्यापिका मौजूद रही।

उधर नगर के एसएम गुडविल अकादमी में टीचर्स डे के उपलक्ष में प्रबंधक अंकुर जैन व अनामिका जैन की ओर से केक काटकर व सभी टीचर्स को उपहार देकर टीचर्स डे की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा, प्रधानाचार्या संगीता चौहान, तलबिया, नाजिया, पूजा, हिना, सुमित्रा, महिमा, कुलदीप, ललित अर्शी, सोनी, फरकनदा, सोफिया, इकरा, अक्षी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर

### युवक का शव मिलने से हड़कंप

**मंडावर।** गांव रावली निवासी रोहित (30 वर्ष) पुत्र मदनपाल पिछले तीन दिनों से दिखाई नहीं दे रहा था। उसके दिखाई नहीं देने पर आज दोपहर रोहित का चचेरा भाई सुनील खेत पर गया था। इसी दौरान उसने कोठरी का दरवाजा खोला तो रोहित का शव कोठरी के अंदर चारपाई पर पड़ा था। रोहित का शव चारपाई पर पड़ा देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर परिजन व ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि शव तीन-चार दिन पुराना लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ईमानदारी अभी जिंदा है



**अफजलगढ़।** ईमानदारी आज भी जिंदा है, इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है ग्राम मेघपुर निवासी इरशाद अहमद पुत्र अलेहसन ने। उनके इस नेक काम की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है जानकारी के अनुसार तहसील धामपुर के ग्राम अलीपुर निवासी शौकीन अहमद पुत्र शरीफ अहमद का पर्स रास्ते में गिर गया था। पर्स में 6,500 रुपए नगद, गाड़ी का लाइसेंस, आधार कार्ड, बैंक का एटीएम कार्ड सहित कई जरूरी कागजात रखे हुए थे। ग्राम मेघपुर के इरशाद को यह पर्स रास्ते में मिला। उन्होंने इंसानियत और ईमानदारी का परिचय देते हुए असली मालिक को खोज निकाला और पूरा पर्स सही-सलामत लौटा दिया। पर्स मिलने पर मालिक शौकीन अहमद के चेहरे पर खुशी लौट आई। वहीं, ग्रामीणों ने भी इरशाद के इस कदम की खुले दिल से सराहना करते हुए कहा कि उनका यह काम समाज के लिए प्रेरणा है और हर किसी को इससे सीख लेनी चाहिए।

### ईद उल मिलादुन्नबी मनाया

**कालागढ़।** ईदुल मिलादुन्नबी मुहम्मदी का भव्य आयोजन किया गया। जगह-जगह मस्जिदों मे फातिहा पढ़ी गई। तबर्रुक का वितरण किया गया और मुल्क की सलामती, अमन-चैन व बाढ़ पीड़ितों के लिए की दुआ की गई। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शामिल होकर अपने जज्बे का इजहार किया। जगह-जगह लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जलपान की व्यवस्था की गई। धार्मिक उत्साह और भाईचारे का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

### पचास दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर।** गांव फरीदाबाद उर्फ फरीदपुर निवासी किसान रईस अहमद पुत्र जमीर अहमद के जंगल में स्थित नलकूप से 15 जुलाई 2025 को चोर लोहे का डिलीवरी पाईप, कोनी, रिफेकसवॉल, केबिल तार चोरी करके ले गए थे। लोहे का डिलीवरी पाईप, कोनी, रिफेकसवॉल भारी होने के कारण बराबर में गन्ने के खेत में डाल गए थे। लेकिन केबिल तार चोरी कर ले थे। अब पुलिस ने 50 दिन बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती को बहलाकर ले जाने का आरोप

**शेरकोट।** युवती के बिना बताए घर से चले जाने से उसके परिजनों में हड़कंप मच गया । युवती के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पुत्री को शिवम पुत्र राजपाल निवासी गांव नियामतपुरा थाना शहर कोतवाली बिजनौर बहला-फुसलाकर ले गया है। वहीं थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर शिवम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवती का पता लगाने की कोशिश कर रही है।




सम्भल- ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में अजमल चौक पर जलसे को सम्बोधित करते खवाजी कलीम अशरफ व जुलूस में शामिल लोग।



सम्भल- सराय तरीन में थाना प्रभारी को सम्मानित करते जुलूस के आयोजक।



सम्भल-ईद मिलादुन्बी के जुलूस में झंडा लहराते मुशीर खां।

# सरकार की आमद मरहबा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पैगम्बरे इस्लाम (स. अ.) के यौमे पैदाईश पर जनपद भर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस पूरी शानो शौकत एवं अकीदत अहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस में जगह-जगह लंगर व तबर्रूक का वितरण किया और सोना आया रे सज गइ गलियां बाज़ार आदि नाते वातवारण में गुंजायमान रहीं।

शुक्रको जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जुलूस में विभिन्न मदरसों के छात्रों और शिक्षकों ने शिरकत की। ईमामे ईदगाह मौलाना हाजी ज़हीरूल इस्लाम के नेतृत्व में मौहल्ला चमन सराय, जगत से शुरू हुआ जुलूसे मौहम्मदी एजेंटी तिराहा, आर्य समाज मार्ग, मौहल्ला कोट गर्बी फड़ वाला कुंआ एक मीनार की मस्जिद बनकर बाज़ार चक्की का पाट, मुख्य बाज़ार कोतवाली होता हुआ मदरसा अजमल उलूम पहुंचा। यहां से शुरू हुआ मुख्य जुलूस रवाना होने के बाद मदरसा खलीलुल उलूम, मदरसा मदीनतुल उलूम, तिमरदास सराय से होता हुआ खग्गू सराय में पहुंचकर अजमल उलूम के जुलूस में शामिल हो गया। जबकि अंजुमन तिराहे पर मदरसा अशरफिया ज़मीरूल उलूम, मदरसा इंतेज़ारिया, मदरसा जै़नुल आबेदीन एवं नखासा महमूद खां सराय कोट देहली दरवाज़ा, फतेहउल्ला सराय के अलावा विभिन्न रास्तों से होते हुए छोटे-बड़े जलसे को खिताब करते हुए उलेमाओं ने कहा कि नबी की आदम से पहले दुनिया में औरत की कोई इज़्ज़त नहीं थी और लोग बेटियों को ज़िंदा दफन कर रहे थे,नबी तशरफ लाए और नबी ने औरत को इज़्ज़त देने का हुक्म दिया और उसकी अजमत ब्यान कर उसे दुनिया में जीने का हक दिया। उन्होने कहा कि आज अगर औरत जिंदा है यह मिलादुन्नबी का सदका है। मुफ्ती आलम रजा नूरी ने कहा कि हमारे नबी ने दुनिया को इन्सानियत का पैगाम दिया। अमन और शांति का संदेश दिया। सलातो-सलाम पढ़कर मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए काइदे जुलूस कारी तन्जीम अशरफ अजमली ने दुआ कराई। जुलूस का संचालन मुफ्ती आलम रजा नूरी ने किया। जुलूस में मुख्य रूप से कारी वसी अशरफ, मौलाना महबूब, मौ. तकी अशरफ, आदि मौजूद रहे।

विकासखंड असमोली की ग्राम पंचायत सफात नगर में जुलूसे मोहम्मदी शानो शौकत के साथ निकल गया जामा मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस पूर्व की भांति गांव के मुख्य मार्गो से होकर शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। मौलाना ने बताया कि इस त्यौहार को 10 वर्ष पूर्व से मनाते आ रहे हैं और पूरे गांव के जुलूस निकलवाने में सभी वर्गों का

### अकीदत व शानौ शौकत से निकला जुलूसे मोहम्मदी

सहयोग रहता है।इसके अलावा मऊ भूड़, मढन,असमोली, दारापुर, मनोटा और ग्राम पंचायत सफात नगर आदि ग्रामों में भी जुलूसे मौहम्मदी शांति पूर्वक निकाला गया। उप नगरी सरायतरीन मैं इस्लाम धर्म के प्रवर्तक मानवता के दूत हजरत मौहम्मद साहब के जन्म दिन पर जुलूस ए मोहम्मदी पूरी शान और शौकत के साथ निकाला गया। जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर नवाब खेल ,राव वालान ,धोबियान, चकली , पन्नीगरान , मंगल पुरा, आदि क्षेत्रों में विभिन्न जलसों का आयोजन कर सजावट की गयी और इस्लामी झंडे लगाए गये। जबकि बड़ा जुलुस परंपरागत रूप से मदरसा जिया उल उलूम मोती मस्जिद, बारह दरी सराय तरीन से शुरू हुआ, जो बजरिया चौक, चाहनायक, मंगल पुरा,, नवाब खेल, बाजार गंज होते हुए पुलिस चौकी पहुंचा जहां हर साल की तरह इस साल भी जलसा आयोजित किया गया, जिसमें अहल-ए-सुन्नत के औलमा ए किराम ने अनुकरणीय भाषण दिया। और पूरी दुनिया को बताया कि हमारे पैगंबर स.अ. ने अपनी पूरी जिंदगी मानवता की रक्षा की ,और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए हैं, आपकी मुहब्बत ईमान का हिस्सा है, अगर किसी को आपसे दुश्मनी हो तो वह खुद को मोमिन न समझे। अल्लाह के नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने बेटियों को जिंदा दफनाना बंद कराया ,उन्हें सम्मान दिया, समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया और उन्हें हमेशा प्यार करना सिखाया।

**सिरसी।** ईदमिलादुन्नबी अकीदत के साथ मनाई गई। इस जश्न के मौके पर सुबह से ही सरकार की आमद मरहबा के नारे गूंज रहे थे। बच्चों का भी जोश देखते बन रहा था। कस्बे के दारूल उलूम इस्लामियां इस्लाहुलकौम की जानिब से हर साल की तरह इस वर्ष की जुलूसे मौहम्मदी पुरी शान और शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस में समाज में फैली बुराइयों को दूर करने व शांति का पैगाम देने का काम किया। जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होता हुआ बुद्व बाजार जाकर सम्पन्न हुआ।जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना हजरतनगर गढ़ी प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर, चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल पुलिस बल सहित मौजूद रहे।अंम में मुफ्ती आलम रजा नूरी ने अमनो-अमान की दुआ करायी।

# पीयूसीएल ने शुरू की रूमान खां के परिजनों को न्याय दिलाने की मुहिम

### फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों के आधार पर एसपी व डीजीपी को दिए गए प्राथर्ना पत्र पर पांच माह बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गत 24 नवम्बर को सम्भल में हुइ हिंसा के दौरान फायरिंग में मारे गए रूमान खां के परिजन जब एफआईआर दर्ज कराने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे थे, तब नागरिक संगठन प्यूपिल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज से जुड़े कमल सिंह एड. ने सामने आकर पुलिस के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। किन्तु पुलिस अधीक्षक व पुलिस महानिदेशक ने इस मामले में अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। किन्तु अब इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता ने उच्च न्यायालय की शरण में जाने का मन बना लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित शाही जामा मस्जिद एएसआइ द्वारा संरक्षित है। जिसको लेकर चन्दौसी के सिविल जज सी.डि. की अदालत ने 19 नवम्बर को कोर्ट कमयनर नियुक्त कर वादग्रस्त स्थल का निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। जिस पर कोर्ट कमिश्नर ने उसी दिन सांय को जामा मस्जिद में कोर्ट कमीशन की कार्रवाई को अंजाम दिया था दूसरे चरण में 24 नवम्बर 24 को जब सर्वे की कार्रवाई की जा रही थी तब हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान पथराव व फयरिंग में गोली लगने से अयान, नईम गाज़ी, बिलाल, कैफ, रूमान खां समेत पांच की मौत हो गयी थी। पुलिस ने चार युवकों का पीएम कराया था और उनके परिजनों की तहरीर पर चार अलग-अलग अभियोग अज्ञात के विरूद्व दर्ज कर लिये थे। पुलिस ने अपनी विवेचना में मुल्ला अफरोज सहित कई लोगों को हत्यारोपी बनाया था। जबकि परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के ही रूमान खां को सुपुर्दे खाक कर दिया था ओर उनकी तरफ से कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया था। माना जा रहा था कि किसी अंजाने खौफ के कारण रूमान खां के परिजन सामने नहीं आ रहे हैं। जब नागरिक संगठन प्यूपिल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की टीम ने सम्भल का दौरा कर 24 नवम्बर की घटना की फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट तैयार की तब यह सच सामने आया था कि हिंसा की घटना में मारे गए रूमान खां के परिजनों ने अभी तक हत्या का मामला दर्ज नहीं कराया है। जिस पर दिल्ली के मॉडल टाउन नॉर्थ वेस्ट निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जुड़ कमल सिंह एड. ने दो अप्रेल 2025 को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक व पुलस को अध ीक्षक को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था जिसमें कहा गया था कि वह नागरिक व मानवाधिकार कार्यकर्ता है और 24 नवम्बर को करीब 10-11 बजे थाना कोतवाली सम्भल उत्तर प्रदेश की घटना हे। सम्भल हयात नगर मौहल्ला पठानों वाला निवासी छोटे खां के 45 वर्षीय रूमान खां की सीने पर फायर आरम से गोली मारकर हत्या की गई है। घटना के समय मृतक साईकिल पर फेरी लगाकर बेबी गार्मेंट बेच रहा था। मृतक की साइकिल, बिक्री वाले कपड़ों की गठरी, पैसे आदि भी लूटकर ले गए थे। मृतक के शरीर पर चोट के भी निशान थे। कुछ लोग उसकी लाश को उठाकर मृतक के ससुर यासीन खां घड़ीसाज की मौहल्ला नखासा बाज़ार स्थित दुकान तक लाये। मृतक के पुत्र अदनान ने बताया कि नाना यासीन द्वारा सूचित होने पर 12 बजे दिन तक वह परिवार के सदस्यों के साथ शव के पास पहुंचकर वह ओर साथ के लोग लाश को पठान वाला स्थित घर लाकर परिवारजन और मौहल्ले वालों सहित एकत्र होकर जनाजे क साथ सांय छह बजे मृतक को पास के कब्रिस्तान में सुपुर्दे किया गया। अदनान ने बताया कि घटना के बारे में पुलिस को रिपोर्ट नहीं लिखायी क्योंकि पुलिस फायरिंग के दौरान ही मृतक की मौत हुई थी। डर था कि शिकायत की तो पुलिस परिवार के अन्य सदस्यों को परेशान और फर्जी मुकदमें में फंसा सकती है। उधर कमल सिंह एड. ने बताया कि पीयूसीएल की पैक्ट फाइंडिंग टीम के पीयूसीएल के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुरदास भास्कर एड. , पीयूसीएल दिल्ली के सचिव एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वर्तिका मणि त्रिपाठी, यशपाल सिंह एड., इंतेखाब हुसैन ने 8 अगस्त 25 को पुलिस अधीक्षक सम्भल के कार्यालय में मुलाकात करके रूमान की हत्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी थी। रूमान की हत्या के सम्बंध में समाचार पत्रों व मीडिया में लगातार सूचना प्रकाशित हुई है। टीम के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक से मामले का संज्ञान लेकर मृतक रूमान की हत्या के जघन्य मामले में शव कब्र से निकालकर पीएम करके विधि के अनुसार मामले का अन्वेषण करने की मांग की है। ताकि दोषियों को दंडित किया जा सके। कमल सिंह एड. ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई भी कार्रवाई पुलिस स्तर से नहीं की गई है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व दोषियों को दंडित कराने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दस्तक दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में सलमान ने भी सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर अपने मृतक भाई बिलाल की हत्या के लिए पुलिस को जिम्मेदार बताते हुए न्याय की गुहार लगायी थी। जिस पर कोर्ट की डबल बैंच ने मामले का संज्ञान लेकर याचिका कर्ता को ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रोटेस्ट पिटीशन दायर करने के आदेश दिए हैं।

# पैथोलॉजी लैब चला रहे लैब टेक्नीशियन

### गोपनीय छापामार कार्रवाई में खुल सकती है कलई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पैथोलॉजी लैबों को बगैर रजिस्ट्रेशन संचालन को तो छोड़िए यहां तो आधा दर्जन एक्स-रे लैबों का संचालन भी फर्जी तरीके से किया जा रहा है। अगर इन एक्स-रे लैबों के रजिस्ट्रेशन की सत्यता से जांच की जाए तब हकीक़त खुलकर सामने आ जाएगी और कितने ही ऐसे फर्जी रेडियोलॉजिस्ट बेनकाब भी होंगे। यह बात बिल्कुल सत्य है कि क्षेत्र में दर्जनों पैथोलॉजी लैबों का संचालन बगैर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है या यू कहें कि एमबीबीएस चिकित्सक की आड़ में डीएमएलटी (डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन) फर्जी तरीके से लैबों का संचालन कर रहे हैं। बात यहीं खत्म नही होती क्योंकि जिस तरह से नगर व आसपास क्षेत्र में पैथोलॉजी लैबों का संचालन फर्जी तरीके से किया जा रहा है उसी तरह से एक्स-रे लैब भी संचालित की जा रही है। बताते चले कि कुछ पैथांलोजी लैब का संचालन करने के एमबीबीएस पैथलेब में एमडी करने के लिए वैद्य है। इनको छोड़कर बाकी डिग्री धारक चिकित्सक की डिग्री लगवाकर रजिस्ट्रेशन करवा लिये हैं,लेकिन उन पर केवल नौसिखिये ही ऊल जलूल रिपोर्ट देकर डायग्नोसिस के नाम पर खेल कर रहे हैं। रजिस्ट्रेशन कराकर लैब की दुकानें चला रहे पैथलोजिस्ट की सत्यता स गोपनीय जांच की जाये तो न केवल दूध का दूध और पानी का पानी हागा, बल्कि काफी चेहरे फर्जी पैथलोजिस्ट के चेहरे बेनकाब होंगे। इतना ही नहीं अब तक प्रशासनिक अधिकारियों की निगाह में आला बने नोडल अधि कारियों की सत्यता भी खुलकर सामने आयेगी कि सख्त आदेशों के बाद भी अवैध रूप से पैथेलोजी लैबों का संचालन केसे और किसके इशारे पर किया जा रहा था। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग के अला अधिकारियों से लेकर जिला व स्थानीय प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर अवैध लोगों की जेबों पर डाके डाल रहे अवैध पैथेलोजी लैबों की कलई खोलनी चाहिए।

# बच्चों से उपहार लेने तक सीमित होकर रह जाता है शिक्षक दिवस

### बच्चों को सीख देने के बजाए लिए गए उपहार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल** पूर्व राष्ट्रपति के जन्म दिन पर मनाया जाने वाला शिक्षक दिवस उपहार लेने तक सीमित होकर रह जातो है। स्कूलों में गोष्ठी आदि आयोजित कर बच्चों को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन करने के बजाए गिफ्ट इकटठे कर शिक्षक दिवस मनाया जाता है जबकि पूर्व में शिक्षक दिवस पर स्कूलों में गोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को कुछ बनने के लिए प्रेरित किया जाता था, लेकिन अब यह दिवस उपहार पाने का दिवस बनकर रह गया है। शिक्षक दिवस पर उपहार लेकर बच्चों को घरों को रवाना कर दिया जाता है। जबकि पूर्ववर्षों में स्कूलों में गोष्ठियां आदि का आयोजन कर बच्चों को पूर्व राष्ट्रपति की प्रेरणादायक बातों की जानकारी देकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता था लेकिन अब ऐंसा देखने को नहीं मिलता।

# एगमार्क लाइसेंस की फीस में किसान संगठनों को भारी छूट

### कृषि विपणन एवं कृषि विदेश विभाग से किया जा सकता है सर्म्पक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले एगमार्क लाइसेंस की फीस में किसान उत्पादक संगठनों को भारी छूट प्रदान करने की घोषणा की गई है। इसका लाभ अब समस्त कृषक उत्पादक संगठन प्राप्त कर सकते हैं।

एगमार्ग वर्गीकरण योजना के अंतर्गत गुणवत्ता मानक के नए अधिकार प्रमाण पत्र (लाइसेंस) बनवाने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क 5000 से घटाकर मात्र रुपए 500 कर दिया गया है जिसे निर्धारित प्रपत्रों के साथ ऑनलाइन जमा करके आवेदन किया जा सकता है। आवेदन शुल्क की ीस में यह छूट कृषक उत्पादक संगठन को प्रदान की जाएगी। जिसका लाभ अपने उत्पाद की पैकिंग करने वाले एफपीओ प्राप्त कर सकते हैं। जैसा कि पूर्व विदित है कि एगमार्क आपके उत्पाद की गुणवत्ता का भरोसा दिलाता है तथा इसका अधिाकार प्रमाण पत्र (लाइसेंस) भारत सरकार द्वारा जारी किया जाता है। आवेदन करने हेतु निरीक्षक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार, विभाग जनपद सम्भल से संपर्क किया जा सकता है।

# खाद वितरण पर समीक्षा बैठक की चर्चा की गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** खाद वितरण प्रणाली में किसानों को आ रही समस्याओं को लकर समीक्षा बैठक का आयोजन नारगंपुर में किया गया। बैठक में खाद वितरण और पारदर्शिता पर चचा की गई। जबकि सम्बंधित अधिकारियों सहित व्हाटसएप्प ग्रुप बनाया गया। बैठक में किसान और अधिकारियों के सामंजस्य से खाद वितरण प्रणाली में हो रही समस्या को दूर करने का प्रयास और उसके वितरण पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में किसानों के अलावा सहकारी संगठन चाटन, सहकारी संघ बहजोई, सहकारी संघ रसूलपुर ध तरा और सहकारी संघ पाटकपुर व सहकारी संग से पीड़ित किसान मौजूद रहे। बैठक मे संत्येन्द्र यादव, पवन यादव, होराम सिंह, सत्यवीर यादव, राजकुमार यादव, रामवीर सिंह श्योराज सिंह रामौतार आदि मौजूद थे।

# नगर में फैल रहा वायरल का प्रकोप

### स्वास्थ्य विभाग ने उपचार व पालिका ने रोकथाम की नही की व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर व उसके आसपास के क्षेत्रो में फैले वायरल से चिकित्सकों के यहां भारी भीड़ लगी है। सरकारी चिकित्सा सुविध ा होने के कारण वायरल से पीड़ित नगर वासी निजी चिकित्सकों के हाथों लुटने पर मजबूर है तो दूसरी ओर कस्बे भर में फैले झोलाछाप चिकित्सक भी वायरल के प्रकोप का भर पूर लाभ उठाते हुए बहती गंगा में हाथ धोने से पीछे नहीं है।

नगर व इसके आसपास के क्षेत्रो में वायरल के प्रकोप ने अपने मकड़ जाल में फांस लिया है। वायरल के प्रकोप से हालात यह है कि गली हो या मौहल्ला हर जगह वायरल से पीड़ित है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस ओर से आंखे मूंद ली हैं और नगर वासियों को उन्ही के हाल पर छोड़ दिया है। ज़िला हा या फिर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग वायरल और डेंगू के बढ़ते प्रकोप को रोकने एवं राहत दिलाने के लिए दिलाने की कोई पहल नहीं की है। वायरल से पीड़ित कस्बेवासी पहले से महंगाई की मार झेल रहा है और अब निजी चिकित्सकों एवं झोलाछाप चिकित्सकों के हाथों लुटने पर मजबूर है। इसके अलावा वायरल पीड़ितों की लैबों पर की जा रही जांचों में भी रोगियों से काफी मोटी रकम ली जा रही है। प्लेटलेटस कम होने और उन्हे बढ़ाने के लिए तरह-तरह के उपयोग में लायी जाने वाली सामग्री भी ऊंचे दामों में मिल रही है। नारियल पानी की अधिक मांग पर उसके रेटों में भी काफी बढ़ोत्तरी हो रही है। एक नारियल पानी 70 तक का मिल रहा है।

# प्रत्येक मतदेय स्थलों पर बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

### एक माह के भीतर मतदेय स्थल के अनुरूप मतदाता सूची बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने, मतदेय स्थलों पर मतदाताओं हेतु सुविधा, मतदाता सूची में उचित संख्या में अनुभाग बनाने, मतदाता सूची में 18 एवं 19 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए वर्तमान मतदाता सूचीयों में मतदाताओं के नामों में त्रुटि होने, मतदाता की फोटो त्रुटिपूर्ण होने, मकान नम्बर की जगह शून्य दर्ज होने के उदाहरणों के माध्यम से वांछित सुधारों के लिए सभी बीएलओ को मतदाता सूची की ऐसी त्रुटियों को सही कराने के लिए मतदाताओं से फार्म-8 भरवाकर एक माह के भीतर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनवायेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर दिए गए निर्देशों अनुसार मतदाता सूची में 18 एवं 19 आयुर्वग के युवा मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं के अनुपात में 4 से 4.5 प्रतिशत होनी चाहिए। अधिकांश 18 एवं 19 आयु वर्ग के युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में अंकित नहीं हैं। ऐसे युवाओं को चिन्हित करने और उन्हें मतदाता बनाने के लिए माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों का सहयोग लिया जाए। शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर कर यह कार्य समय से पूर्ण किया जाए। उन्होंने चिन्हीकरण होने पर दिव्यांग मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम मोबाईल ऐप के माध्यम से चुनाव के दौरान जिला निर्वाचन अधि ाकारी से व्हीलचेयर आदि सुविध ाओं की मांग कर सकते है।।जबकि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रति मतदेय स्थल पर 1500 मतदाताओं के मानक को कम कर अब 1200 मतदाता कर दिया है। इससे अब चुनाव के दिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की भीड़ कम होगी और लंबी लाइनें नही लगेंगी। अब चुनाव के दौरान मतदाता मतदेय स्थल पर ज्यादा देर तक प्रतीक्षा किए बगैर आसानी से अपना मत डाल सकेंगे। मतदाता सूची भी बड़ी नहीं होगी और बीएलओ के लिए मतदाता सूची का सत्यापन एवं रखरखाव करना आसान हो जाएगा। इन सभी कार्यों से मतदाताओं को मतदान को लेकर सुविधा होगी और एक सुखद अनुभूति होगी। साथ ही मतदेय स्थलों पर न्यूनतम आश्वासित सुविधाएं उपलब्ध कराईं जाऐंगी। जिसमें पीने का साफ पानी, महिला एवं पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था, मतदेय स्थल पर पर्याप्त बिजली की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं की व्हीलचेयर के लिए मतदेय स्थल पर स्थायी रैम्प उपलब्ध ा होगी।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सम्भल।**

वाद संख्या: टी202513740300219 धारा 144 उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006

मौजा- तख्त गुशाईन (अन्दर चुंगी) तहसील-सम्भल।

1- रफी पुत्र इनायतुल्ला निवासी मौ0 मियां सराय तहसील व जिला सम्मल।, 2- सुभान पुत्र इनायतुल्ला निवासी मौ0 मियां सराय तहसील व जिला सम्भल। .... वादीगण

**बनाम**

1- इमरान पुत्र इब्राहिम निवासी मौ0 मियां सराय तहसील व जिला सम्भल। 2- रिजवान पुत्र इब्राहिम निवासी मौ0 मियां सराय तहसील व जिला सम्भल। 3- मौ0 रिहान पुत्र इब्राहिम निवासी मौ0 मियां सराय तहसील व जिला सम्भल। 4- मौ0 अदनान पुत्र इब्राहिम निवासी मौ0 मियां सराय तहसील व जिला सम्भल। 5- उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय सम्भल। 6- अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सम्भल। ....प्रतिवादीगण

एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम तंख्तगुशाईन (अन्दर चुंगी) तहसील सम्भल के कृषि भूखण्ड सं0 291 रकवा 0.330हे0, व गाटा सं0 160 रकवा 0.770हे0 के सम्बन्ध में वादीगण द्वारा अपने अधिकारों की घोषणा हेतु उक्त वाद न्यायालय में योजित किया है। प्रकाशन द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 08.09.2025 को न्यायालय में स्वयं व अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जबावदेही करें। यदि आपके द्वारा कोई जबावदेही प्रस्तुत नहीं की जाती है तो आपके विरुद्ध एकपक्षीय रूप से सुनवाई कर वाद का निस्तारण कर दिया जायेगा।

दिनांक-30/08/2025

**(विकास चन्द्र)**

उप जिलाधिकारी, सम्भल।

# बैन के बाद भी बिक रहा प्लास्टिक सामान

### कार्रवाई

### 50 माइक्रान से पतली प्लास्टिक के कम के उत्पादों के इस्तेमाल पर 1 लाख तक जुर्माना और 6 माह की जेल की सज़ा का प्रावधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकार का आदेश तो बस आदेश है,इसका पालन कराने को पुलिस-प्रशासनिक अमला कितना गम्भीर इसका अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है कि प्रतिबंधि त कर दिये गए प्लास्टिक सामान की बिक्री जमकर हुई। कोतवाली के समीप ही दुकानदारो ने पॉलिथिन का जमकर प्रयोग किया।

स्वास्थ्य एवं पर्यावरण और पशुओं व खेतीबाड़ी के लिए अत्यंत हानिकारक बन चुके प्लास्टिक के बने सामान पर सरकार की ओर से पहले ही पाबंदी लगा दी गई थी,लेकिन इनकी बिक्री पर कोई असर नहीं पड़ा। एक इदो दिन छापा मार कार्यवाही कराकर फोटो खिंचवाय फिर चुप्पी साध ली। चोरी-छिपे प्रतिबंधित प्लास्टिक सामान की बिक्री की जाने लगी फिर वह खुलकर दुकानों पर टंगी दिखायी देने लगी। प्रदेश सरकार ने फिर 50 माइक्रान से पतली प्लास्टिक से कम के उत्पादों का प्रयोग करते पाये जाने पर एक लाख रूपये का जुर्माना और छह माह की जेल की सज़ा का प्रावध ान कर दिया। सरकार के इस फरमान को तत्काल सख्ती से लागू करने के आदेश प्रदेश भर में पुलिस और प्रशासन को देने के साथ थानाध्यक्ष, नगर निगम, नगर पालिकाओं के क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के सामान की बिक्री पाये जाने पर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश दिये,लेकिन एक बार फिर वही साबित हो रहा है कि सरकार के आदेश तो आदेश है। अब पालन कराना पुलिस-प्रशासन की ज़िम्मेदारी है कि वह किस तरह से इसका पालन कराये। प्रदेश सरकार के इन सख्त आदेशों के बाद भी शुक्रवार को शहर भर में ठेले पर सामान विक्रेता हों या फिर छोट-मोटे एवं बड़े दुकानदार सभी के यहां प्रतिबंधित पॉलिथिन में सामान की बिक्री की जा रही थी।ठेलों और सब्जी मंडी के अलावा दुकानों पर अंदर रखी प्रतिबंधित पॉलिथिन में सामान ग्राहकों को खुलेआम दिया जा रहा है।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा जगत में करेंगे आमूल चूल परिवर्तन

### गांव-गांव संचालित है पैथोलोजी लैब और अस्पताल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति का राशि समर्पण कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें नई शिक्षा नीति, पाठयक्रम परिवर्तन, संभल के हरिहर मंदिर पर चर्चा, 68 तीर्थों में एक तीर्थ गोद लेने पर विचार सहित भारतीय इतिहास संकलन समिति को तन मन धन से सहयोग करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

कोट पूर्वी में स्थित पंजाबी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम समिति संस्थापक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम प्रचारक बाबा साहब आप्टे एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। समिति के जिला संरक्षक एवं कैला देवी धाम के महंत श्रृषि राज गिरी को शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण के साथ अभिनंदन हुआ। मंचासीन अतिथियों का समिति सदस्यों ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। प्रांत संगठन मंत्री डा.. कुलदीप कुमार त्यागी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम प्रचारकों में से एक एवं भारतीय इतिहास संकलन समिति के संस्थापक बाबा साहब आप्टे के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति के प्रांत अध्यक्ष प्रो.अशोक कुमार रूस्तगी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माधयम से राष्ट्र की शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन करते हुए अब भारत के स्वाभिमान, गर्व और गौरव का इतिहास पढ़ाया जाएगा। वर्तमान छात्र भविष्य के राष्ट्र निर्माता हैं। इन राष्ट्र निर्माताओ को भारत, भारतीय और भारतीयता से ओतप्रोत, संस्कार, त्याग, समर्पण, गर्व, गौरव से युक्त शिक्षा देने का हेतु भारतीय इतिहास संकलन समिति अपने स्तर से अहर्निश सफल प्रयास कर रही है। उन्होंने भारतीय इतिहास संकलन समिति की उपलब्धियां एवं लक्ष्य को स्पष्ट किया।मुख्य अतिथि महंत श्री श्रृषि राज गिरी ने कहा कि भारतीय इतिहास संकलन समिति दिन-रात कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि भारतीय इतिहास संकलन समिति को संभल का एक तीर्थ गोद लेकर उसके जीर्णोद्वार सहित उसकी व्यवस्था संचालन में अपने संसाध न, दिल और दिमाग लगाना चाहिए।विचार अभिव्यक्ति के पश्चात रोहित वाल्मीकि, उमेश सैनी, राकेश वार्ष्णेय, राजेंद्र सिंह गुर्जर, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, हर्षित शर्मा, चौधरी खिलेंद्र सिंह, मौजूद

# नागफनी इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**मुरादाबाद।** जनपद के नागफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, युवक की मौत से उसके परिवार में को. हराम मच गया है। परिवार के लोगों ने कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।आरोप है कि पैसों के विवाद के चलते युवक की हत्या की गई है, उसे पार्टी के बहाने घर पर बुलाया गया और उसके बाद आरोप है की खाने में कुछ देकर उसकी हत्या कर दी गई। बता दे की नागफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक अरुण अरोड़ा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, परिवार वालों ने कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक की भाभी ज्योति अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके देवर अरुण अरोरा को कुछ लोग काम के बहाने बाहर बरेली लेकर गए थे और फिर रात को नागफनी थाना क्षेत्र के दौलत बाग इलाके में किसी के यहां पार्टी में ले गए और वहां से कॉल किया कि उनके देवर अरुण की हालत काफी खराब हो गई है। उसे ले जाओ। महिला ज्योति अरोड़ा ने आगे बताया कि उन्होंने



अरुण के भाई वरुण को वहां पर भेजा तो अरुण बेसुध हालत में पड़ा था उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के भाई वरुण ने भी अपने भाई अरुण की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।आरोप है कि अरुण ने कुछ लोगों से ब्याज पर पैसा लिया था इसी विवाद के चलते उसकी हत्या की गई है।

## प्रेम-प्रसंग में छात्र की हत्या दो गिरफ्तार मुख्य आरोपी फरार

**चन्दौसी।** 25 अगस्त को कैथल में 16 वर्षीय छात्र सुमित की गला रेतकर हत्या कर दी गई, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एएसपी संभल राजेश कुमार श्रीवास्तव तथा एएसपी अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। जांच में सामने आया कि हत्या का कारण प्रेम प्रसंग था। पुलिस ने अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी सनोज अभी भी फरार है। जानकारी के अनुसार सनोज पूर्व में बाइक चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। जमानत पर बाहर आने के बाद उसने खेतों में ठेके पर काम कराना शुरू किया, जिसमें ज्यादातर महिलाएं काम करती थीं। इन्हीं में सुमित की बहन भी शामिल थी। बताया गया कि सनोज ईको वाहन भी किराए पर चलाता था। वहीं, सुमित की बहन आरोपी का नाम स्पष्ट रूप से नहीं ले रही, जबकि पकड़े गए आरोपी उसकी संलिप्तता की पुष्टि कर रहे हैं।

# फ्लेश वॉलेट लोन एप के नाम पर रंगदारी मांगने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** थाना रजपुरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फ्लैबवॉलेट लोन एप के माध्यम से भोले-भाले लोगों को लोन रिकवरी के नाम पर झांसा देकर रंगदारी मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने इस गिरोह के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त लोगों को फर्जी तरीके से लोन उपलब्ध कराने और उसके बाद रिकवरी के नाम पर डराने-धमकाने की साजिश रचते थे। पीड़ितों से रकम वसूलने के लिए यह गिरोह अलग-अलग तरीकों से दबाव बनाता था। थाना



रजपुरा पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर छापेमारी की गई और पांचों को धर दबोचा गया। आरोपियों के कब्जे से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद हुए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस गिरोह की गतिविधियों की जांच की जा रही है और इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ऐसे ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

किसी भी संदिग्ध लोन एप या कॉल के जाल में न फंसकर तुरंत पुलिस को सूचित करना चाहिए।

# मजदूर ने पत्नी और उसके प्रेमी व साली पर जानलेवा हमले का लगाया आरोप

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र मे रहने वाले एक मजदूर ने अपनी पत्नी उसके प्रेमी और साली पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है, वही घायल मजदूर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पत्नी, उसके प्रेमी और बहन समेत तीन के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। बता दें कि थाना कटघर क्षेत्र डियर पार्क इलाके के रहने वाले ओम प्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका भाई हरपाल मजदूरी करता है। वह गोविंदनगर सी ब्लॉक में किराये पर रहता है। उसकी साली प्राची भी वहीं रहती है। हरपाल का आरोप है कि उसकी पत्नी रेखा का विकास नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसका वह विरोध करता है तो पत्नी आए दिन मारपीट करती है। आरोप है कि बुधवार रात करीब दस बजे हरपाल की पत्नी रेखा और उसकी बहन प्राची घर से गायब हो गई, दोनों विकास के कमरे पर पहुंच गई। गुरुवार सुबह हरपाल भी वहां पहुंच गया, उसकी पत्नी, साली और पत्नी के प्रेमी ने उसे वहां से भगा दिया जहां से वह घर पहुंच गया। आरोप है कि गुरुवार दोपहर पत्नी रेखा, साली प्राची ने विकास को पकड़ कर उसे पीटना शुरू कर दिया।आरोप है कि इस बीच पत्नी के प्रेमी विकास ने सरिया और ईंट से हरपाल के ऊपर वार किया और वह बेसुध होकर वहीं गिर गया। मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दे दी। बाद में हरपाल का भाई ओमप्रकाश भी वहां पहुंच गया,गंभीर रूप से घायल हुए हरपाल को उपचार के लिए जिला अस्पल पहुंचाया।वहीं पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है, जिसमें पत्नी, उसका प्रेमी और साली हरपाल पर हमला करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। इस संबंध में एसएचओ कटघर संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरा. `पी पत्नी रेखा, साली प्राची और विकास के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## शिक्षक दिवस पर साक्षी सेवा समिति ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति चन्दौसी की शाखा साक्षी चन्दौसी स्टार परिवार द्वारा शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित लक्ष्मीदेवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष दमयंती सिंह और कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपत सिंह को शॉल ओढ़ाकर, शील्ड और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाओं लक्ष्मी पाठक, अर्चना चौधरी, पायल, लक्ष्मी, अंजलि चौहान को भी पटका पहनाकर, शील्ड और उपहार प्रदान किए गए।

भारतीय संस्कृति के संवाहक और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाकर उनके आदर्शों को याद किया जाता है। शिक्षा से ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग संभव है। इस अवसर पर दमयंती सिंह, विजयलक्ष्मी, सुधा शर्मा, मीरा दुबे, जयश्री, सुनीता शर्मा, वर्षा सिंधी आदि मौजूद रहीं।

# पर्यूषण पर्व का नवमा दिन उत्तम आकिंचय धर्म के रूप में मनाया

**■ अपनी आत्मा को छोड़कर संसार की समस्त वस्तुओं के प्रति ममत्व का भाव ना रखना उत्तम आकिंचय है: कौशल जैन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातकाल जैन समाज द्वारा बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का शुद्ध जल से अभिषेक किया गया उसके बाद शुद्ध जल से श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा जी की शांति धारा की गई आज विशेष पूजा रही अंतरिक्ष पार्श्वनाथ भगवान नमीनाथ भगवान नेमिनाथ भगवान नव अष्टांग सम्यक दर्शन दस लक्षण धर्म सोलह कारण आदि उसके बाद कौशल जैन प्रकाश डालते हुए बताया कि इस संसार में परिग्रह रूपी पिशाच ने संसार प्राणी को सर्वाधिक दुख दिया है जो परिग्रह को तजता है वही सिद्ध शिला में बास करता है हमें संसार में रहकर यह चिंतन करना



चाहिए कि इस पृथ्वी का अणु मात्रा भी मेरा नहीं है मैं आकिनचय हूं चेतन आत्मा ही मेरा है आज मंदिर में उपस्थित रहे राकेश जैन स कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन शशांक जैन प्रतीक जैन समीर जैन राजीव जैन अभिषेक जैन राकेश कुमार जैन एडवोकेट, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, पारूल अग्रवाल (जैन) एडवोकेट, विपुल जैन रजत जैन तंदुल जैन अक्षय जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी जैन चारू जैन शगुन जैन मिशिता जैन कल्पना जैन पावनी जैन रेनू जैन मानसी जैन शशि जैन पूजा जैन सुरभि जैन लवी जैन नेहा जैन खुशी जैन निधि जैन अरभ जैन सर्वांग जैन तनिष्क जैन यश जैन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ईद मिलादुन्नबी पर निकल रहे जुलूस का हाजी उस्मान ने किया जोरदार स्वागत



**कांठ।** शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी पर जगह-जगह धार्मिक जुलूस का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया नगर पंचायत उमरी कला में निकल रहे जुलूस का चेयरमैन मोहम्मद उसमान अली ने मंगल के बाजार, स्थित कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया उन्होंने जलपान की व्यवस्था का भी माकूल इंतजाम किया और जुलूस में सहभागिता करते हुए जुलूस निकाल रहे लोगों का उत्साह बर्धन किया। इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने अलग-अलग मामलों में किया 6 का चालान



**कांठ।** शांति व्यवस्था कायम रखने की ओर अग्रसर पुलिस ने 6 लोगों का अलग-अलग घटनाओं में चालान किया रोहित पुत्र हरिओम, मोहित पुत्र हरिओम, हरिओम पुत्र रामप्रसाद निवासी सलेमपुर थाना कांठ एवं अरविंद पुत्र रामपाल रघुवीर पुत्र रामपाल अशोक पुत्र बंसी निवासी ग्राम चकफेरी को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों के द्वारा अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था जिससे शांति भंग की आशंका भी हो रही थी इन पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने इनका चलान कर न्यायालय में पेश किया है।

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने चलाया 'एक्स' पर हैशटैग अभियान

**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रदेशीय कार्यसमिति द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद मुरादाबाद में बेसिक शिक्षकों द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ नीरज कुमार शर्मा व जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक्स (ग) पर रुकाला कानून वापस लो अभियान चलाया गया।

पूर्व विदित है कि 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए टेट परीक्षा संबंधी निर्णय से संपूर्ण देश में लगभग 10 लाख से अधिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट के बादल छा गए हैं। इस निर्णय से शिक्षकों में भारी निराशा व चिंता का माहौल है। इस पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने आज शिक्षक दिवस के अवसर शिक्षक दिवस न मनाकर एक्स (ग)के माध्यम से अभियान चलाकर सरकार से इस मामले पर हस्तक्षेप कर न्याय की मांग की गई है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का (एक्स)पर ट्वीट अभियान (रुकाला कानून वापस लो) अपराह्न 4.00 बजे तक 4 लाख पोस्ट पर पहुंच गया था।

### योग केंद्र ने किया श्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान



**मुरादाबाद।** सोनकपुर वाईवास योग केंद्र, मुरादाबाद द्वारा प्राथमिक विद्यालय मंझला बेरखेड़ा , विकास खंड भगतपुर के प्रधानाध्यापक और सोनकपुर वाईवास योग केंद्र के शिक्षक प्रकाश वीर का योग केंद्र परिवार द्वारा उनकी श्रेष्ठ शिक्षा और उनके द्वारा ज्ञान की ज्योति को बढ़ाने में किये जा रहे सराहनीय योगदान के लिये उनको मालाएं पहनाकर और सूरजमुखी का पौधा लेकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा भगवत सरन सैनी, चमेली देवी, रमेश सिंह आर्य,छाया रानी, ऊषा देवी, कुलवीर सिंह आर्य,अजेंद्रपाल सिंह डा फूलसिंह सैनी, सरिता रानी, यशिकाऔर मीहिका आदि उपस्थित रहे।

### जनकल्याण सेवा समिति ने मनाया शिक्षक दिवस

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें आशा गोस्वामी, नीता वार्ष्णेय, आरती सिंह, निर्मल वार्ष्णेय, मंजू वार्ष्णेय, पारुल वार्ष्णेय सहित 06 शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही समिति द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया और आगामी कार्यों के बारे में विचार विमर्श किया। इस दौरान पूनम वार्ष्णेय, भावना गुप्ता, अंशु वार्ष्णेय, कांता अदलखा, पूनम वार्ष्णेय, मनीषा वार्ष्णेय, सोनी रस्तोगी, सारिका आदि मौजूद रहीं।

## बच्चों से मारपीट करने में तीन फंसे

**कांठ।** बच्चों से मारपीट करना और धमकाना तीन को भारी पड़ गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी ओम राज पुत्र रामगोपाल सिंह का आरोप था कि 4 सितंबर को शाम 4:00 बजे रोहित मोहित पुत्रगण हरिओम ओमकार पुत्र बाबू राम ने उसके बच्चों के साथ लाठी डंडों से मारपीट की और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में निशा रजनी लोकेश घायल हो गए पीड़ित थाने पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मेरे सरकार आएः जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** शुक्रवार को देशभर में जश्ने-ए-ईद मिलाद उन नबी का पर्व यानी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,मूंढापाण्डे के गांव दलपतपुर गांव में जुलूस-ए-मुहम्मदी बड़ी शान-शौकत के साथ निकाला गया। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा ,आका की आमद मरहबा,दिलदार की आमद मरहबा और नारे तकबीर की सदाये खूब्ब बुलंद की गई। उलमा-ए-इकराम ने जश्ने ईद मिलाद उन-नबी पर तफसील से रोशनी डालते हुए खिताब किया। नतख्वा ने नाते शरीफ



पढ़ी। साथ ही उलेमाओं ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की सुन्नतों पर अमल करने का जिक्र किया। साथ ही पैगम्बर साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहाख्र पैगम्बर साहब सभी वर्ग के लोगों के साथ इंसाफ किया करते थे। पैगम्बर साहब से कुछ लोग ईर्ष्या रखते थे और पैगम्बर साहब यह सब जानते थे। बाबजूद इसके पैगम्बर साहब लोगों का हाल जानें के लिए उनके घर जाया करते थे। पैगम्बर साहब एकता और भाईचारे की मिशाल है।

उन्होंने हमेशा आलोचनाओं का दंश सहकर भी आपसी इत्तेहाद पैदा करने का संदेश दिया। जिम्मेदारों ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। देर शाम विभिन्न गांव में जलसे का आयोजन किया गया। अंत में उलमा -ए-इकराम ने देश की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ कराई।

# वीरेंद्र चौधरी उत्कृष्ट राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म्स एंड हायर एजुकेशन ट्रस्ट उत्तर प्रदेश और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में भारतरत्न सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय स्तर का सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन स्मारक उत्कृष्ट राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 आयोजित किया गया । जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों से चयनित 70 उत्कृष्ट टीचर्स , लेक्चरर्स , प्रोफेसर्स को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समाज सेवा को जीवन का आधार बनाने वाले




प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर विकास खंड छजलेट , मुरादाबाद के प्रधानाचार्य वीरेंद्र चौधरी को भी उत्कृष्ट राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 से नवाजा गया । चौधरी बीरेंद्र के द्वारा शिक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण , गौरैया संरक्षण ,नित्य गुमनाम वीरो की वंदना ,बालि. का शिक्षा , स्वच्छता अभियान आदि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में देश भर के कई हजार टीचर्स, प्रिंसिपल्स, लेक्चरर्स, प्रोफेसरों ने आवेदन किया था जिसमें से चयनित केवल 70 उत्कृष्ट टीचर्स को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । वीरेंद्र चौधरी को सम्मान मिलने पर छजलेट ब्लॉक के टीचर्स ने बधाई दी। बताते चले कि वीरेंद्र चौधरी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष होने के साथ ही वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भी हैं। वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि अपने कार्य के लिए सम्मान मिलना आपको गौरवान्वित महसूस कराता है और आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देने के साथ जिम्मेदारी का भी अहसास करवाता है उन्होंने आयोजक मंडल का पुरस्कार देने के लिए हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नगरपालिका ने कोतवाली के निकट झुका हुआ पेड़ हटाया

**चन्दौसी।** शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही धूमधाम से संभल गेट से निकाला गया। इस दौरान कोतवाली के समीप जुलूस मार्ग पर एक पेड़ काफी झुक गया था, जिससे किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। जुलूस के रास्ते से गुजरते समय एएसपी अनुज चौधरी की नजर इस पेड़ पर पड़ी। उन्होंने तुरंत अधिशासी अधिकारी नगरपालिका धर्मराज राम को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। एएसपी ने बताया कि जुलूस के दौरान ताजियादारों और अकीदतमंदों के गुजरने में यह पेड़ बाधा बन सकता है, इसलिए इसे हटाना आवश्यक है। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह तथा नगरपालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। नगरवासियों ने नगरपालिका प्रशासन और पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना की।

जुलूस शांतिपूर्ण व व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ सका।

**इश्तहार मजरिया अदालत**
**न्यायालय श्रीमान सिविज जज**
**( जू0डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
उत्तराधिकार वि.वाद सं० 172/2025
**तारीख पेशी:** 17.09.2025
अरहम अजीम आयु लगभग 19 वर्ष पुत्र स्व० श्री अजीम अखतर निवासी मौहल्ला इस्माईल रोड असालतपुरा मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
**जनता आम आदि।**
बनाम जनता आम:-हरगाह मुसम्मी अरहम अजीम ने वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट बकिफालत हाय वास्ते मुतवफ्फी स्व० श्री अजीम अखतर ने अपने बमुजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई० बकैद अंकन रू0 4,38,271/- हरगाह मुसम्मी अरहम अजीम ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है जिसकी सुनवाई हेतु दिनॉक 17.09.2025 इस न्यायालय में नियत है अत: किसी व्यक्ति को भी उक्त प्रार्थना पत्र के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सिविल जज (जू०डि०) मुरादाबाद के न्यायालय में उपरोक्त तारीख पर उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, यदि उक्त तारीख को कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की तो फिर किसी व्यक्ति को आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त नही होगा और उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दरख्वास्त पर उचित आदेश पारित किया जावेगा। आज दिनाँक 8.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी हुआ।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू0डि0, मुरादाबाद।**

## ईदमिलादुन्नबी का जुलूस निकाला

**चन्दौसी।** शुक्रवार को नगर में ईदमिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिदों में सुबह से ही नमाज अदा करने के बाद लोगों ने मुल्क में अमन, चौन और खुशहाली की दुआएं मांगी। नगर की मस्जिदों और मदरसों में कुरानख्वानी व तकरीर के कार्यक्रम आयोजित हुए। जुलूस-ए-मोहम्मदी भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। बच्चों और नौजवानों ने हरे झंडे थामे हुए नारे-ए-तकबीर बुलंद किए। संभल गेट में ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद गिरीशचंद्र, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष रजत कुमार यादव, कवि माधव मिश्र, ए.के. सिंह, ओमप्रकाश राव, संजय मदान आदि मौद रहे।

# रहमत ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजन

## शिविर में लोगों ने किया रक्तदान, चेयरमैन ने रक्तदाताओं को हेलमेट देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रहमत ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ मोहम्मद याकूब चेयरमैन नगर पंचायत पाकबड़ा के कार्यालय पर किया गया था। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया और सभी रक्तदाताओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। त्त ब्लड बैंक द्वारा लगाए गए इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान को बढ़ावा देना और लोगों की जान बचाने में मदद करना था। रक्तदान के फायदे:- हृदय स्वास्थ्य में सुधार: रक्तदान करने से हृदय रोगों



के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण: रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कोबिकाओं का निर्माण होता है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। कैंसर के खतरे को कम करना: कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित रक्तदान करने से कैंसर के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। रक्तदान शिविरों का महत्व: रक्तदान शिविरों का आयोजन करके हम रक्त की कमी को पूरा कर सकते हैं और लोगों की जान बचा सकते हैं। ये शिविर न केवल रक्तदान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों को इसके महत्व के बारे में भी जागरूक करते हैं। इस तरह के आयोजनों से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है और अधिक लोग रक्तदान करने के लिए प्रेरित होते हैं।

# सरकार की आमद मरहबा-दिलदार की आमद मरहबा की सदाएं फिजा में गूंजी

## पैगंबर हजरत मुहम्मद स.अ. की यौमे पैदाइश के मौके पर निकाले गए जुलूस, जलसों का हुआ आयोजन, तक्सीम किया गया लंगर

**मुहम्मद जान तुर्की**

**मुरादाबाद।** इस्लाम के पैगंबर हजरत मुहम्मद स.अ. के 1500 वे यौमे पैदाइश की मौके पर सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा की सदाएं महानगर की फिजाओं में गूंजी। इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के 1500 वे जन्मदिन पर महानगर में विशाल जुलूस निकाला गया इसके साथ-साथ राजकीय इंटर कॉलेज तिराहे पर खुद्दामें गुलामाने ताजदारे मदीना कमेटी के द्वारा एक विशाल जलसे का भी आयोजन किया। जिसमें लोगों को किताब करते हुए उलेमाए दिन ने लोगों से अपने पैगंबर के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि यदि हम रसूले पाक का दमन पड़े रहे हैं तो तब हम आने वाली हर मुसीबत से महफूज रहेंगे जितनी भी बान परेशानियां हमारे सामने आ रही हैं उन सब का नतीजा यह है कि हम अपने पैगंबर के बताए रास्ते पर नहीं चल पा रहे हैं जितनी भी दुश्बारियां हमारी जिंदगी में है उन सब के खत में के लिए हमें रसूले पाक के दामन को पड़कर उनसे सच्ची पक्की मोहब्बत कर उनके बताए रास्ते पर चलना होगा तभी हम अपनी जिंदगी यानि दुनिया की और आखिरत को संभाल सकते हैं। पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया।इस दौरान फिजाओं में सरकार की आमद मरहबा के नारों की गूंज सुनाई दी। शहर से लेकर गांव गांव हजरत मोहम्मद स.अ.के जन्मदिन के मौके पर जगह-जगह जुलूस निकाले गए लंगर किए गए सलातो सलाम पेश किए गए। जलसों का आयोजन किया गया। जिधर देखो उधर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन को मानने वाले लंगर तकसीम कर रहे थे। अपने पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाद नमाजे असर राजकीय इंटर कॉलेज के चौराहे से जुलूस शुरू हुआ जो अपने परंपरागत रास्तों से होकर दीवान के बाजार स्थित मदरसा जामे नईमियाँ मैं पहुंच कर संपन्न हुआ। इस मौके पर मुफ्ती अयूब साहब ने दुआ कराई। जुलूस का जगह-जगह मुस्लिम भाइयों के साथ-साथ हिंदू भाइयों ने भी जुलूस का जोरदार स्वागत किया।जुलूस में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जश्ने ईद उल मिलाद का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। खुद्दामें गुलामाने ताजदारे मदीना कमेटी के द्वारा आयोजित जलसे में मुख्य मुख्य रूप से मुफ्ती अयूब साहब मुफ्ती कलीमी साहब मुफ्ती फहद साहब मुफ्ती दानिश उल कादरी शहरी इमाम सैयद मासूम अली आजाद खुद्दामें गुलामाने ताजदारे मदीना कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन विधायक नासिर कुरैशी समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी कैसर अली कुद्दूसी सांसद रुचि वीरा असद कमल असद मोलाई डॉक्टर शहाबुद्दीन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे जलसे का संचालन सलीम बारसी के द्वारा किया गया।





# सरकार की आमद- मरहबा, मदनी की आमद -मरहबा की सदाओं के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

● सपा विधायक ने नगर बिलारी एवं देहात के कई जुलूसों में की शिरकत, नगर के निर्धारित मार्गों से पूरी शानो शौकत के साथ निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अंसारियान स्थित मदरसा अंजुमन अहले सुन्नत परिसर से शानो शौकत के साथ जुलूस से मोहम्मदी की शुरुआत हुई, इसके बाद नगर के अनेक मदरसों के तालवा सहित अनेक लोगों ने शामिल होकर जुलूस ए मोहम्मदी को नगर के निर्धारित मार्गो से निकाला। जिसमें सरकार की आमद- मरहबा, आका की आमद- मरहबा की सदाएं बुलंद की जा रही थी। शुक्रवार को सवेरे से ही जुलूस ए मोहम्मदी की तैयारी मुकम्मल कर ली गई थी। जुलूस जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हामिद रजा नईमी की सदारत में निकाला गया जो जुम्मा की नमाज के बाद मदरसा अंजुमन अहले सुन्नत से शुरू होकर फुलवार वाली मस्जिद मदरसा चमन ए मुस्तफा से गुजर कर मदरसा फैज ए मुस्तफा अहाते से गुजर कर मोहल्ला ठाकुरान स्थित गल्ला स्टोर होते हुए मोहल्ला बाजार से होते हुए पुरानी तहसील रजिस्ट्री ऑफिस से गुजर कर मंदिर पौड़ा खेड़ा होते हुए शाहाबाद रोड पर पहुंचा, जहां से महाराणा प्रताप चौक कोतवाली होते हुए बस स्टैंड से गुजर कर नई सड़क से सर्राफा मार्केट होते हुए नेहरू चौक से गुजर कर मोहल्ला अब्दुल्ला वाड़ा में संपन्न हुआ। जुलूस ए मोहम्मदी में तरह-तरह की आकृति बनाई गई। जिसमें हुजूर का रोजा, खाना ए कावा का नक्शा, सभी के हाथों में इस्लामी झंडा और सभी की जवान पर कौमी तराने, कुछ लोगों के हाथों में तिरंगे भी थे। सभी सरकार की आमद, आका की आमद -मरहबा, मरहबा या मुस्तफा की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल मदरसा चमन ए मुस्तफा, मदरसा फैजुल उलूम, मदरसा दारुल उलूम गौस ए आजम, मदरसा गुलशन ए फातिमा आदि के बच्चे नाते शरीफ गुनगुना रहे थे। इसके साथ ही जुलूस में शामिल ऊंटों और घोड़ों पर बच्चे आदि सवारी करते हुए नजर आए। जगह-जगह जुलूस का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया और पानी फल आदि सहित तबरूक का खूब वितरण किया गया। जुलूस ए मोहम्मदी में ईद मिलादुन्नबी का जश्न खूब धूमधाम से मनाया गया। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान जुलूस में शिरकत की और उन्होंने जुलूस में शामिल लोगों को पानी, फल और मिष्ठान के वितरण करते हुए नजर आए। इस दौरान मुख्य रूप से मौलाना खलील अहमद, मौलाना गुलाम अशरफ, मौलाना आदिल रजा, मौलाना इब्ने हसन, सैयद गुलाम जिलानी, मौलाना फैसल रजा, मौलाना अतहर नईमी, मौलाना फैजान रजा, हाफिज जमाल अकबर, मौलाना वसीम, कारी शकील अहमद, हाफिज मकबूल हुसैन, कारी नासिर रजा, ईद का कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू, सलीम ट्रेवल्स, पूर्व सभासद कासिम अंसारी, हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, क्षेत्रीय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान, हाजी मोहम्मद इमरान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आतिफ कमाल एडवोकेट, पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार वाजिद हुसैन अंसारी आदि सहित अनेक लोग शामिल रहे।




इस दौरान कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली स्टाफ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा। उधर ग्रामीण अंचल में स्योंडारा में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने फीता काटकर जुलूस की शुरुआत की । इसके अलावा कई ग्रामों में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान जुलूस ए मोहम्मदी में शिर. कत करते हुए नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी जगह पुलिस बल तैनात रहा।

## एक नजर

### सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद में स्थित योगशाला में योग परिवार संगठन द्वारा भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षक दिवस प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वरदायनी वीणा वादिनी ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती जी को नमन किया गया तत्पश्चात योग परिवार संगठन द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा के क्षेत्र से सेवानिवृत वृत पाल सिंह और तीर्थ कर महावीर यूनिवर्सिटी से राम प्रताप सिंह और योग के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर के अतिरिक्त योग के क्षेत्र से ही तहसील प्रभारी मीना गुप्ता और योग शिक्षिका राशि शर्मा को शिक्षक दिवस के अवसर पर योग परिवार द्वारा संयुक्त रूप से पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय सक्सेना ने किया।




### छात्रों ने उपहार देकर शिक्षकों को किया सम्मानित

**बिलारी।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई कर फुलवारी के पौधे लगाए। शुक्रवार को प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा की शिक्षा का क्षेत्र हो या आध्यात्मिक जगत सभी में गुरु का अलग ही महत्व होता है गुरु के बिना मानव जीवन अपूर्ण के समान है। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षकों के विशेष सम्मान देने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस का आयोजन होता है तथा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है । वे भारतीय संस्कृति के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद ,महान दार्शनिक तथा एक आस्थावान हिंदू प्रचारक थे ।उनके गुणों के कारण भारत सरकार ने 1954 में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भारत रत्न से अलंकृत किया था। वह स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति बने। उनका जन्म 5 सितंबर 1888 मैं तमिलनाडु के तिरुटनी में हुआ था। इस अवसर पर छात्रों ने अपने गुरु जनों को गुलदस्ता डायरी पेन आदि पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से आदित्य राघव मनोज कुमार आबिद हुसैन गीता देवी सजल राघव रचना कश्यप आकांक्षा विनीता आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को हृदय से नमन



**बिलारी।** शिक्षक दिवस के इस विशेष अवसर पर आप सभी शिक्षकों को हृदय से नमन करते हैं जिन्होंने समाज के निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाई। इस शुभ अवसर पर डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री शीतल प्रताप सिंह को व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री संजय जैन और उनकी टीम ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस इस अवसर पर उपस्थित रहे संजय जैन शशांक जैन दुष्यंत चौहान नितिन डूडेजा आशीष भटनागर दिनेश प्रजापति अचिंत सिह उर्फ मुन्ना सिंह आदि उपस्थित रहे।

### श्रीराम कथा का हुआ समापन, श्रीराम कथा ने दी जीवन मूल्यों की सीख

**चन्दौसी।** शहर के मौहल्ला बड़ा महादेव स्थित मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। कथा व्यास शिवशंकर भारद्वाज ने प्रवचन देते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने रामायण की घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि माता कैकई के षड्यंत्र और मंथरा की कुटिलता से श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास भोगना पड़ा। वनगमन के बाद राजा दशरथ का निधन हुआ और भरत ने चित्रकूट जाकर राम से राज्य वापस लेने का आग्रह किया। राम के आदेश पर भरत ने उनके खड़ाऊ लेकर अयोध्या लौटकर गद्दी पर स्थापित कर शासन चलाया। कथाव्यास ने कहा कि 14 वर्ष पश्चात राक्षसों का संहार कर श्रीराम, सीता और लक्ष्मण अयोध्या लौटे। उनके राज्य में प्रजा हर प्रकार के दु:खों से मुक्त रही। वहां न समय से पहले किसी की मृत्यु होती थी और लोग सुख-शांति से जीवन व्यतीत करते थे। कथा के पश्चात आरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कथा आयोजन में प्रमोद कुमार, देवेंद्र शर्मा, विनोद रस्तोगी, अमित गुप्ता, डॉ. अशोक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# ईद मिलादुन्नबी का जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** नगरपंचायत अगवानपुर में मौहल्ला ततारपुर जामा मस्जिद से ईद मिलादुन्नबी का जलूस बरामद किया गया जिसमें नगर की सभी मस्जिदों से आकर जामा मस्जिद पर इकट्ठा हुए और फिर एक साथ जामा मस्जिद से जलूस लेकर चले जिसमें हर मस्जिद के इमामों के अलग अलग जत्थे आगे पीछे रसुल की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए चल रहे थे जलूस जामा मस्जिद से मौहल्ला नियारियान से तारा वाला कुआं से घास मण्डी से शुक्र का बजार से स्टेशन रोड से मौहल्ला सराय फारूक से बाई पास से वापस मौहल्ला कुरेशियान से मौहल्ला ढांप से वापस शुक्र का बजार से गांधी जी वाले मन्दिर से जामा मस्जिद जाकर सम्पन्न हुआ। डीजे न होने से बुजुर्गों की तादात ज्यादा रही। जिसमें हजारों लोगों की भीड़ रही और बड़ी संख्या में वाहनों की कतार चलती रही और सभी के हाथों में झंडे लहरा रहे थे। झंडा लहराते हुए सभी लब्बैक या रसुल अल्लाह लब्बैक के नारे लगाते हुए चल रहे थे। शान्ति पूर्वक जुलूस में पुलिस प्रशासन का भरपुर सहयोग रहा, जिसमें सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता, सिविल लाइंस इंस्पेक्टर मनीष कुमार सक्सेना, एवं पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार राठी तथा कमेटी अध्यक्ष बब्बू ठेकेदार व गजन चौधरी , मदरसा दारूल उलूम कादरिया सुल्तानिया के मुफ्ती हारिस रजा, किसान यूनियन भानु के जाहिद हुसैन, पूर्व विधायक अनीसुर्रहमान, शमीम साबरी, उमर सैफी, फुजैल आलम, अनीस अहमद व अगवानपुर चौयरमेन गुलरेज खान आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक समाज और राष्ट्र की नींव: जयवीर यादव

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय चक्कर की मिलक पर समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस के कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने शिक्षक दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षकों का सम्मान किया। उन्होंने कहा शिक्षक समाज और राष्ट्र की नींव हैं। उन्होंने कहा अपने जीवनकाल में विद्यार्थियों को जो ज्ञान और संस्कार दिए हैं, वही हमारी आने वाली पीढ़ियों की सबसे बड़ी पूंजी है। समाजवादी पार्टी विगत वर्षो से लगातार शिक्षकों का सम्मान करती आ रही है। और यह सबसे गर्वित कार्य है। उन्होंने कहा शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते बल्कि जीवन जीने की सही राह भी दिखाते हैं। आज का यह सम्मान समारोह साबित करता है कि समाज में शिक्षकों को कितना आदर और सम्मान प्राप्त है। यह प्रयास शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी है। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा समाजवादी विचारधारा सदैव शिक्षा और शिक्षक सम्मान की पक्षधर रही है। शिक्षक ही समाज को दिशा देते हैं और विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने का मार्ग दिखाते हैं, उनका योगदान अनमोल है। हम सभी शिक्षकों का सम्मान कर रहें हैं,यह अत्यंत सराहनीय है। यह सम्मान हमें समाज में आदर और गर्व की अनुभूति कराता है। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, कुलदीप यादव एवं लाखन सिंह सैनी ने सम्मानित करते हुए प्रत्येक शिक्षक को




शाल, स्मृतिचिन्ह और प्रशासत्ती पत्र पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संविधान ने हम सबको शिक्षा में समानता का अधिकार दिया है जिसे शिक्षकों ने अपने पूरे शिक्षण कार्य में जीवंत रखा। सम्मनित शिक्षकों मे मेराज अनवर प्रधानाचार्य अंसार इंटर कॉलीज, करन सिंह प्रधानाध्यापक, तसलीम खान अध्यापक जे एल एम इंटर कॉलीज, जगदीश सैनी प्रवक्ता, शकील मोहम्मद अध्यापक, शिवप्रकाश शर्मा नेशनल जू.हा.स्कूल, नफीस अहमद प्रवक्ता अब्बास इंटर कॉलीज, राजवीर सिंह थे। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव, एम. पी. सिंह,गुलरेज वारिस, हरेंद्र यादव,शकील अहमद ईश्वर चंद जयपाल सिंह, अखलेश कुमार, जगदीश यादव, सुरेश कुमार, अनिल प्रकाश, रोहित कुमार, अनिल यादव, उमाकांत शर्मा,सलाहउद्दीन, जाकिर खान, अवनीश यादव, शमशुद्दीन, ऋषिपाल सिंह यादव, सोमपाल यादव, लाखन सिंह सैनी, केदार सिंह, उषा देवी, सुरेंद्र शर्मा, सुनीता सिंह,अतुल कुमार, मनोज कुमार, विजय वर्मा, सुरेश यादव, ब्रजलाल जाटव, नौशाद पाशा,संजीव चौधरी, प्रदीप यादव, योगेंद्र यादव, कायमुद्दीन सैफी आदि प्रमुख थे।

# गुरुवर नमोस्तु, नमोस्तु, नमोस्तु स्वरलहरी से गूंजा टीएमयू का ऑडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पर्वाधिराज दश लक्षण महोत्सव पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में भगवान आदिनाथ का गर्भ एवम् जन्मकल्याणक नाटय प्रस्तुति में यूनिवर्सिटी की जैन फैकल्टीज के जबर्दस्त परफॉर्मेंस ने जीता मेहमनों समेत श्रावक-श्राविकाओं को दिल, उत्तम आकिंचन्य पर रिद्धि-सिद्धि भवन में भजनों पर श्रावक-श्राविकाएं भक्ति नृत्य में हुए लीन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में पर्वाधिराज दशलक्षण महोत्सव पर सांस्कृतिक संध्या जैन फैकल्टीज के नाम रही। भगवान आदिनाथ का गर्भ एवम् जन्मकल्याणक नाटय प्रस्तुति में यूनिवर्सिटी के जैन गुरुजनों ने अपने जबर्दस्त परफॉर्मेंस एवम् परिधानों से ऑडी में मौजूद खघस मेहमानों समेत सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं का दिल जीत लिया। उल्लेखनीय है, भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं। इन्हें भगवान ऋषभदेव के नाम से भी जाना जाता है। वीसी प्रो. वीके जैन ने बेहद आकर्षक वेशभूषा में सौधर्म इन्द्र की भूमिका निभाई। इससे पूर्व जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, ब्रहमचारिणी डॉ. कल्पना जैन, प्रो. एसके जैन, श्री मनोज जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवम् माल्यापर्ण करके इस कल्चरल ईवनिंग का शंखनाद किया, जबकि भगवान आदिनाथ का गर्भ एवम् जन्मकल्याणक प्ले का लेखन एवम् निर्देशन



चीफ वार्डन श्री विपिन जैन ने किया। ऑडी भगवान आदिनाथ के जयकारों से बार-बार गूंजायमान हो उठा। श्रावक-श्राविकाओं में नाटक के हर दृश्य को अपने मोबाइल्स में कैद करने की होड़ अंत तक लगी रही। बहुरंगी लाइट्स के बीच मंच की भव्यता देखते ही बन रही थी। डॉ. करुणा जैन ने शची इन्द्राणी, श्री आदित्य जैन ने राजा नाभिराय, श्रीमती निकिता जैन ने रानी मरुदेवी, डॉ. रत्नेश जैन ने कुबेर इंद्र, डॉ. विनोद जैन ने महेंद्र इंद्र, प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने सनत इंद्र, प्रो. विपिन जैन ने ईशान इंद्र, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. अक्षय जैन और श्री सार्थक जैन ने कल्पवासी इंद्र की मुख्य भूमिका निभाई। इनके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक महिला फैकल्टीज देवी, सखी आदि की भूमिकाओं में नजर आईं। करीब दो घंटे के इस भक्तिमय नाटक ने गर्भ से लेकर जन्मकल्याणक तक श्रावक- श्राविकाओं को बांधे रखा। पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य पर प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में नवदेवता पूजन सोलहकारण पूजन, दशलक्षण पूजा विधि-विधान के साथ हुए। प्रथम स्वर्ण कलश से श्री अमन जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से श्री शशांक जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से श्री रितिक जैन, चतुर्थ स्वर्ण कलश से आदित्य डॉ. रत्नेश जैन को अभिषेक का सौभाग्य मिला। प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का पुण्य श्री अमन जैन, श्री प्रयास जैन, श्री श्रीश जैन, श्री अभिषेक जैन, श्री अर्पित जैन, श्री मुनीश जैन, श्री संस्कार जैन, श्री सर्वज्ञ चौधरी, श्री विनायक जैन ने कमाया। द्वितीय रजत शांतिधारा का सौभाग्य श्री पवन जैन, श्री अमन जैन, श्री नमन जैन को मिला। अष्ट कुमारी का पुण्य तनिएका, मुस्कान, शगुन, आस्था, श्रेया, झलक, दिव्यांशी, दिशा जैन ने कमाया। तत्वार्थ सूत्र के नौवें अध्याय का वाचन श्री अन्वेष जैन ने किया। उत्तम आकिंचन्य धर्म पर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। दूसरी ओर रिद्धि-सिद्धि भवन में भोपाल की सचिन एंड पार्टी के भजनों- जीवन है पानी की बूंद, कब मिट जाए रे..., आए हम पुजारी तेरी शरण में, प्रभु की शरण में रोज-रोज..., हम तुम्हारे द्वारा आएंगे पूजा करेंगे..., ओ मेरी किस्मत-किस्मत खुल गई रे प्रभु चरणों में आकर, मेरी चांदी-सोना हो गई रे तेरे चरणों में आकर..., लाज मेरी तू रख हो कुंडलपुर के बड़े बाबा..., दुनिया के अंदर आपका पहला नंबर..., जिनके चरणों में हम गाते रहे, गुनगुनाते रहे, यह बता दो हमें तुम वही तो नहीं..., मेरा मन यह पुकारे, तू आजा हो त्रिशला के दुलारे तू आजा..., प्रभु की महिमा अपरंपार का सच्चा है दरबार, बोलो उनकी जय जयकार, सच्चा है दरबार... पर श्रावक-श्राविकाएं भक्ति में नृत्य में झूमने लगे।

### सत्यापन न होने से वंचित रही लाभार्थी, शिकायत पाई गई असत्य

**चन्दौसी।** मुख्यमंत्री स्पॉन्सरशिप योजना के तहत लाभ न मिलने पर की गई शिकायत की जाँच में महिला के आरोप असत्य पाए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार द्वारा की गई जांच आख्या में स्पष्ट किया गया है कि वार्ड-7, ब्लॉक बहजोई, तहसील चन्दौसी निवासी इसरत जहाँ पत्नी स्व. सलीम ने आरोप लगाया था कि उनसे योजना का लाभ दिलाने के नाम पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संभल कार्यालय के कनिष्ठ सहायक नासिर अली व संरक्षण अधिकारी एकांशु वशिष्ठ द्वारा पैसे लिए गए, लेकिन लाभ नहीं दिलाया गया। जाँच के दौरान शिकायतकर्ता महिला से बयान दर्ज कराए गए जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसने किसी कर्मचारी को पैसे नहीं दिए। साथ ही यह भी सामने आया कि वह लंबे समय से कार्यालय के चक्कर लगा रही थीं, लेकिन सत्यापन न होने के कारण उसे योजना का लाभ नहीं मिल सका। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। वास्तविकता यह है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी न होने की वजह से लाभ नहीं मिल पाया।

इस संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र भी प्रेषित किया गया है।



● भारतीय जर्सी को स्पान्सर करना अब और महंगा ●

# बीसीसीआई ने बढ़ाई तय कीमत

● बोर्ड ने बनाया 400+ करोड़ रुपये की आमदनी का प्लान

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टीम इंडिया के लिए नया स्पान्सर ढूंढने के लिए जोरआजमाइश कर रहा है। हालांकि, अब ऐसा करने वाली कंपनियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई रिजर्व प्राइस को बढ़ाने जा रहा है। ड्रीम11 हाल ही में स्पान्सरशिप से पीछे हट गया था और उसने बीसीसीआई के साथ अपने करार को तोड़ लिया था। 2023 में बायजू को रिप्लेस करते हुए ड्रीम11 ने बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार किया था। उस समय ड्रीम11 ने कुल 358 करोड़ रुपये का करार किया था, जिसमें घरेलू मैचों के लिए प्रति मुकाबला तीन करोड़ और विदेशी मैचों के लिए एक करोड़ रुपये तय थे। इंग्लैंड दौरे तक टीम इंडिया की जर्सी पर ड्रीम-11 का लोगो दिखाई देता था, लेकिन हाल ही में पारित आनलाइन गेमिंग बिल 2025 के कारण कंपनी को अपने संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उसने अनुबंध से बाहर निकलने का फैसला किया। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने नए स्पान्सर के लिए रिजर्व प्राइस बढ़ा दिया है। अब घरेलू सीरीज (द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए लगभग 1.5 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया है। पहले यह दरें कम थीं। पहले घरेलू सीरीज (द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.17 करोड़ और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए 1.12 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया था। इसका मतलब है कि बीसीसीआई अब कम से कम 10 प्रतिशत ज्यादा कमाई द्विपक्षीय सीरीज से और लगभग तीन प्रतिशत ज्यादा कमाई बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स से करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस नए बेस प्राइस से बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है। हालांकि, यह आंकड़ा इससे भी कहीं ज्यादा हो सकता है, क्योंकि स्पान्सरशिप के लिए प्रतिस्पर्धा हमेशा ऊंची रहती है। बीसीसीआई ने मंगलवार को राष्ट्रीय टीम के लीड स्पान्सर राइट्स के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (आईईओआई) जारी किया। इसके तहत बोली लगाने वाली कंपनियों को विस्तृत शर्तें और नियम उपलब्ध कराए जाएंगे। आईईओआई डाक्यूमेंट्स खरीदने की अंतिम तारीख 12 सितम्बर रखी गई है। बोली लगाने के लिए दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख 16 सितम्बर तय की गई है। स्पान्सर बनने की इच्छुक कंपनियों को आईईओआई डाक्यूमेंट खरीदने के लिए पांच लाख रुपये के साथ-साथ जीएसटी की नान-रिफंडेबल फीस देनी होगी। भुगतान की पुष्टि होने के बाद ही डाक्यूमेंट्स शेयर किए जाएंगे। बीसीसीआई ने साफ किया है कि केवल डाक्यूमेंट खरीदने से कोई कंपनी बोली लगाने की हकदार नहीं हो जाती। पात्रता मानकों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

# भांबरी-वीनस की जोड़ी हारी

● सेमीफाइनल में हारकर यूएस ओपन में भारत का अभियान समाप्त



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी को यूएस ओपन के सेमीफाइन में ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। पुरुष युगल वर्ग के सेमीफाइनल में गुरुवार को भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को दो घंटे 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से 6(2)-7(7), 7(7)-6(5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के शुरुआती सेट में, भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष युगल टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और वीनस ने आठवें गेम में ओलंपियन नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी।

हालांकि, भांबरी-वीनस अगले गेम में अपनी सर्विस गंवाकर इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे, जिससे टाई-ब्रेकर तक का रास्ता तय हुआ, जिसे इंडो-न्यूजीलैंड जोड़ी ने आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में भी भांबरी-वीनस ने शुरुआती गेम में स्कुप्स्की-सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी, लेकिन चौथे गेम में ब्रेक पॉइंट को भुनाने में नाकाम रहीं। यह चूक भांबरी-वीनस के लिए महंगी साबित हुई क्योंकि स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने अगले ही गेम में वापसी की और कड़े मुकाबले में टाई-ब्रेकर जीत लिया। स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने तीसरे सेट के पहले गेम में सर्विस तोड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भगदड़ के बाद पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा चिन्नास्वामी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के बाद 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी पहली बार क्रिकेट मुक़ाबलों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के तिम्मप्पिया मेमोरियल ट्रॉफ़ी के मेजबानों में से एक है, जो 16 टीमों वाला एक लाल गेंद के साथ खेला जाने वाला बहु-दिवसीय प्री-सीजन टूर्नामेंट है। चिन्नास्वामी स्टेडियम इस प्रतियोगिता के छह मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें एक सेमीफ़ाइनल और 26 सितम्बर से होने वाला फ़ाइनल शामिल है। हालांकि स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं होगी। टूर्नामेंट में मुंबई, विदर्भ, मप्र, हिप्र, छत्तीसगढ़ सहित कई टीमें शामिल हैं।

### एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा चीन

**फ़ूज़ौ, वार्ता।** आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2025 एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप दक्षिण-पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के पिंग्टन में 22 से 28 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इस चैंपियनशिप में जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे, फिलीपींस, हांगकांग, पाक, फ़िलिस्तीन और मेजबान चीन शामिल होंगे। बीस बार विजेता जापान, 2023 का सेमीफाइनलिस्ट दक्षिण कोरिया और 2019 में विजेता और 2023 में उपविजेता चीनी ताइपे इस साल की चैंपियनशिप में प्रबल दावेदार हैं, जिसका विजेता 2026 में होने वाले अंडर-23 बेसबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा।

# नीरज चोपड़ा-अरशद नदीम विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिस्पर्धा

● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और चोट से उबर चुके पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम इस महीने के आखिर में टोक्यो में होने वाली 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

नदीम के चिकित्सक असद अब्बास ने गुरुवार को बताया कि पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। अब्बास ने टेलीकॉम एशिया को बताया कि अरशद पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और मैंने उनके ठीक होने और प्रगति पर नजर रखी है। मुझे यकीन है कि वह नीरज और भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य सभी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन 17 सितम्बर को और फाइनल अगले दिन होगा। जापान नेशनल स्टेडियम में नीरज चोपड़ा बनाम अरशद नदीम पेरिस 2024 के बाद उनका पहली बार आमना-सामना होगा। पेरिस 2024 के बाद से नदीम ने केवल एक बार प्रतिस्पर्धा की है, मई में कोरिया गणराज्य के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में पिछले महीने डायमंड लीग जीतने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट के भी भाग लेने की उम्मीद है।

# आर्यना-अमांडा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

● सबालेंका ने जेसिका को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा बीच यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में खिताबी भिड़ंत होगी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता और मानसिक शक्ति का परिचय देते हुए एक सेट से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार रात दो घंटे तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमे. रिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। पेगुला ने न्यूयॉर्क के शोरगुल में उत्साहित दर्शकों के बीच पहला सेट जीतकर पासा पलटने की चेतावनी दी। अमे. रिकी खिलाड़ी ने पेगुला ने सबा. लेंका की सहज गलतियों का फायदा उठाया और दो बार सर्विस ब्रेक करके 6-4 से पहला सेट अपने नाम कर लिया।

इसके बाद बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑफ-कोर्ट ब्रेक के बाद नए दृढ़ संकल्प के साथ वापसी की। उन्होंने अपने ग्राउंडस्ट्रोक की तीव्रता बढ़ाई और दूसरे सेट को 6-3 से जीत के साथ मैच को निर्णायक बना दिया। अंतिम सेट में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने दबाव के क्षणों में अपना धैर्य बनाए रखा। अपने तीसरे मैच पॉइंट पर, उन्होंने राहत और जश्न की गर्जना के साथ जीत पक्की कर ली। 27 वर्षीय खिलाड़ी की इस जीत ने उन्हें सेरेना विलियम्स (2011- 2014) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बना दिया है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह वाकई एक कड़ा मुकाबला था। उसने अविश्वसनीय टेनिस खेला और मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। मैं बस अंदर ही अंदर प्रार्थना कर रही थी और अच्छे की उम्मीद कर रही थी। शनिवार को होने वाले चैंपियनशिप मैच में सबालेंका का सामना उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर के सबसे उल्लेखनीय उलटफेरों में से एक की कहानी गढ़ते हुए रोमांचक मुकाबले में जापान की नाओमी ओसाका को 6-7(4), 7-6(3), 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन फाइनल में जगह बनाई।

# यॉर्कशायर से छोटी अवधि के लिए जुड़ेंगे मयंक अगवाल



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल शेष काउंटी चैंपियनशिप मुक़ाबलों के लिए यॉर्कशायर के साथ छोटी अवधि के अनुबंध पर जुड़ेंगे। समरसेट के खिलाफ़ 8 सितम्बर को होने वाले मुक़ाबले से पहले अग्रवाल के यॉर्कशायर के साथ जुड़ने की उम्मीद है और 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए भारत लौटने से पहले वह कुल तीन मुकाबले खेलेंगे। इससे पहले वह कर्नाटक के महाराजा टी-20 ट्रॉफ़ी का हिस्सा थे। वहीं उन्हें आईपीएल में देवदत्त पड़िक्कल के विकल्प के तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने दल में शामिल किया था। 34 वर्षीय को इंग्लैंड का अनुभव है। वह 2021-22 के दौरे और 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल के भारतीय दल के हिस्से के रूप में इंग्लैंड की यात्रा कर चुके हैं।

2021-22 के दौरे पर अग्रवाल भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के दावेदार थे लेकिन उन्हें सीरीज के पहले मैच से पहले चोट लग गई जिसके चलते वह बाहर हो गए। अग्रवाल दो बार ए टीम के साथ भी इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं। कर्नाटक के सभी प्रारूपों के कप्तान अग्रवाल के पास प्रथम श्रेणी का काफ़ी अनुभव है। उन्होंने 180 पारियों में 43.98 की औसत, 18 शतक और 44 अर्द्धशतकों के साथ 8050 रन बना चुके हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 36 टेस्ट पारियों में 41.33 की औसत और चार शतकों की बदौलत 1488 रन बनाए हैं।

# नीव से शिखर तक का दूसरा बैच रवाना

● यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 'नींव से शिखर तकश के दूसरे बैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस समारोह में एम3एम फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्य महाजन( भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के उप महानिद. शक मयंक श्रीवास्तव, और फिट इंडिया मूवमेंट के निदेशक नदीम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, एम3एम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि 'नींव से शिखर तकश एक पर्वतारोहण पहल से कहीं बढ़कर है। यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है। ये युवा लड़कियां न केवल चोटियों पर चढ़ रही हैं( वे बाधाओं को तोड़ रही हैं और जो संभव है उसे फिर से लिख रही हैं। बैच 2 के साथ, हमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की महत्वाकांक्षी बेटियों को यह अवसर प्रदान करने पर गर्व है। हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि सपने देखने वाली हर लड़की को शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से आगे बढ़ने के लिए उपकरण, प्रशिक्षण और आत्मविश्वास दिया जाए।

बैच 2 में, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा की 11 वंचित लड़कियों का एक नया समूह अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, मनाली में एक निष्शुल्क बुनियादी पर्वतारोहण पाठ्यक्रम से गुजरेगा। भारत की फिट इंडिया एम्बेसडर के मार्गदर्शन में, लड़कियों को रॉक क्राफ्ट (चढ़ाई, रैपलिंग, जुमार. रंग), स्नो और आइस क्राफ्ट (सीढ़ियां काटना, आइस एक्स अरेस्ट, क्रैम्पन का उपयोग), रस्सी का काम (गांठ बनाना, लंगर डालना, नदी पार करना) और जीवन रक्षा कौशल (तंबू लगाना, आश्रय बनाना, ऊंचाई पर रहना) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ, उन्हें नेतृत्व विकास सत्रों में भी शामिल किया जाएगा, जो टीम वर्क, अनुशासन और लचीलेपन पर जोर देंगे-उन्हें न केवल पहाड़ों पर चढ़ने के लिए, बल्कि आत्मविश्वास और शक्ति के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करेंगे।

यह पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना से गहराई से जुड़ी हुई है, जिसका उद्देश्य किशोर लड़कियों को संरचित शारीरिक चुनौतियों, मार्गदर्शन और जीवन कौशल से सशक्त बनाना है। बैच 2 का शुभारंभ कुरुक्षेत्र में बैच 1 के सफल शुभारंभ के बाद हुआ है।

# केकेएफआई ने 24 खो-खो खिलाड़ियों के सीआईएसएफ में चयन पर जताई खुशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खो-खो के लिए गौरव का क्षण है जब 24 खिलाड़ियों -12 पुरुष और 12 महिला - का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हेड कांस्टेबल के पद पर खेल कोटा के माध्यम से किया गया। उक्त खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित बीएचईएल परिसर में आयोजित भर्ती ट्रायल्स को सफलतापूर्वक पार किया। चयनित सभी खिलाड़ी देशभर के विभिन्न राज्यों-महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, ओडिशा और अन्य से हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों, द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं और इस वर्ष आयोजित पहले खो-खो विश्व कप 2025 जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर शानदार प्रदर्शन किया है। कई खिलाड़ी, जिन्होंने इस भर्ती ट्रायल को पास किया, वे अल्टीमेट खो-खो लीग - सीजन 1 और 2 में भी हिस्सा ले चुके हैं और शीर्ष स्तर के परफ़ॉर्मर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

सीआईएसएफ में उनका शामिल होना, भारत के सबसे पुराने और ऊर्जावान पारंपरिक खेलों में से एक खो-खो की बढ़ती पहचान और उत्कृष्टता व अवसर के खेल के रूप में उभरने का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए भारतीय खो-खो महासंघ ( केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु ने कहा कि हमारे युवा खो खो खिलाड़ियों को मेरिट सूची में स्थान बनाते हुए देखना बेहद सुखद है। खो-खो की बढ़ती पहचान खिलाड़ियों के लिए करियर के नए मार्ग बना रही है।

# मेसी ने दो गोल दागकर प्रशंसकों को दी भावुक विदाई

**कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने विश्व कप में जगह पक्की की**

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि लियोनेल मेसी ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के अंतिम दिन अर्जेंटीना के प्रशंसकों को भावुक विदाई दी।

मेसी ने दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हरा दिया, जो संभवत: 38 वर्षीय मेसी का आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालीफायर था और गुरुवार को होने वाले मैचों के पूरे दौर का मुख्य कार्यक्रम था। अल्बीसेलेस्टे के कप्तान ने वार्मअप के दौरान अपने आंसू रोके रखे जब प्रशंसक उनका नाम पुकार रहे थे, फिर उन्होंने गोलकीपर राफेल रोमो के ऊपर से शॉट मारकर मौजूदा विश्व चैंपियन को बढ़त दिला दी। स्थानापन्न खिलाड़ी लुटारो मार्टिनेज ने निको गोंजालेज के कट-बैक से डाइलवग हेडर के जरिए स्कोर 2-0 कर दिया, जिसके बाद मेसी ने थियागो अल्माडा के साथ मिलकर तीसरा गोल दागा। मेसी ने स्वीकार किया कि ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में हुई इस रात की विदाई का महत्व था। उन्होंने कहा कि अपने लोगों के साथ इस तरह से खेल खत्म करना, यही मेरा हमेशा से सपना रहा है। यह (संन्यास) ऐसी चीज नहीं है जिसे मैं पसंद करता हूं, चाहता हूं या उम्मीद करता हूं। मुझे खेलना पसंद है और मैं नहीं चाहता कि यह कभी खत्म हो, लेकिन मुझे यह भी पता है कि वह क्षण नजदीक आ रहा है। असुनसियन में, इक्वाडोर के साथ घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रॉ ने पैराग्वे को 16 सालों में पहली बार विश्व कप में जगह दिलाई।

# इंग्लैंड को हराकर द. अफ्रीका ने वनडे सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**लॉर्ड्स, वार्ता।** ब्रीत्जके (85) और ट्रिस्टन स्टब्स (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद नांद्रे बर्गर (तीन विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को पांच रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जेमी स्मिथ (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जो रूट ने बेन डकेट के साथ दूसरे विकेट के लिये 65 रन जोड़े। 13वें ओवर में केशव महाराज ने बेन डकेट (14) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। जेकब बेथेल व रूट संघर्ष किया।

# एशिया कप में भारत की विस्फोटक शुरुआत



**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंद कर एशिया कप में विजय के साथ अपने अभियान की विस्फोटक शुरुआत की। भारतीय टीम के लिए मुमताज खान ने (सातवें, 49वें), उदिता ने (30वें, 52वें) और ब्यूटी डुंग डुंग ने (45वें, 54वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि संगीता कुमारी ने (10वें), नवनीत कौर ने (16वें), लालरेम्सियामी ने (18वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) मिनट में गोल किए। पहले क्वार्टर में मुमताज खान (सातवें मिनट) और संगीता कुमारी (10वें मिनट) के दो मैदानी गोलों से भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना लिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी आक्रामकता और बढ़ाते हुए तीन और गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने (16वें मिनट) और मिडफील्डर लालरेम्सियामी नें (18वें मिनट) लगातार दो मैदानी गोल दागे और उसके बाद उदिता ने (30वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पहले हॉ का समापन शानदार तरीके से किया। दूसरे हॉ में भी भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले किए और तीसरे क्वार्टर में उसे चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से ब्यूटी डुंग डुंग नें (45वें मिनट) में अपना पहला गोल दागा। मैच के आखिरी क्वार्टर में भारत ने लगातार पांच गोल दागकर अपने पहले मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज की। मुमताज खान (49वें मिनट), उदिता (52वें मिनट) और शर्मिला देवी (57वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए, जबकि ब्यूटी डुंग डुंग (54वें मिनट) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें मिनट) ने फील्ड गोल किए। भारतीय टीम शनिवार को जापान से भिड़ेगी।

### गतिरोध के बावजूद ब्लू टाइगर्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

**ताजिकिस्तान, वार्ता।** भारत ने आज हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में अफग़ानिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप बी मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेलकर सीएएफए नेशंस कप 2025 के तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, ब्लू टाइगर्स का भाग्य अंतिम सीटी बजने के तुरंत बाद तय नहीं हुआ। उन्हें ईरान और ताजिकिस्तान के बीच दूसरे ग्रुप मुकाबले के नतीजे के लिए देर शाम तक इंतज़ार करना पड़ा। यह मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा, जिससे भारत का ग्रुप उपविजेता बनना तय हो गया। आज के नतीजे के साथ, ईरान तीन मैचों में सात अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा, जबकि नए मुख्य कोच खालिद जमील के नेतृत्व में भारत चार अंकों (एक जीत, एक ड्रॉ, एक हार) के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# सैलून चलाने वाला बना राहुल

## पुलिस का छापा पड़ने पर छात्रा संग मकान की छत से लगाई छलांग, छात्रा घायल

■ छात्रा घर से लाई थी 16 लाख रुपये बरामद

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव असलेमपुर में राजिस्थान के थाना पाली की पुलिस ने ठाकुरद्वारा पुलिस को साथ लेकर गांव में छापा मारा । छापे मार कार्यवाही से गांव में हड़कंप पहुंच गया है। पुलिस को देख मुस्लिम समुदाय का युवक राहुल मकान की छत से छात्रा को साथ लेकर कूद गया । इसमें छात्रा मामूली घायल हो गई । पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। अस्लेमपुर निवासी गांव का मुस्लिम समुदाय के युवक ने बेंगलुरु में अपना नाम राहुल बता कर राजस्थान के पाली जिले की छात्रा से मित्रता कर ली । छात्रा बेंगलुरु में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही थी। आरोपी उसे अपने साथ अपने घर ले आया। छात्रा अपने साथ 16 लख रुपए और शैक्षिक योग्यता की प्रमाण पत्र भी ले आई। बेंगलुरु की पुलिस उसकी तलाश करते हुए ठाकुरद्वारा पहुंची और यहां के गांव में छापा मार कर छात्रा को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को विरासत में ले लिया। राजस्थान की पुलिस के मुताबिक राजस्थान के पाली जनपद की 18 वर्षीय हिंदू छात्रा बेंगलुरु में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही थी। ठाकुरद्वारा के अइस्लेमपुर निवासी दूसरे समुदाय का युवक भी बेंगलुरु में हेयर सैलून पर काम करता था। इसी के दौरान युवक ने अपना नाम राहुल बात कर छात्रा से मित्रता कर ली इसके बाद आरोपी ने छात्रा से प्रेमसंबंध बना लिए और करीब 23 दिन पूर्व युवक छात्रा को अपने घर ले आया था । छात्रा अपने अपने साथ घर से 16 लख रुपए और शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र भी साथ लेकर आई थी। छात्रा के गायब होने पर उसके परिवार की ओर से बेंगलुरु में उसकी गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस उसकी तलाश में जूटी थी । बेंगलुरु पुलिस ने 3 सितंबर की शाम आरोपी के घर पर छापा मार दिया इसी दौरान आरोपी युवक पुलिस से बचने के लिए छात्रा सहित छत से कूद गया था । जिसमें छात्रा मामूली घायल हो गई थी । बृहस्पतिवार को छात्र के परिजन कोतवाली ठाकुरद्वारा पहुंचे उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी से छपरा के 16 लख रुपए और उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र दिलाये जाए जो युवक के कब्जे में इसकी शिकायत परिजनों ने मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी की थी जिस पर पुलिस सक्रिय हुई । पुलिस हिरासत मे छात्रा के परिजनों ने कहां की जो 16 लख रुपए लेकर आया है वह वापस करें जिस पर युवक के परिजन मात्र 6 लाख रुपए लेकर पहुंचे ।और समय मांगा लेकिन छात्रा के परिजन पूरे पैसे देने को कहा गुरुवार की देर रात युवक के परिजनों 16 लख रुपए लेकर कोतवाली पहुंचे । छात्रा के परि. जनों को पूरी रकम और उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र भी वापस कर दिए । गुरुवार की सवेरे से देर रात्रि तक पैसे की लेनदेन को लेकर युवक के परिजन आनाकानी करते रहे छात्रा व उसके परिजन अपने 16 लख रुपए पर शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र लेने की जिद पर अड़े रहे । गुरुवार की देर रात 16 लख रुपए पर प्रमाण पत्र दे दिए गए । ठाकुरद्वारा पुलिस ने छात्रा को उसके परिजनों का राजस्थान की पाली पाली पुलिस के सपुर्द कर दिया ।गांव के पूर्व प्रधान अली जान अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों का आपसी समझौता हो गया है । कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल का कहना है कि बेंगलुरु में छात्रा की गुमशादी दर्ज हुई थी उसके परिजनों को छात्र को सौंप दिया गया बाकी दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया है।

## कोचिंग सेंटर पर जन्म दिन की पार्टी के दौरान अश्लील वीडियो वायरल होने पर कोचिंग संचालक सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक कोचिंग सेंटर में टीचर्स डे के मौके पर छात्रों द्वारा अश्लील हरकतें किए जाने का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में छात्रों की अनुचित हरकतें साफ दिखाई दे रही हैं, जिससे अभिभावकों और स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पढ़ाई की आड़ में नाबालिग बेटियों की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे शिक्षण संस्थान समाज के लिए कलंक हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस पूरे मामले की गहन जांच कर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। नगर पालिका अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा नेता पवन पुष्पद ने इस वीडियो को अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर करते हुए कहा कि ठाकुरद्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में अपनी पहचान बना रहा है, लेकिन कुछ लोग ज्ञान के मंदिर को शर्मसार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संस्थान के संचालक और सहयोगियों की मिलीभगत से यह सब हो रहा है। इससे न सिर्फ संस्थान की साख पर बट्टा लगा है, बल्कि 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं की नाबालिग छात्राओं की इज्जत को भी ठेस पहुंची है। भाजपा नेता ने कहा कि यह संस्थान एसडीएम और सीओ आवास के सामने स्थित है। इसके बावजूद यहां अश्ल. ीलता का माहौल बना रहना अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर संचालक सहित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

पुलिस ने मामले में गंभीरता से लेते हुए बजरंग दल सहमंत्री रामूवाला गनेश निवासी पंकज पाल की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में कोचिंग सेंटर विशडल एकेडमी अश्लील वीडियो वायरल करने के मामलें में संचालक फैराज आलम, आदिल व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई



**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद एवं भारत रत्न डॉक्टर सर्वेपल्ली राधाकृष्णन की जयंती तथा अशोक चक्र से सम्मानित शहीद नीरजा भनोट का बलिदान दिवस शुक्रवार को सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने की तथा संचालन डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. नितिन कौशिक, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. शाजिघ्या शाहीन, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा, रमेश चन्द्र गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हिमांशु यादव, सौरभ चौधरी, विकास यादव व अवधेश कुमार ने किया। आयोजन पं. सुरेश चन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

उन्होंने शहीद नीरजा भनोट के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 05 सितंबर 1986 को हाइजैक हुए विमान से 359 यात्रियों की जान बचाते हुए नीरजा भनोट ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनका बलिदान देश के लिए अद्वितीय और प्रेरणादायक है। समारोह में अतिथियों एवं अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे और शिक्षा के महत्व के साथ-साथ अपने जीवन में गुरुओं की स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह, शिवाराम, प्रताप सिंह, बाबा लक्ष्मी दास, कुंवर पाल सिंह, विश्वेश कुमार, रामबहादुर, रामकुमार, संतोष कुमार, हरज्ञान, मुकेश कुमार, पान सिंह, रिंकू, अतिवीर, रामवीर, श्रीमती कविता, भूशंकर आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## शानो-शौकत के साथ नगर में निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस



**ठाकुरद्वारा।** परंपरागत तरीके से शुक्रवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रास्तों से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा के नारों से क्षेत्र गूंज उठा।जुलूस में शामिल लोग नारे लगाते और नात पढ़ते हुए चल रहे थे। नगर के कदीर तिराहा, मदीना ज्वेलर्स चौराहा पर ईद मिलादुन्नबी जुलूस के अध्यक्ष हाजी मुख्तार सैफी की अध्यक्षता में जुलूस निकाला गया। यह जुलसू नैनीताल बैंक रोड, छिपीयान तिराहा, मछली बाजार, छहराहा, बड़ा बाजार से मोहल्ला ताली, पालिका चौराहा, कोतवाली चौराहा, बुद्ध बाजार, गंज बाजार होकर मदीना ज्वेलर्स चौराहा पर पहुंचकर संपन्न हो गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार पर छोटे बच्चे शामिल हुए जिनके हाथो मैं हरे इस्लामी परचम व तिरंगे दिखाई दिए जुलूस में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए और हर तरफ सरकार के की आमद मरहबा की सदाएं बुलंद हुई जुलूस निर्धारित मार्गो से होता हुआ जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई नगर में सरकार की आमद मरहबा की सदाएं बुलंद रही वही लोगो ने अपने घरों को रोशनी से जगमगाया जबकि रबी उल अव्वल का चांद दिखते ही नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हरे परचम व अपने मकान को दुल्हन की तरह सजाया हुआ था । वही व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने अन्य व्यापारियों के साथ जुलूस मोहम्मदी पर पुष्प वर्षा कर हिन्दू मुस्लिम एकता और सौहार्द का परिचय दिया। वहीं समाज सेवी डॉ आफताब हाशामी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ जुलूस मोहम्मदी में केलो का वितरण किया। वहीं नगर के विभिन्न मोहल्लों में जुलूस ए मोहम्मदी पर पुष्प वर्षा की गई । वही ग्रामीण क्षेत्र अब्दुलापुर लेदा में कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष वसीम अहमद ने भी भारी संख्या में जुलुस ए मोहम्मदी में शिरकत की इस दौरान आसिफ नम्बरदार, विक्की चौधरी,मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीएम प्रीति सिंह, डिप्टी एसपी गौरव त्रिपाठी कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह मय फोर्स के साथ तैनात रहे और पल-पल पैनी नजर लगाए हुए रहे। वही इस दौरान सपा विधायक नवाब जान, पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी पूर्व विधायक विजय कुमार यादव,तहसील इमाम कारी अब्दुल मुईद कारी हशमत अली, व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, नगर मण्डल अध्यक्ष संजीव सिंघल , हारून मलिक, हाजी मुस्तकीम, इस्लाम सलमानी, असलम सलमानी, डॉ आफताब आलम, लारेव मंसूरी सलमान अल्वी, यासीन सैफी, नदीम सलमानी, तफसील सैफी रिजवान नसीम तैमुर आयात नूर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भगवंत सिंह महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर क्षेत्र के गांव कुंआखेड़ा खालसा भगवंत सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. बलराम सिंह एवं समस्त स्टाफ द्वारा डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। इस दौरान डॉ. बलराम सिंह ने कहा कि भारत में हम प्रतिवर्ष 05 सितम्बर को हमारे पूर्व राष्टपति डॉ. राधाकृष्णन का जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप मनाते है। शिक्षको के महत्व को सही स्थान दिलाने के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भरपूर प्रयास किये।

वे स्वयं भी उच्च कोटि की शिक्षक एवं विश्वस्तरीय दार्शनिक थे। उन्होने वेदो में अतुलनीय परिवर्तन किये। जिसके द्वारा समाज में फैली हुई कुरीतियों का अंत हुआ। आज उनके जन्म दिवस को हम सब शिक्षक दिवस के रूप मनाकर उनके प्रति अपनी सच्ची भावनाओं एवं आदर को प्रकट करते है।

## बाइक सवार दंपति से लूट, तमंचा-चाकू के बल पर बदमाशों ने छीने गहने व नकदी

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में गुरुवार की शाम बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचा व चाकू के बल पर दंपति से लूटपाट कर सनसनी फैला दी। बदमाश महिला के सोने-चांदी के गहनों और नकदी समेत मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, हरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रेमलता निवासी राजथल गुरुवार की शाम 07:30 बजे के करीब दबतरा, जनपद बदायूं बाइक से लौट रहे थे तभी दारनी और भूड़ी चौराहे के बीच बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। हथियार दिखाकर दंपति को सड़क किनारे उतार लिया गया और महिला के कानों से कुंडल, दो जोड़ी सोने की बाली, नाक की लौंग, पैरों से पाजेब और पति की जेब से एक हजार रुपये निकाल लिए। बदमाशों ने दोनों के मोबाइल भी ले लिए, हालांकि जाते समय मोबाइल वापस करके धमकी दी कि पाँच मिनट बाद ही वहां से निकलना। पीडिघ्त दंपति ने तत्काल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह यादव को सूचना दी और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना की जानकारी पर पुलिस में हड़कंप मच गया। एएसपी अनुज चौधरी रात में ही मौके पर पहुंचे, जबकि शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक संभल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीडिघ्तों से जानकारी ली और थाना प्रभारी निरीक्षक व एसओजी को दिशा-निर्देश दिए। पीडिघ्तों के अनुसार बदमाशों ने चेहरों पर रूमाल बांध रखा था और वे सभी युवा थे। जाते समय उन्होंने कहा कि आंटी आप लोग अच्छे हैं, इसलिए हम आपके साथ कुछ गलत नहीं कर रहे हैं। हमारा काम हो गया, आप लोग हमारे जाने के पाँच मिनट बाद यहां से जाना। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुराने मामलों के फुटेज और अन्य डाटा के आधार पर पुलिस टीम काम कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## टिमिट के शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह

**मुरादाबाद।** टिमिट में रोटरी क्लब मुरादाबाद संस्कार के सहयोग से शिक्षकों के सम्मान का एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह अवसर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रखा गया, जहाँ टिमिट के शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब मुरादाबाद संस्कार की ओर से श्री कुनाल कपूर (क्लब अध्यक्ष), श्रीमति स्मृति कपूर श्रीमती अंशु गुप्ता, एवं श्रीमती ऋचा अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने टिमिट के शिक्षकों को स्मृति-चिन्ह एवं भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज की रीढ़ और छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण की धुरी होते हैं।

# नगर में सरकार की आमद मरहबा की सदाएं हुई बुलंद

## जश्ने मोहम्मदी के जुलूस में हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में शुक्रवार को पैगम्बर हजरत मोहम्मद सललल्लाहो अलैह बसल्लम का यौमे विलादत (जन्मदिन) जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर में नमाजे जोहर के बाद लगभग 2 बजे जश्ने मोहम्मदी का जुलूस नगर के हाईवे स्थित बशीरूल उलूम मदरसे से प्रारंभ हुआ जिसका आगाज सुन्नी बरेलवी फेडरेशन के सरपरस्त डॉक्टर सैयद नासिर मियां ने हरी झंडी दिखाकर किया जिनके साथ नगर के नगर पंचायत अध्यक्ष पति मेहंदी हसन कारी महफूज हाजी मुशाहिद मोहम्मद यूसुफ उर्फ कल्लू प्रधान असलम खान शफीफ खान सूफी रशीद अहमद मस्जिद आला हजरत के इमाम राशिद अफाकी काजी वाली मस्जिद के इमाम अनीस रजा अजहरी काजी मोहम्मद इलियास हाजी हशमत रजा अरशद उर्फ गुड्डू अनीस शिराजी के अलावा सम्मानित लोग व उलमा शामिल हुए जुलूस में नगर व आसपास के मदरसों



के बच्चे शामिल हुए जिनके हाथो मैं हरे इस्लामी परचम व तिरंगे दिखाई दिए जुलूस में बड़ी ही तादात में लोग शामिल हुए और हर तरफ सरकार के की आमद मरहबा की सदाएं बुलंद हुई जुलूस निर्धारित मार्गो से होता हुआ गूलर तिराहे पर आकर समाप्त हो गया जुलूस में बड़ी तादाद में लोगों ने तबर्रूक का वितरण किया और जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई पूरे दिन नगर में सरकार की आमद मरहबा की सदाएं बुलंद रही शाम होते ही लोग अपने घरों को वापस हो गए और अपने घरों को रोशनी से जगमगाया जबकि रबी उल अव्वल का चांद दिखते ही नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हरे परचम व अपने मकान को दुल्हन की तरह सजाया हुआ था सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे और पल-पल की खबर पर पैनी नजर लगाए हुए रहे जबकि पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस संपन्न कराया इसके अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जश्ने मोहम्मदी का जुलूस अमन व शांति के माहोल में निकाला गया।

## नगर में नशेड़ियों का आतंक, दहशत में नगरवासी, तहरीर देकर के लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा।** नगर में नशेड़ियों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि आमजन भयभीत होकर जीने को मजबूर हो गए हैं। मोहल्लों की गलियों से लेकर मुख्य बाजार तक नशेड़ियों का हुड़दंग रोज का नजारा बन गया है। आए दिन झगड़े,गाली-गलौज, छेड़छाड़ और उत्पात की घटनाओं से लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि नशे के आदी युवक दिनदहाड़े शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करके सड़क पर उत्पात मचाते रहते हैं। महिलाएं और बच्चियां शाम ढलने के बाद घर से बाहर निकलने से डरने लगी हैं। व्यापारी वर्ग भी दहशत में है, क्योंकि नशे में धुत लोग दुकानों पर आकर गाली-गलौज करने के साथ झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। नगरवा. सियों ने कहा कि यदि जल्द ही प्रशासन ने इस समस्या पर सख्त कदम नहीं उठाया तो हालात और बिगड़ सकते हैं। नगर के संभ्रांत व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर के प्रशासन से गुहार लगाई है कि नशे के अड्डों पर छापेमारी की जाए हुड़दंग कर रहे नशेड़ियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। जिससे के नगर में शांति बनी रहे।

## भोजपुर में मजलिस ने किया फ्री कैंप का आयोजन



**भोजपुर।** शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन मुरादाबाद की जानिब से विधानसभा 27 मुरादाबाद देहात के नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के मौहल्ला मनिहारान में पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नदीम अहमद के मकान पर दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम तरह की दवाएं,खून की जांच,ब्लड प्रेशर,शुगर आदि की जांच फ्री में की गई। जिसमें सैकडो की तादाद में लोगों ने फ्री मेडिकल कैंप में अपनी जांच करा कर दवाई ली। इस मौके पर डॉक्टर सलमान अल्लाह, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नदीम अंसारी, एडवोकेट जिला सचिव मुरादाबाद अतीकुर्रहमान, हाजी शौकीन मोहम्मद, आरिफ, फहीम अंसारी, मो. हसिन, नौशाद अंसारी एवं पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

# ईद मिलादुन्नबी का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न




■ मुस्लिम धर्म के लोगों ने भारी संख्या में जुलूस में की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** नगर एवं ग्रामीण इलाकों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नबी की आमद पर जुलूस ए मुहम्मदी निक. ालकर लोगों ने खुशियां मनाई। शुक्रवार को मुहम्मद सल्लल्लाहो अलेही वसल्लम की पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस निक. ालकर अपने नबी की पैदाइश का जश्न मनाया। इस दौरान जुलूस जामा मस्जिद, खद्दर बाजार,झादेवाला, मनिहारान, फतेहपुरी, बगिया वाला,नावपुर, घास मंडी, बस स्टैंड से होते हुए मदरसा फैजे रसूल के निकट स्थित ईदगाह मैदान पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए उलेमाओं ने कहा कि दुनियाभर में इंसानियत का पैगाम देने वाले पैगंबर मुहम्मद साहब बारह रवी उल अव्वल के दिन मक्के में पैदा हुए। उनकी पैदाइश के दिन पर हर वर्ष दुनियाभर के मुसलमान जुलूस निकालकर जश्न मनाते हैं। उलेमाओं ने संपन्न लोगों से अपील करते हुए कहा सभी लोग गरीबों और बीमारों की आर्थिक मदद करें। भूखों को आटा चावल के साथ खाने का सामन भेजें। विवाह शादियां एवं बर्थडे दिखावटी फिजूलखर्ची न करके दीनी मदरसों में और दुनियावी तालीम हासिल कर रहे यतीम एवं गरीब बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएं। बेसहारा बच्चों का पालन-पोषण का जिम्मा उठाएं। बीमार लोगों को खाने के साथ-साथ दवाईयां भी वितरण करें। गरीब बेटियों की शादियां कराएं। जुलूस में शिरकत करने आए लोगों को विधायक नासिर कुरैशी ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी मुबारकबाद पेश दी। इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक महेश कुमार मलिक, कस्बा चौकी प्रभारी बृजपाल सिंह, हेड कांस्टेबल कुलदीप अत्रि कपिल आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे। उधर निकटवर्ती गांवों पीपलसाना, लालुवाला, महमूदपुर तिगरी, रूस्तमपुर तीगरी,रानी नांगल,गौधी, हमीरपुर, सरदार नगर अटरिया, बहेड़ी ब्रहमान,सिढ़लऊ नजरपुर, इस्लाम नगर आदि मौजूद रहे।

## नगर में ठेलों पर खुलेआम बिक रही जहरीली शराब

**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार दिन-ब-दिन बेलगाम होता जा रहा है। चौक-चौराहों से लेकर गलीदृमोहल्लों तक अवैध शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। हालत यह है कि कई जगह ठेले और खोखे शराब बेचने का अड्डा बन चुके हैं। शराबियों की भीड़ देर रात तक इन ठेलों पर जुटी रहती है, जिससे आमजन का निकलना तक मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। आरोप है कि कुछ जगहों पर काले कारोबारियों को संरक्षण मिलने के कारण अवैध धंधा लगातार फल-फूल रहा है। शराब के नशे में धुत युवक आए दिन लड़ाई-झगड़े कर माहौल खराब कर देते हैं। मोहल्लों में रहने वाली महिलाओं और बच्चियों को भी असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। अवैध शराब की बिक्री से न केवल अपराध बढ़ रहे हैं बल्कि इसका असर सीधे तौर पर युवा पीढ़ी पर भी पड़ रहा है। नशे की गिरफ्त में फंसकर कई युवक अपराध की राह पर चलने लगे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि घटिया और अवैध शराब स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित होती है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि नगर में अवैध शराब बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जिम्मेदार पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कर उन्हें भी जवाबदेह बनाया जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# सम्पादकीय

**शनिवार, 6 सितम्बर 2025**

## ट्रम्प की हताशा

रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ तो लगा दिया, लेकिन देखने में आ रहा है कि इस फैसले से वह भारत से ज्यादा स्वयं परेशान दिखाई दे रहा है। यह आए दिन अमेरिकी प्रशासन से आए बयानों से भी झलकता है। शुक्रवार को भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्वीट पर पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग नजर आ रहे हैं।

यह तस्वीर चीन में हाल ही में संपन्न हुए शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान की है। जहां तीनों नेता मिले थे। ट्रम्प ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि उन्हें लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे अंधकार में चीन के हाथों खो दिया है। पोस्ट में वह यह भी कहते नजर आ रहे हैं कि ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और स्मृद्ध हो। जाहिर है, पुतिन, जिनपिंग और पीएम मोदी की तिगड़ी से डोनाल्ड ट्रम्प काफी परेशान नजर आ रहे हैं। जहां तक बात भारत की है, जब साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में शुक्रवार को इस पोस्ट को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि इस पोस्ट पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं है। असल में भारत से टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति अपने घर में भी घिरते जा रहे हैं। कई अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी है। इसमें पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलविन और पूर्व विदेश मंत्री कैम्बेल शामिल हैं। इन तमाम लोगों का कहना है कि भारत पर टैरिफ लगाकर अमेरिका ने जहां चीन को बड़ा मौका दिया है कि वह विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाए, वहीं उसने अपने एक रणनीतिकार दोस्त को भी खोने का काम किया है, क्योंकि नेताओं की नजर में भारत ही एक ऐसा देश है जो चीन की मनमानी को रोक सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान जिस तरह भारत के संबंध में आ रहे हैं, उनको सख्ती से खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं बल्कि भयावह भी हैं। विदेशी मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत-अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। भारत का यह भी कहना है कि भारत और अमेरिकी व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। जायसवाल ने संबंधों को आगे बढ़ाने की बात भी कही और उन्होंने क्वाड को जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं साझा हितों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया। मतलब साफ है कि भारत अपने विकल्प तलाश कर रहा है, जोकि उसका अधिकार है, क्योंकि हर राष्ट्र को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने का हक है, लेकिन भारत किसी भी गुट में शामिल नहीं है, जैसीकि ट्रम्प कह रहे हैं। भारत की विदेश नीति स्वतंत्र और अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप है।

### व्यक्ति को सक्षम बनाती है शिक्षा




भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है, समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं, शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है, शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं, बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें, विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है, एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

**द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

# सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज'



**पवन सिंह**



> अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है।

सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दीजिए प्लीज। न बंद करिए न ही किसी दूर के विद्यालयों में समाहित करिए। इन बच्चों को कोई स्कूल बस लेने नहीं आती। कोई स्कूल का रिक्शा लेने नहीं आता। इनके मां-बाप कार, स्कूटर, बाइक से छोड़ने नहीं आते। इन बच्चों से कांपती हुई छत मत छीनिए। टूटा हुआ बाथरूम चलेगा। पानी भी वे स्कूल के बाहर किसी हैंडपंप से पी लेंगे। आप सोने से धर्म स्थलों के गुंबद सजाएं और लाखों दीए जलाएं। कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन ये टूटे हुए स्कूल, इन बच्चों के लिए छोड़ दीजिए। नेचर के न्याय से डरिए। आप क्रूरतम हो जाइए, यह भी चलेगा, लेकिन स्कूल चलने दीजिए। ये बच्चे आपसे कभी कुछ नहीं मांगते। आप चाहें तो ड्रेस और स्कूल बैग भी मत दीजिए। मत दीजिए स्वेटर। यह फटी कमीज और झोला लेकर भी चले जाएंगे। आप धार्मिक यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाइए या हाइवे के ऊपर हाईवे बनाइए, लेकिन इन बच्चों से स्कूल मत छीनिए सर।

इन बच्चों ने कभी आपसे कोई शिकवा-शिकायत नहीं की। कभी आपके खिलाफ सड़कों पर नहीं उतरे। कभी आपके खिलाफ नारे नहीं लगाए। बंद कर दीजिए मिड-डे-मील भी। यह अपने घर से रोटी, नमक और प्याज ले आएंगे। पहले भी लाते थे, लेकिन आप से खाना नहीं मांगेंगे। स्कूल क्यों बंद कर दिए साहेब। जिन अफसरों की सलाह पर यह पाप हुआ है। वे एक दिन इस अपराध का प्रकृतिजनित दंड जरूर भोगेंगे। बंद स्कूलों के गेटों पर रोते हुए बच्चों के वीडियो भी आप की आंखों को नम नहीं कर सके। स्कूलों में मास्टर नहीं जाते। या कम जाते हैं तो यह प्रशासनिक लापरवाही थी। कुछ इस तरह के मानक बनाते कि मास्टर का घर और स्कूल 20-25 किलोमीटर के क्षेत्रफल में होता। गांव के लोगों की समितियां बनाकर मास्टर की उपस्थिति पर नजर रखते, लेकिन सीधे स्कूल ही बंद कर दिए। अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है। जबकि विश्व में शिक्षा पर सबसे ज्यादा जीडीपी खर्च करने वाले देशों में सोलोमन द्वीप समूह लगभग 12.6%, ग्रीनलैंड 10.5%, नामीबिया 9.64% व बोलीविया 9.84% के नाम सामने आते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष, 2020 में अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 6.05 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया था और आज भी उसका शिक्षा पर बजट जबरदस्त है। सऊदी अरब ने भी वर्ष, 2023 में शिक्षा पर अपने जीडीपी का 7.81 प्रतिशत खर्च किया, जो आज भी लगभग इसके आसपास ही है। चिली जैसा छोटा सा देश उच्च शिक्षा पर जीडीपी का 2.4 प्रतिशत खर्च करता है। स्वीडन व ऑस्ट्रेलिया भी उन देशों की फेहरिस्त में शामिल हैं जो शिक्षा पर अच्छा-खासा बजट खर्च करते हैं। अपने देश में विगत 10 सालों में (2014-15 से 2023-24 तक) सरकारी स्कूलों की संख्या में 8% की कमी आई है। जबकि इसके विपरीत निजी स्कूलों की संख्या इन्हीं 10 सालों में 14.9% बढ़ी है। यह डाट लोकसभा में खुद ही सरकार प्रस्तुत कर चुकी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष, 2014-15 और 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या 11 लाख 7 हजार 101 से घटकर 10 लाख 17 हजार 660 रह गई। इसके विपरीत निजी स्कूलों की जो संख्या 2 लाख 88 हजार 164 थी वह इसी बीच बढ़कर 3 लाख 31 हजार 108 हो गई।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हिंदूवादी प्रयोगशाला वाले दो सबसे महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश में क्रमश: 29 हजार 410 व 25 हजार 126 स्कूल निपट गए। अन्य राज्यों में क्रमश: जम्मू कश्मीर में 21.4%, ओडिशा में 17.1%, अरुणाचल प्रदेश में 16.4%, नागालैंड में 14.4%, झारखंड में 13.4%, गोवा में 12.9% और उत्तराखंड में 8.7% सरकारी स्कूल कम हो गए। मैंने कहीं एक लेख पढ़ा था जो आज भी याद है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन में क्लेमेंट एटली के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी की सरकार बनी। एटली ने लगभग हर मद को घटा दिया लेकिन शिक्षा के बजट को कम नहीं किया। उल्टा शिक्षा के बजट को यह कह कर बढ़ा दिया कि युद्ध से जो नुकसान हुआ है वह एक दिन पूरा हो जाएगा लेकिन अगर एक पीढ़ी शिक्षा से वंचित हो गई तो इसका नुकसान कोई नहीं भर पाएगा। यही कारण है कि औद्योगिक क्रांति करने वाला पहला देश भी ब्रिटेन बना और वह ग्रेट ब्रिटेन इस लिए बना क्योंकि उसने शिक्षा के साथ समझौता नहीं किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या आंतों में छिपा है अवसाद का राज

> **सबसे बड़ी रुकावट तो यह है कि कंपनियां इसमें भारी निवेश नहीं करना चाहतीं क्योंकि दवा कंपनियां दवाइयों पर तो पेटेंट ले सकती हैं, उन्हें आसानी से बेच सकती हैं और मुनाफा कमा सकती हैं। लेकिन प्रोबायोटिक्स या डाइट प्लान को इस तरह बेचना मुश्किल है। अवसाद या मानसिक समस्याओं से पीड़ित लोगों के सूक्ष्मजीव संसार पर आधारित इलाज एक नया नजरिया है। यह मानसिक बीमारियों को देखने की धारणाओं को भी बदल सकता है। अब मानसिक रोगों को सिर्फ दिमाग की गड़बड़ी नहीं, बल्कि शरीर, सूक्ष्मजीवों और मन के बीच जटिल संवाद का नतीजा माना जा सकता है।**

अवसाद आज दुनिया की सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और जीने के तरीके को प्रभावित करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 28 करोड़ लोग यानी करीब 5 प्रतिशत वयस्क अवसाद से पीड़ित हैं।

गौरतलब है कि लंबे समय से अवसाद और चिंता को दिमाग की रासायनिक प्रक्रिया, जीन या जीवन की परिस्थितियों से जोड़ा जाता रहा है। लेकिन अब शोध से यह पता चला है कि हमारी आंतों में मौजूद सूक्ष्मजीव संसार - यानी बैक्टीरिया, फफूंद और अन्य सूक्ष्मजीवों का विशाल संसार - हमारे मूड को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाता है। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने बस एक सह-सम्बंध देखा थारू जिन लोगों को अवसाद या चिंता थी, उनके आंतों में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव स्वस्थ लोगों से अलग थे। फिर 2016 के दो अलग-अलग अध्ययनों में जब अवसाद से पीड़ित मनुष्यों की विष्ठा चूहों की आंत में डाली गई, तो चूहों में भी अवसाद जैसे लक्षण दिखने लगे। वे आनंद या खुशी का अनुभव करने में रुचि खो बैठे, उनमें चिंता जैसी हरकतें दिखीं और उनके मस्तिष्क की रासायनिक प्रक्रियाएं भी बदल गईं। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि मानसिक बीमारियां सिर्फ जीन या किसी सदमे से नहीं होतीं, बल्कि सूक्ष्मजीवों के जरिए भी 'स्थानांतरित' हो सकती हैं। इससे एक नया सवाल उठारू अगर अस्वास्थ्यकर सूक्ष्मजीव बीमारी फैला सकते हैं, तो क्या स्वस्थ सूक्ष्मजीव हमें फिर से स्वस्थ बना सकते हैं?

**जवाबों की ओर पहला कदम**


इससे प्रेरित होकर, युनिवर्सिटी ऑफ कैलगरी की मनोचिकित्सक वैलेरी टेलर ने मनुष्यों पर परीक्षण शुरू किए। उन्होंने बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी बीमारियों से शुरुआत की जिन्हें ठीक करना सबसे मुश्किल माना जाता है। उनका सोचना था कि अगर उस मामले में विष्ठा सूक्ष्मजीव प्रत्यारोपण फीकल माइक्रोबायोटा ट्रांसप्लांट कारगर साबित होता है, तो यह अन्य बीमारियों में भी मदद कर सकता है। शुरुआती अध्ययनों में दिखा कि आंतों के सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव से मूड बेहतर हो सकता है। हालांकि FMT हर व्यक्ति पर एक जैसा असर नहीं करता, लेकिन कुछ मरीजों के लिए यह जिंदगी बदल देने वाला साबित हुआ। लेकिन एक समस्या है FMT से यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि कौन-से विशेष सूक्ष्मजीव इसके लिए जिम्मेदार हैं। यह किसी खास बैक्टीरिया को नहीं बल्कि पूरे सूक्ष्मजीव संसार का पुनर्गठन करता है। शुरुआत के लिए तो ठीक है, लेकिन बहुत सटीक नहीं। इसी कमी को दूर करने के लिए वैज्ञानिक अब साइकोबायोटिक्स पर काम कर रहे हैं - यानी ऐसे फायदेमंद बैक्टीरिया प्रोबायोटिक्स के रूप में जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करते हैं। कुछ छोटे मानव परीक्षण बताते हैं कि इलाज के लिए अपने आप में इनकी क्षमता सीमित है, लेकिन साइकोबायोटिक्स अवसादरोधी दवाइयों का असर बढ़ा सकते हैं।

इस सम्बंध में वैज्ञानिकों का ध्यान आहार पर भी रहा है। हमारा आहार हमारी आंत के सूक्ष्मजीव संसार को गहराई से प्रभावित करता है। 2017 में ऑस्ट्रेलिया में हुए एक मशहूर अध्ययन में पाया गया था कि मेडिटेरेनियन डाइट जिसमें फल, सब्जियां, दालें, मछली और साबुत अनाज अधिक हों अपनाने से प्रतिभागियों में अवसाद के लक्षण काफी कम हुए। भोजन से शरीर को प्रोबायोटिक्स मिलते हैं। ए ऐसे तत्व हैं जिन पर अच्छे बैक्टीरिया पनपते हैं और इस तरह एक स्वस्थ सूक्ष्मजीव समुदाय विकसित होता है। शुरुआती नतीजे उत्साहजनक हैं, लेकिन यह क्षेत्र अभी नया है और इसमें कई सवाल बाकी हैं। जैसे, मानसिक स्वास्थ्य के लिए कौन-से खास सूक्ष्मजीव सबसे ज्यादा जरूरी हैं? फायदा सूक्ष्मजीवों की विविधता से होता है या कुछ खास सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति या अनुपस्थिति से? कितने समय तक सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव बने रहने चाहिए ताकि लक्षणों में सुधार दिखे? प्रोबायोटिक्स का असर इसलिए है कि वे अवसादरोधियों की क्षमता बढ़ाते हैं या वे एक बिल्कुल अलग प्रक्रिया से काम करते हैं? वैज्ञानिक भविष्य में मानसिक स्वास्थ्य की ऐसी चिकित्सा की कल्पना कर रहे हैं, जिसमें इलाज का तौर-तरीका मरीज की आंतों के सूक्ष्मजीवों के अनुसार तय किया जाएगा।

**स्रोत फीचर्स**

# हाईटैक सिटी गुरुग्राम में जलभराव का दोषी कौन

**रजनीश कपूर**



आज केगुरुग्राम, जिसे 'मिलेनियम सिटी' और 'साइबर सिटी' जैसे गौरवशाली नामों से नवाजा जाता है, हर साल मानसून के आगमन के साथ एक जलमग्न नरक में तब्दील हो जाता है। महज दो घंटे की बारिश इस शहर को घुटनों तक पानी में डुबो देती है। सड़कों पर घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। करोड़ों रूपए की कीमत वाले आलीशान घरों में रहने वाले लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में त्रस्त हो उठते हैं। यह विडंबना है कि एक ओर गुरुग्राम भारत के सबसे महंगे रियल एस्टेट बाजारों में से एक है, जहां लोग भारी-भरकम टैक्स और किराए चुकाते हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी विभागों की लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के कारण यह शहर हर बारिश में डूब जाता है। इस संकट ने न केवल शहर की छवि को धूमिल किया है, बल्कि निवासियों के बीच गुस्सा और निराशा को भी बढ़ावा दिया है।

हाल ही में, प्रसिद्ध लेखक और उद्यमी सुहेल सेठ ने एक सार्वजनिक मंच पर हरियाणा सरकार और स्थानीय प्रशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने गुरुग्राम की स्थिति को 'शर्मनाक' करार देते हुए कहा, ह्गुरुग्राम खत्म हो चुका है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस स्थिति को संभाल नहीं पा रहे। बीजेपी को गंभीर आत्ममंथन की जरूरत है। वे 11 साल से इस राज्य को चला रहे हैं, अब नेहरू को दोष नहीं दे सकते। सेठ की यह टिप्पणी न केवल गुरुग्राम की बदहाल स्थिति को उजागर करती है, बल्कि सरकारी एजेंसियों की जवाबदेही की कमी को भी रेखांकित करती है।

सुहेल सेठ ने अपनी एक अन्य टिप्पणी में कहा, क्या नालों की सफाई के लिए रॉकेट साइंस चाहिए? नहीं, बिल्कुल नहीं। उनकी यह बात सटीक है। गुरुग्राम जैसे शहर, जो गूगल, मेटा और सैमसंग जैसे बड़े कॉरपोरेट्स का घर है, को बुनियादी ढांचे के मामले में इतना पिछड़ा होना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह एक गंभीर प्रशासनिक विफलता को भी दर्शाता है। निवासियों का गुस्सा जायज है, क्योंकि वे अपनी मेहनत की कमाई से भारी टैक्स और किराए चुकाते हैं, लेकिन बदले में उन्हें बारिश में डूबता शहर और घंटों का ट्रैफिक जाम मिलता है।



गुरुग्राम में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। हर साल मानसून के दौरान शहर की सड़कें नदियों में बदल जाती हैं, और प्रमुख मार्ग जैसे गोल्फ कोर्स रोड, सोहना रोड, और दिल्ली-जयपुर हाईवे पर घंटों तक ट्रैफिक रेंगता रहता है। 1 सितंबर 2025 को, महज चार घंटे की बारिश में 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिसने शहर को पूरी तरह ठप कर दिया। नेशनल हाईवे-48 पर 7 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोग घंटों तक सड़कों पर फंसे रहे। सोशल मीडिया पर निवासियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिसमें गोल्फ कोर्स रोड जैसे पॉश इलाकों में गहरे पानी में डूबी गाड़ियां और फंसे हुए लोग दिखाई दिए।

गुरुग्राम में जन्में और वहीं पर बसे एक सफल उद्यमी और समाज सेवी शरद गोयल ने हाल ही में एक चौनल में दिए इंटरव्यू में कहा कि इस संकट का मूल कारण है शहर की अनियोजित शहरीकरण और सरकारी विभागों का आपसी तालमेल का अभाव। आज गुरुग्राम अनियंत्रित निर्माण और बुनियादी ढांचे की कमी का शिकार है।

गुरुग्राम की पुरानी भौगोलिक संरचना में कई प्राकृतिक जलाशय और नाले थे, जो बारिश के पानी को संचित करते थे। लेकिन तेजी से हुए निर्माण ने इन जल निकायों को नष्ट कर दिया। वे आगे कहते हैं कि जनता बारिश और जल भरवा से त्रस्त होती है लेकिन जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि कभी भी ऐसे मौकों पर सड़क पर दिखाई नहीं देते। नेताओं को छोड़िए निगम के अधिकारी भी ईद का चांद बने हुए हैं जो केवल अनियमितताओं के चलते ही हरकत में आते हैं। अपने गैर जिम्मेदाराना रवैए के लिए कभी भी जनता के बीच नहीं दिखाई देते।

सरकारी विभागों के बीच जवाबदेही का अभाव इस समस्या को और गंभीर बनाता है। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ गुरुग्राम एमसीजी, हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी हुडा और गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी जीएमडीए जैसे विभिन्न निकाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, लेकिन कोई भी पूर्ण रूप से समस्या का समाधान नहीं करता। गुरुग्राम हो या देश अन्य कोई शहर, सभी को इंदौर से सबक लेना चाहिए जहां के अधिकारी और जनता सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूर्णत: निभाते हैं और सुखी रहते हैं। समाधान के लिए दीर्घकालिक और टिकाऊ शहरी नियोजन की जरूरत है। प्राकृतिक जल निकायों को पुनर्जनन, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कुओं का निर्माण और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही, सरकारी विभागों के बीच बेहतर तालमेल और जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है। हर वो अधिकारी जो गुरुग्राम जैसे क्षेत्र में तैनाती पाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाता है वो यहां आते ही काम करने से क्यों बचता है? यदि किसी भी अधिकारी पर काम न करने पर तबादले की तलवार लटका दी जाए या कुछ आलसी अधिकारियों का तबादला कर दिया जाए तो इससे बाकी अधिकारियों के बीच एक सही संदेश जाएगा।

गुरुग्राम को 'मिलेनियम सिटी' का दर्जा बनाए रखने के लिए केवल आलीशान इमारतें और कॉरपोरेट कार्यालय पर्याप्त नहीं हैं, इसे एक ऐसा शहर बनाना होगा जो अपनी जनता को बुनियादी सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर सके। जब तक ए कदम नहीं उठाए जाते, तब तक गुरुग्राम हर मानसून में डूबता रहेगा और निवासियों की निराशा बढ़ती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में एमपॉक्स के मामले 8001 पहुंचे, 50 की मौत

**कंपाला।** युगांडा में पिछले चौबीस घंटों में खतरनाक बीमारी एमपॉक्स के कारण दो लोगों की और मौत होने से इससे मरने वालों का आंकड़ा 50 पर पहुंच गया। साथ ही 15 नए मामले दर्ज किए गए जिससे इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 8001 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि नए मामले भले ही सामने आए हों लेकिन इस बीमारी का संक्रमण ढलान पर है। सप्ताह के आधार पर सामने आए मामलों को देख कर यह कहा जा सकता है कि संक्रमण की घटनाओं में कुल मिलाकर कमी आई है।

### श्रीलंका बस हादसे में कम से कम 15 मरे

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत में एला-वेल्लावेया मार्ग पर गुरुवार रात एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इस दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा तब हुआ जब एक बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि घायलों में कुछ की स्थिति बेहद गंभीर है। बस में सवार यात्री एक समूह में थे और वे छुट्टियां मना कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाके में पुलिस, सेना, अग्निशमन विभाग और स्थनीय लोगों के साथ बचाव कार्य चल रहा है।

### इटली के मशहूर डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी का निधन

**रोम।** इटली के मशहूर फैशन डिजाइनर और अरमानी ग्रुप के संस्थपक जियोर्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बीबीसी के मुताबिक वह इतालवी शैली और लालित्य के आदर्श थे, जिन्होंने आधुनिक दर्शकों के लिए पुरुषों और महिलाओं के परिधानों को डिजाइन किया था। अरमानी को दुनिया भर के फैशन में सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक माना जाता था। वह अपनी आखिरी सांस तक बिजनेस और डिजाइन के काम में सक्रिय रहे।

# डिनर डिप्लोमेसी में 'ट्विस्ट': ट्रम्प की पार्टी में मस्क आउट

## ट्रम्प की डिनर पार्टी में शामिल हुए दिग्गज टेक बिजनेसमैन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार रात व्हाइट हाउस में टेक बिजनेसमैन के लिए डिनर रखा। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिंचाई, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपन एआई सीईओ सेम आल्टमैन, समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए।

हालांकि, टेस्ला सीईओ एलन मस्क को न्योता नहीं दिया गया। ट्रम्प ने कहा: ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, जब इतने सारे बुद्धिजीवी एकसाथ मिले हों। उन्होंने इस टीम को 'हाई आईक्यू ग्रुप' कहकर संबोधित किया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक यह डिनर प्रेसिडेंट हाउस के रोज गार्डन में होना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण यह स्टेट डाइनिंग रूम में किया गया। ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं। उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए। वहीं ट्रम्प



**ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं, उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए**

के बगल में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग बैठे थे। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। मस्क कुछ महीने पहले तक ट्रम्प के सलाहकार थे, लेकिन अब दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। इस डिनर में जेरेड इसाकमैन भी रहे। इसाकमैन ही वह शख्स हैं जिनकी वजह से मस्क और ट्रम्प के बीच दूरियां आनी शुरू हुईं। इसाकमैन मस्क के करीबी सहयोगी रहे हैं। उन्हें ट्रम्प ने स्पेस एजेंसी नासा की लीडरशिप के लिए चुना था। जब ट्रम्प और मस्क के बीच दूरी आ गई, तो इसाकमैन का नामिनेशन रद्द कर दिया गया। डिनर का आयोजन व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा पर बनी नई टास्क फोर्स की बैठक के बाद हुई। टास्क फोर्स का मकसद अमेरिकी युवाओं के लिए एआई शिक्षा का विकास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेलानिया ट्रम्प ने की। मेलानिया ने कहा कि एआई अभी शुरुआती दौर में है, इसलिए इसके साथ वैसा ही व्यवहार करना होगा जैसा बच्चों के साथ किया जाता है। इसे सतर्कता के साथ जिम्मेदार बनाना होगा। मेलानिया ने कहा कि हम एक खास समय में जी रहे हैं। बच्चों को इस भविष्य के लिए तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है। पिछले महीने, मेलानिया ने के-12 ग्रेड के छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की, जिसमें एआई का उपयोग करके चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया। हालांकि, उन्होंने एआई के नुकसान पर भी ध्यान दिया। मेलानिया ने इस साल एआई-जनरेटेड डीपफेक इमेज का इस्तेमाल कर आनलाइन यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कानून बनाने की मांग की थी।



चेन्नई। अमेरिका द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ बढ़ोतरी के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पोस्टर लेकर प्रदर्शन में भाग लेते वामपंथी दलों के कार्यकर्ता

# इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा 'पेंटागन'

## ट्रम्प देंगे इसको नया नामः युद्ध मंत्रालय

**वाशिंगटन।** अमेरिकी के पेंटागन को युद्ध मंत्रालय और रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नया कानून बनाने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत ये दोनों नाम बदल दिए जाएंगे।

नया नाम रक्षा मंत्रालय, एक द्वितीयक पद के रूप में इस्तेमाल होगा और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी। नाम बदलने के तर्क में कहा गया है कि 'युद्ध मंत्रालय' नाम 'रक्षा मंत्रालय' की तुलना में कहीं अधिक तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है। विदित हो कि अमेरिकी सशस्त्र सेवाओं की देखरेख करने वाले पेंटागन को 1947 तक युद्ध मंत्रालय ही कहा जाता था।

> ■ सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी
> ■ रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है

# रूस और यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा है कि वह रूस-यूक्रेन जंग को जल्द ही खत्म करने के लिए राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थई प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान नहीं जानी चाहिए।

युद्ध के मैदान में इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि जंग खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, चाहे यह रास्ता कितना भी कठिन क्यों न लगे। स्थई शांति के लिए दोनों देशों की भागीदारी और प्रतिबद्धता अहम है। जंग का जल्द ही अंत होना सभी के हित में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। भारत इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। भारत इस दिशा में हाल के सकारात्मक घटनाक्रमों का स्वागत करता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई समिट का समर्थन किया। हम अलास्का समिट में हुई प्रगति की सराहना करते हैं। हम वाशिंगटन डीसी में यूक्रेनी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ ट्रम्प के कूटनीतिक प्रयासों की भी सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल की स्थिति को लेकर राष्ट्रपति पुतिन, राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय नेतृत्व के संपर्क में हैं।

> ■ राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार फिर दोहराई पीएम मोदी की बात: ये युग युद्ध का नहीं

# इजरायल के हवाई हमले में हूती के 12 सदस्य मारे गए

**यरूशलम।** इजरायल सेना के पिछले हफ्ते सना में एक सैन्य ठिकाने पर किए गए हवाई हमलें में हूती समूह के 12 सदस्य मारे गए। सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पिछले गुरुवार को हुए हमलों में यमन की राजधानी में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल हूती समूह के वरिष्ठ कमांडर करते थे, जहां सैन्य अधिकारी और सरकारी मंत्री मौजूद थे। बयान में इन अधिकारियों के नाम नहीं बताए गए, लेकिन हूती ने पिछले हफ्ते पुष्टि की थी कि हूती सरकार के प्रधानमंत्री अहमद गालिब अल-रहावी भी मारे गए लोगों में शामिल थे। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को इजरायल पर हुए हालिया हूती हमलों का कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया।

# वेनेजुएला ने अमेरिकी वॉरशिप के ऊपर उड़ाया एफ-16 फाइटर जेट

**तनाव बढ़ाः ताकत दिखाने की कोशिश न करें, अंजाम बुरा होगा**

**कराकस।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वेनेजुएला के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को कैरेबियन सागर में अमेरिकी वारशिप यूएसए जेसन डनहम के ऊपर से उड़ान भरी।

अमेरिका ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि वेनेजुएला ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने देर रात जारी बयान में वेनेजुएला को चेतावनी दी कि वे आगे ऐसी उकसावे वाली हरकत की तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। डनहम एक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप है, जिसे अमेरिका ने पिछले सप्ताह वेनेजुएला के पास तैनात किया था। अमेरिका के मुताबिक, यह जहाज ड्रग्स और आपराधिक संगठनों को निशाना बनाने के लिए तैनात किया गया है। 40 साल पहले अमेरिका और वेनेजुएला के बीच संबंध काफी अच्छे थे। साल 1982 में वेनेजुएला और अमेरिकी

### अमेरिका ने किया खबरदार

कंपनी लाकहीड मार्टिन के बीच 24 एफ-16 फाइटर जेट्स को लेकर करार हुआ था। इनकी डिलिवरी 1982 से 1985 के बीच हुई। यह पहली बार था जब किसी लैटिन अमेरिकी देश को एफ-16 दिए गए। शुरुआत में इन विमानों का रखरखाव और अपग्रेड भी अमेरिका ही करता था। 2000 के बाद जब ह्यूगो शावेज और फिर निकोलस मादुरो वेनेजुएला की सत्ता में आए, तब अमेरिका से इसके के रिश्ते बिगड़ गए। अमेरिका ने 2006 में वेनेजुएला पर हथियार प्रतिबंध लगा दिया, जिस कारण वेनेजुएला अब अपने एफ-16 के लिए अमेरिकी स्पेयर पार्ट्स नहीं खरीद सकता था। इसके चलते ज्यादातर एफ-16 जेट धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं और इनका इस्तेमाल सीमित हो गया है। आधिकारिक तौर पर वेनेजुएला के पास अब 5 से 6 एफ-16 हैं जो उड़ने के काबिल हैं। बाकी या तो स्टोरेज में हैं या कबाड़ बन चुके हैं।



वेनेजुएला ने इन्हें अपग्रेड कराने के लिए रूस और ईरान से मदद लेने की कोशिश भी की, लेकिन एफ-16 अमेरिकी तकनीक है, इसलिए इसे पूरी तरह से अपग्रेड करना मुश्किल हो गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ड्रग कार्टेल पर सख्ती के लिए यह नौसैनिक अभियान शुरू किया था। इसी वजह से दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने राष्ट्रपति मादुरो पर आरोप लगाया है कि वह ड्रग कार्टेलों से मिले हुए हैं और उनकी मदद से अमेरिका और उसके इलाको में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं।

# अफगान में नौ घंटे में पांच बार कांपी धरती

## जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दशहत का माहौल

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीते नौ घंटे में यहा भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 7.46 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप आया।

इससे कुछ ही देर पहले यहां 5.2 तीव्रता के झटके लगे थे। इससे पहले गुरुवार आधी रात के बाद करीब 3:16 बजे 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रात 11.58 बजे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक काबुल से 118 किलोमीटर दूर भूकंप आया।



> ■ इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई

जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दहशत का माहौल है। बता दें कि 4.1 तीव्रता के भूकंप से चंद मिनट पहले भी धरती कांपी थी, जिसकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इस तरह 24 घंटे से भी कम समय में चार झटके लगे और पांच घंटे के भीतर तीन बार धरती कांपी। इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके काबुल से पूर्वी दिशा में लगभग 133 किमी दूर आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की गहराई 160 किमी रही। इससे पहले आज दिन में भी भूकंप के झटके महसूस किए थे। जिसकी तीव्रता 4.8 थी। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया था। बता दें कि 4 सितम्बर की सुबह 10:40 बजे भी भूकंप आया था, जिसमें अब तक 2200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बुधवार देर रात भी यहां 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशाक का खतरा बढ़ गया था। 'एक्स' पर एक पोस्ट में एनसीएस ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53 बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 2205 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

# 'बांग्लादेश दरिया-ए-नूर' हीरे वाली तिजोरी खालेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका के एक स्टेट बैंक की लंबे समय से बंद पड़ी तिजोरी को खोलने का आदेश दिया है। इस तिजोरी को 117 साल पहले (1908 में) सील की गई थी। इस तिजोरी में दुनिया की सबसे कीमती रत्नों में से एक 'दरिया-ए-नूर' हीरा बंद होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि यह हीरा वहां है भी या नहीं, क्योंकि दशकों से इसे देखा नहीं गया है। दरिया-ए-नूर को 'कोहिनूर की बहन' कहा जाता है। कोहिनूर अभी ब्रिटेन में मौजूद है। दोनों हीरे भारत से ले जाए गए थे। वर्तमान में दरिया-ए-नूर की कीमत लगभग 13 मिलियन डालर (लगभग 114.5 करोड़ रुपये) आंकी गई है।

# सितम्बर का महीना नेतन्याहू के लिए इम्तिहान जैसा

**फलस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र जैसे कई बड़े घटनाक्रम**

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए सितम्बर का महीना आसान नहीं होने वाला। वजह है कई बड़े घटनाक्रम, जो इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं।

इसी महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा होने जा रही है, जहां फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मांग उठेगी। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो यरुशलम पहुंच रहे हैं, यूएई ने लाल रेखा खींच दी है और इजरायली सेना गाजा में बड़े अभियान की तैयारी में जुटी है। यानी, सितम्बर नेतन्याहू के लिए सियासी और रणनीतिक इम्तिहान लेकर आया है। पेरिस, लंदन, ब्रसेल्स, ओटावा और



> ■ इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं

कैनबरा जैसे अहम पश्चिमी शहर फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की तैयारी में हैं। इसके जवाब में इजरायल के भीतर यह बहस तेज हो गई है कि यहूदा और शमरोन (पश्चिमी तट) के बड़े हिस्से को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल कर लिया जाए। इसी बीच, वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने यहूदा और शमरोन (वेस्ट बैंक) के बड़े हिस्से को इजरायल में मिलाने की योजना पेश कर दी है। इस योजना के मुताबिक बड़े फलस्तीनी शहर रामल्ला, नाबलुस, हेब्रोन, जेरिको, जेनिन और तुल्करम फलस्तीनी अथॉरिटी के अधीन रहेंगे, लेकिन बाकी जमीन इजरायल के अधीन जाएगी। संयुक्त अरब अमीरात ने साफ कहा है कि अगर इजरायल एनेक्सेशन करता है तो अब्राहम समझौता खतरे में पड़ जाएगा। याद रहे कि 2020 में यही समझौता इस शर्त पर हुआ थ कि इजरायल अधिग्रहण को रोक देगा।

# यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

**यूक्रेन बॉर्डर पर इंटरनेशनल फोर्स तैनात होगी, जेलेंस्की ने ट्रम्प से भी समर्थन मांगा**

**पेरिस।** 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। मैक्रों ने 'कोएलिशन ऑफ विलिंग्स' समिट के बाद प्रेस मीट में ए जानकारी दी।

इस बैठक में ईयू समेत 35 देशों के नेता के शामिल हुए, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा। मैक्रों ने कहा कि इससे भविष्य में किसी बड़े हमले को रोका जा सकेगा। कुछ देश यूक्रेन के बाहर से भी सहायता देंगे, जैसे कि यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देना और हथियारों की आपूर्ति करना। हालांकि, मैक्रों ने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक शामिल होंगे या कौन-कौन से देश इस गारंटी में हिस्सा लेंगे। मैक्रों ने बताया कि सहायता देने वाले देशों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई देश अभी फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं। वहीं, अमेरिका की भागीदारी को लेकर अगले कुछ दिनों में अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने इस समिट में हिस्सा लिया। बैठक से पहले उन्होंने फ्रांसीसी, ब्रिटिश, जर्मन, इतालवी और यूक्रेनी वरिष्ठ राजनयिकों से मुलाकात की। यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन में शांति अभी दूर की कौड़ी लगती है, लेकिन वे युद्ध खत्म होने के बाद भी किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रहना चाहते हैं। वे मानते हैं कि, इस प्रयास से यूक्रेन को अपने समर्थन का भरोसा दिला सकते हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108